CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

हल्द्वानी, गुरुवार 11 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट

पेज 2



वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, निखत जरीन क्वार्टरफाइनल में

खेल टाइम्स



क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश

सम्पादकीय



नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

पेज 12

# देशव्यापी कर्फ्यू के बाद सेना के हवाले नेपाल

## सुशीला कार्की हो सकती हैं अंतरिम प्रधानमंत्री, प्रचंड की बेटी के घर से शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर हुए उग्र प्रदर्शन सेना के सड़कों पर आने के बाद बुधवार को रुक गए। सेना ने तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शन कारियों को पहले चेतावनी जारी की और बाद में देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया है। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया।

कांतिपुर समाचार पत्र ने बताया कि सेना और सुरक्षा बलों के जवानों के सड़क पर उतर आने के बाद राजधानी काठमांडू सहित अन्य जगहों पर स्थिति नियंत्रण में आती दिखी। इससे पहले सेना ने बुधवार सुबह एक पत्र जारी कर नागरिकों से शांति बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि चूंकि आंदोलन के नाम पर कई अराजक तत्व निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए देशव्यापी कर्फ्यू लगाया जाता है। सेना ने अराजकता फैलाने वाले तत्वों की गिरफ्तारी करनी शुरू कर दी है। नेपाली सेना ने महाराजगंज के भटभटेनी सुपर मार्केट में हुई डकैती में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अवैध हथियारों की बरामदगी का काम तेजी से शुरू किया गया है। सेना ने यह भी पुष्टि की है कि काठमांडू के दिल्ली बाज़ार स्थित केंद्रीय कारागार से भागने की एक कोशिश नाकाम कर -शेष पृष्ठ दो पर



### हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर नेपाल में 13500 कैदी फरार
### पुलिस से झड़प में 5 नाबालिग कैदियों की मौत, अब तक 30 की गई जान

**काठमांडू।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छिड़े हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले, जबकि हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए। इसके अलावा पश्चिमी नेपाल की एक जेल में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई। इसमें पुलिस की गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी। इस प्रदर्शन में अब तक 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 30 मारे जा चुके हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट की 25 हजार फाइलें जलाई

### नेपाल एयरपोर्ट पर फंसे 400 भारतीय

**काठमांडू।** नेपाल प्रदर्शन के बीच काठमांडू के त्रिभुवन एयरपोर्ट पर करीब 400 भारतीय फंस गए हैं। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की वजह से कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे यात्री परेशान हैं। कई लोगों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एक वीडियों संदेश भेजा। फंसे हुए लोगों का कहना है कि इम्मिग्रेशन कंपलीट होने के बाद भी उड़ान कंपनियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही छोड़ दिया है और एयर लाइन स्टाफ भाग गया, यात्रियों की मदद के लिए कोई मौजूद नहीं है।

### नेपाल विद्रोह पर CJI बोले- हमें अपने संविधान पर गर्व

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान नेपाल विद्रोह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, देखिए पड़ोसी देशों में क्या हो रहा है। नेपाल में तो हमने देख रहे हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने जोड़ते हुए कहा कि हां, बांग्लादेश भी। जजों ने ये बयान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील पर दिया।

### चुनाव आयोग तानाशाह: राहुल

**रायबरेली/लखनऊ।** रायबरेली में राहुल गांधी ने प्रजापति समाज के सम्मेलन में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश में 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासियों की है, लेकिन ये भाजपा-आरएसएस के लोग नहीं चाहते कि ये कभी आगे बढ़ें। ये चाहते हैं कि दलित वहीं पर रहे, अंबानी जहां हैं, वहीं पर रहें। पीएम मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। मैंने संसद में इस पर सवाल किया, तो वे डेढ़ घंटे तक भाषण देते रहे, लेकिन जाति जनगणना पर एक भी शब्द नहीं बोले।

### ईडी ने 346 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में कार्रवाई की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में छापेमारी की। यह कार्रवाई हरियाणा की एक पावर सेक्टर कंपनी और उसके प्रमोटर्स से जुड़े 346 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड मामले की जांच के तहत की गई। जांच गुरुग्राम स्थित एचपीसीएल और इसके निदेशकों अमूल गबरानी व अजय कुमार बिश्नोई समेत अन्य के खिलाफ चल रही है।

# ट्रम्प ने भारत के साथ दोबारा व्यापार की जताई इच्छा

## मोदी से बात करने को आतुर



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत फिर से शुरू करेंगे और इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने की इच्छा जताई।

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी आयात शुल्क के बावजूद भी भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सकारात्मक प्रगति का रुख देखने को मिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने-अपने देशों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आने वाले हफ्तों में वार्ता को सफल नतीजे तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले हफ्तों में बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के लिए यह वार्ता सफल निष्कर्ष तक पहुंचेगी।

### अमेरिका संग व्यापार संबंधी वार्ता का जल्द निर्णय निकलेगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी बातचीत का जल्द निर्णय निकलेगा और वह भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही।

# आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत



■ डूंगरपुर केस में जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** पूर्व मंत्री आजम खां को बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। चर्चित डूंगरपुर केस में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां को 10 साल की सजा सुनाई थी।

सपा नेता ने इसके खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की थी। अपील लंबित रहने तक जमानत की गुहार कोर्ट से लगाई थी। 12 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने की। जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां की याचिका पर फैसला सुनाते बुधवार को उनकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

### पाकिस्तान सिम भेजने के मामले में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रभात कुमार चौरसिया को दिल्ली के लक्ष्मी नगर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के लातूर से 16 सिम खरीदकर नेपाल पहुंचाए। यहां से 11 कार्ड पाकिस्तान के लाहौर और बहावलपुर में ट्रेस हुए। इन नंबरों से ऑपरेट हो रहे व्हाट्सऐप अकाउंट भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे थे।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएंगे भारत व यूरोपीय संघ

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र, वैश्विक आतंकवाद निरोधक मंच और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं में एकजुट होकर आवाज उठाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ कड़ी और ठोस कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने आतंकवाद-रोधी सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय संघ और भारत के आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह (सीटी) की 15वीं बैठक ब्रुसेल्स में हुई।

# पंजाब के 2000 गांवों में अभी भी बाढ़

■ जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 16 दिन बाद शुरू

**नई दिल्ली।** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। 2000 से ज्यादा गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया।

सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था। सबसे ज्यादा उदयपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। एनएच की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। हरियाणा में 9 सितम्बर तक सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में औसतन 385.1 एमएम बारिश होती थी, जो अब तक 563.8 एमएम हो चुकी है।

# पड़ोसियों के बीच में झगड़ा आम बात: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: उसे अपराध नहीं मान सकते, कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पड़ोसियों में झगड़ा होना आम बात है। अगर पड़ोसियों के बीच में झगड़ा, बहस और हाथापाई भी हो जाती है, तो उसे आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा 306) के तहत अपराध नहीं मान सकते।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक महिला को पड़ोसी की आत्महत्या के लिए तीन साल की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि धारा 306 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तभी बनता है, जब यह साफ हो कि आरोपी ने जानबूझकर पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में आरोपी और पीड़ित के परिवारों के बीच तीखी बहस हुई थी, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। बेंच ने कहा कि ऐसे झगड़े रोजमर्रा की जिंदगी में होते हैं। तथ्यों के आधार पर हम यह नहीं मान सकते कि आरोपी ने इतना उकसाया कि पीड़ित के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। यह मामला 2008 में कर्नाटक का है। एक महिला और उसकी पड़ोसी (पीड़िता) के बीच छह महीने तक झगड़े और कहासुनी होती रही। पीड़िता (निजी स्कूल में शिक्षिका) ने आरोप लगाया कि पड़ोसी -शेष पृष्ठ दो पर

### उमर खालिद ने जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में पिछले पांच वर्षों से जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर उमर खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के जमानत नहीं देने के आदेश को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर, 2025 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की।

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Last Chance for Registration for Session 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.)
BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio)
B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Last Chance for Registration in Maa Shakumbhari University Courses
BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A.
B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)
Last Date: 12.09.2025
Our Partners
BAJAJ FINSERV
ICWAI
UNNAT BHARAT ABHIYAN
रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में नौ हजार पर्यटक वाहनों का परमिट होगा रद्द

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण ने वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार राज्य भर में बसों, टैक्सियों और कैब समेत नौ हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों के परमिट रद्द करने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अधिकतम परिच. ालन अवधि समाप्त होने के बाद परमिट का न तो नवीनीकरण किया जाएगा और न ही विस्तार किया जाएगा। प्राधिकरण ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को भी मंजूरी दे दी है। एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बनाए गए ये नए नियम नवंबर 2025 से चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे। अधिकारियों के अनुसार, पिछले महीने एक बैठक में ये दोनों निर्णय लिए गए और राज्य पर्यटन प्राधिकरण ने अब इनके कार्यवृत्त जारी कर दिए हैं।

### महाना दोबारा सीपीए के सदस्य नामित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को दोबारा कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया है। महाना की नियुक्ति वर्ष 2025 से 2028 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। इससे पूर्व महाना 2022 से 2025 तक सदस्य रहे हैं। सीपीए विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संसदीय संगठनों में से एक है, जिसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और सदस्य देशों की विधानसभाओं के मध्य संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।

# वोट चोरी के लिए मोदी-शाह जिम्ममेदार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' को सोची-समझी साजिश के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है और यह काम भाजपा सरकार के स्तर पर किया जा रहा है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस के बिहार के प्रभारी कृष्णा अलावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके आरोप निराधार नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मोदी ने चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया है और इसमें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर गृह मंत्री को रखा गया है। दूसरी बात कानून में ऐसा बदलाव किया गया है, ताकि चुनाव आयोग पर किसी तरह से कोई कार्रवाई न हो सके। इसके अलावा मतदाता सूची रोल में खेल किया गया है, जिसकी सच्चाई पूरे देश के सामने रखी गई है। उनका यह भी आरोप



■ सुप्रीम कोर्ट द्वारा आधार को वैध दस्तावेज बताया जाना जनता की जीत

है कि भाजपा चुनाव और मतगणना के दिन भी घपला करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वाराणसी का लोकसभा चुनाव था, जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी कई राउंड तक जीतते हैं, लेकिन जब लाइव अपडेट बंद हो जाता है, तो अंतिम समय में मोदी को जिता दिया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमने पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली। चुनाव आयोग ने पहचान के लिए 11 दस्तावेज मांगे हैं, लेकिन आधार कार्ड को उसमें शामिल नहीं किया गया है। हमने लगातार मांग की थी कि आधार कार्ड को भी पहचान का दस्तावेज माना जाए। अब उच्चतम न्यायालय ने भी ये आदेश दिया है कि आधार को भी प्रामाणिक पहचान माना जाए। ये जनता की जीत है।

### मोदी, ट्रम्प की दावेदारी का सच भी बताएं: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के साथ साझेदारी को स्वाभाविक बताने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि यदि यह सच है, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 35 बार से ज्यादा किए गए एक ही दावे की सच्चाई क्या है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी यदि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते स्वाभाविक बता रहे हैं, तो राष्ट्रपति ट्रम्प को बार बार यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने व्यापार का डर दिखाकर पाकिस्तान के साथ भारत की सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मोदी से सवाल करते हुए कहा कि मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प से कहा है कि भारत और अमे. रिका 'स्वाभाविक साझेदार' हैं।

# पैसे की कमी से नहीं रुकेगा किसी का भी इलाज: सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पैसे के अभाव में किसी गरीब के इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी।

योगी के के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते



हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कमजा. ेरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# मोदी ने कपास किसानों को ट्रम्प के दांव पर लगाया

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है।

केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है। एक तरफ अमेरिका लगातार भारत के सम्मान पर हमला कर रहा है। अमेरिकी सरकार भारतीय व्यापारियों और उद्योगों पर हमला कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं। मोदी सरकार भारतीय बाजारों को अमेरिकी



सामानों से भर देना चाहती है। प्रधानमंत्री को भारतीय किसानों, व्यापारियों और उद्योगों से ज्यादा अमेरिका की चिंता है। उन्होंने एक्स पर कहा कि ट्रम्प को खुश करने के लिए देश भर के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया। दोनों देशों के बीच ये कैसी बात. चीत चल रही है? केवल एक तरफा बातचीत? अपने किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को ताक पर रखकर भारतीय बाजार को पूरी तरह से अमेरिकियों के लिए खोला जा रहा है। अगर पूरे भारतीय बाजार पर अमेरिकियों का कब्जा हो गया, तो हमारे लोग कहां जाएंगे?

### संवेदनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून तैनात की गई: डीजीपी

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेपाल में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के सहयोग से उत्तर प्रदेश पुलिस भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट पर है। सभी सात सीमावर्ती जिलों-पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि हर स्तर पर स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सात जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा



■ चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही

रही है। हम नेपाल से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने और किसी भी असामाजिक तत्व को सीमा पार अशांति का फायदा उठाने से रो. कने के लिए एसएसबी के साथ लगातार संपर्क में हैं। एसएसबी ने चौकियों पर तलाशी और निगरानी बढ़ा दी है, जबकि संवे. दनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून और अतिरिक्त पुलिस कंपनियां तैनात की गई हैं। बहराइच सीमा पार नेपालगंज में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीपी चौक, धंबोजी चौक और त्रिभुवन चौक जैसे प्रमुख चौराहों को जलते हुए टायरों से जाम कर दिया। स्कूल, दुकानें और सरक. ारी कार्यालय बंद कर दिए गए और प्रदर्शनकारियों ने उप-महानगरीय कार्यालय और जिला प्रशासन मुख्यालय की घेराबंदी कर दी, जिससे आगे और तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई। देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमित पाठक ने श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच में निरंतर गश्त और कड़ी निगरानी के आदेश दिए, हैं। कुल 73 चौकियों-श्रावस्ती में 16, बलरामपुर में 21 और बहराइच में 36 को हाई अलर्ट पर रखा गया है। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने तीनों जिलों के जिला. धिकारियों को पुलिस और एसएसबी के साथ निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा

**गोण्डा।** नेपाल में लगातार बिगडते हालात के बीच उत्तर प्रदेश में सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी है वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। दरअसल नेपाल में जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने जेल में जिस प्रकार निरुद्ध कैदियों को छुड़ाकर बाहर किया है। इससे उत्तर-प्रदेश में देवीपाटन मंडल के बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर समेत तीन जिलों की लंबी खुली सीमाएंव जंगली रास्तों के दुर्गम मार्ग काफी चुनौतीपूर्ण बन चुके हैं। नेपाल के बवाल को देखते हुए पर्यटन व रिश्तेदारी में गए अधिकांश भारतीय घर वापसी करने लगे है, जिन्हें उनके पहचान पत्र व पड़ताल के बाद सशस्त्र सीमा बल के जवान भारत में प्रवेश दे रहे हैं। नेपाल की खराब स्थिति को देखते हुए बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी समेत सभी सीमावर्ती जिलों में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है।



**सेंसेक्स** 81425.15
**निफ्टी** 24973.10



**सोना रु.** 109409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 124144
प्रति किलो




# आईटी, बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को लेकर मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और निफ्टी-50 बीच कारोबार में 25 हजार अंक को छूने में कामयाब रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 323.83 अंक (0.40 प्रतिशत) उछलकर 81,425.15 अंक पर पहुंच गया, जो इसका 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 24,973.10 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 21 अगस्त के बाद के उच्चतम स्तर 24,973.10 अंक पर बंद हुआ। चौतरफा लिवाली के बीच आईटी, बैंकिंग, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और तेल एवं गैस समूहों की कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों पर बिकवाली का दबाव रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी ने संकेत दिए हैं कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की बाधाएं जल्द दूर हो सकती हैं और अगस्त में भारतीय उत्पादों पर बढ़ाए गए आयात शुल्क में अमेरिकी कटौती कर सकता है। इससे निवेशकों में उत्साह दिखा। संसेक्स 403.04 अंक की तेजी के साथ 81,504. 36 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,643.88 अंक और निचला स्तर 81,235.42 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक भी 122.40 अंक चढ़कर 24,991 अंक पर खुला। यह ऊपर 25,035.70 अंक और नीचे 24,915.05 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.95 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.73 अंक चढ़ गया। संसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 4.26 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2. 57 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस का 2. 19 फीसदी चढ़ा। टीसीएस का शेयर 1. 99 फीसदी, टेक महिंद्रा का 1.88, इंफोसिस का 1.85 और एक्सिस बैंक का 1.79 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी रही। नुकसान उठाने वालों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.47 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.53, टाटा मोटर्स में 0. 91 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,128 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें 1,835 के शेयरों में तेजी और 1,210 में गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 10 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 66 रुपए गिरकर 1,09,409 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,09,475 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 626 रुपए गिरकर 1,24,144 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,24,770 रुपए थी।देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही।

### चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गयी। खाद्य तेलों और दालों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी में मंदी का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 66 रिंगिट टूटकर 4,413 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत फिसलकर 50.46 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 16 रुपए बढ़कर 3,846.12 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **16.09.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **26.09.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **हल्द्वानी-नैनीताल रोड - प्रथम तल गुरु गोबिंद सिंह टावर नैनीताल रोड हल्द्वानी उत्तराखंड-263139**

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-कटघरिया सोहो जीएल, तालुका - हल्द्वानी**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL34357585, GL34473045, GL34473257.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-मंगल पड़ाव जीएल, तालुका - हल्द्वानी**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL27918661, GL32274673, GL32283956, GL32450952, GL32468969, GL33415180, GL33527473, GL33541273, GL33650572, GL33679369, GL34206592, GL34283980, GL34297672, GL34314699, GL34323526, GL34377311, GL34454029, GL34464743, GL34492269.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-मुखानी जीएल, तालुका - हल्द्वानी**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL18258777, GL18558796, GL25122002, GL31975665, GL32056863, GL33068485, GL33087599, GL33108807, GL33246403, GL33263373, GL33313797, GL33470658, GL33600120, GL34247439, GL34247614, GL34265879, GL34280966, GL34281490, GL34497249, GL34506980, GL39163837.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-नैनीताल रोड, तालुका - हल्द्वानी**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL32815515, GL32834645, GL33505256, GL33897201, GL33955193, GL33973444, GL33996010, GL34012440, GL34026265, GL34119942, GL34155878, GL34180619, GL34396149, GL34512971, GL34525733, GL35052062, GL35137260, GL35193271.

**शाखा का नाम: लालकुआं-रेलवे स्टेशन रोड सोहो जीएल, तालुका - लालकुआं**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL34179872.

**शाखा का नाम: रामनगर नैनीताल-रामनगर जीएल, तालुका - भिकियासैंण**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL32246162, GL32254496, GL32727164, GL32744154, GL33114793, GL34226617, GL34247702, GL34265897, GL34322580, GL34345685, GL34369975, GL34374396, GL34434925, GL34473010.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफ़ॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफ़ॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **11.09.2025**
स्थान: नैनीताल

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशव्यापी ....**

दी गई। सेना के अधिकारियों ने कहा कि उनका सुरक्षा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी भगोड़े कैदियों और लूटे गए हथियारों का पता नहीं चल जाता। सेना ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों की मदद के लिए भी एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इन लोगों को जवानों की मदद से उनके सुरक्षित स्थानों और हवाई अड्डे तक पहुंचाने में मदद की जा रही है। उधर अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार कई घायलों को अब घर वापस भेज दिया गया है। पुलिस कार्रवाई में दस लोग बुरी तरह जख्मी हुए थे। इनमें से दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जबकि आठ अब पहले से बेहतर हैं। नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन का बुधवार को तीसरा दिन था। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण अधिकारी ने बताया कि शव ढोलाहिटी में स्थित गंगा के आवास से मिला। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। बुधवार को सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 24 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। नेपाल में जारी हिंसक आंदोलन के बीच अब नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों की पिटाई से दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता, बिनोद घिमिरे ने बताया कि महाराजगंज पुलिस में कार्यरत पुलिस उप निरीक्षक मिलन राय और उत्तम राय की मौत हो गई है। इस बीच देश की कुछ जेलों से बुधवार को भी कैदियों के भागने की घटनाएं भी सामने आईं। सिधुली जेल में आगजनी और तोड़फोड़ करने के बाद 471 कैदी फरार हो गए हैं। कैदियों के विरोध प्रदर्शन और आगजनी के कारण सुरक्षाकर्मी स्थिति को संभाल नहीं पाए। जेल अब वीरान है। कल करीब डेढ़ हजार कैदी जेल से फरार हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। वें 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रहीं थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप आरोप लगा था। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं।

**पड़ोसियों के...**

महिला लगातार उसे परेशान करती है, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही थी। कथित तौर पर इसी तनाव से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आरोपी पर आईपीसी धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई, हालांकि एससी-एसटी एक्ट से उसे बरी कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द कर दी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भवाली**

पत्रांक: 732/4/ बा0सू0/2025-2026 दिनांक: 09/09/2025

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भवाली के कार्यालय में निम्न निष्प्रोज्य सामाग्री की निलामी हेतु दिनांक 25/09/2025 को सील बन्द बोली आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन समय 1:00 बजे बोली दाताओ के सम्मुख खोली जायेगी उच्चतम बोली स्वीकार की जायेगी।

| क्र0सं0 | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | L.E.D लाईट | 350 पीस |
| 2 | सीडी | 03 एल्मोनियम पीस |
| 3 | मेन स्वीच | 05 पीस |
| 4 | पुराने टायर | 12 पीस |
| 5 | कूड़ेदान बड़े | 09 पीस |
| 6 | कूड़ेदान छोटे | 02 पीस |
| 7 | तलवारे | 10 पीस |
| 8 | रेक | 15 पीस |
| 9 | हाथ गाडी | 06 पीस |
| 10 | डेक्चून की मूर्ति | 2 लगभग 7 कुन्टल |
| 11 | डेक्चून की छतरी | 1 लगभग 5 कुन्टल |
| 12 | डेक्चून की बेंच | 2 लगभग 1 कुन्टल |
| 13 | अन्य | प्लास्टिक, लोहा आदि |

अत: इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 25/09/2025 को पूर्वाहन 2:00 बजे तक सीधे पालिका कार्यालय में जमा कर सकते है उसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन/बोली को पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन/ बोली स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद भवाली।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद भवाली।

# उत्तराखंड की त्रासदी पर पीएम मोदी की सीधी नजर: बड़े पैकेज की आस

## पीएम आज शाम 4.15 बजे अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड इस मॉनसून में प्रकृति के भीषण प्रकोप से जूझ रहा है, जहां पर्वतीय क्षेत्रों में भारी तबाही हुई है। इसी त्रासदी का जायजा लेने और राज्य को आर्थिक संबल प्रदान करने की उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। राज्य सरकार को इस दौरे से केंद्र से बड़े आर्थिक पैकेज की आस है, ताकि व्यापक क्षति की भरपाई की जा सके।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देहरादून पहुंचेंगे। वे शाम करीब 4.15 बजे अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद शाम पांच बजे, जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर ही वे राज्य के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें राहत और पुनर्निर्माण कार्यों की रणनीति पर चर्चा होगी। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने इस दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और आपदा के इस कठिन समय में उनका निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री के आगमन से आपदा राहत कार्यों को और गति मिलेगी।

### 5644 करोड़ के नुकसान का अनुमान

**देहरादून।** इस वर्ष अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण उत्तराखंड को भारी नुकसान हुआ है। राज्य आपदा प्रबंधन कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से अब तक विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में 85 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 94 लोग अब तक लापता हैं। विभिन्न घटनाओं में 128 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के आकलन के मुताबिक, राज्य को अब तक 1944 करोड़ रुपये की लागत की सड़कें, स्कूल, बिजली लाइनें, सब-स्टेशन और सिंचाई नहरें जैसी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां बर्बाद हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, खतरे की जद में आई संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए करीब 3700 करोड़ रुपये की आवश्यकता का अनुमान है। राज्य को उम्मीद है कि पंजाब और हिमाचल के अनुपात में केंद्र सरकार उत्तराखंड को भी राहत, बचाव और पुनर्निर्माण-पुनर्वास के लिए बड़ा आर्थिक पैकेज देगी।

# भारत सरकार की अंतर-मंत्रालयी टीम ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रधानमंत्री के दौरे से पूर्व, भारत सरकार की अंतर-मंत्रालयी टीम ने भी मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात की। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव आर. प्रसन्ना के नेतृत्व में आई इस टीम ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी गढ़वाल, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया था। टीम ने आपदा प्रभावितों से बातचीत के बाद राज्य सरकार द्वारा संचालित राहत कार्यों को सराहनीय बताया। मुख्यमंत्री धामी ने टीम को बताया कि उत्तराखंड आपदा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है और उन्होंने भूस्खलन के नुकसान को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को पूर्वानुमान प्रणाली विकसित करने तथा बादल फटने व भूस्खलन से स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हुई भूमि के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री के इस दौरे से न केवल आपदाग्रस्त क्षेत्रों को तत्काल राहत मिलने की उम्मीद है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत रणनीति भी तैयार हो सकेगी।

### धामी कैबिनेट में 6 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# दून के ट्रैफिक सुधार को एसपीवी गठन को मंजूरी



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की धामी सरकार ने देहरादून शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किए जाने को लेकर देहरादून सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के नाम से एक स्पेशल पर्पस व्हीकल के गठन को मंजूरी देने के साथ ही कुक्कुट आहार सब्सिडी योजना को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 6 प्रस्तावों पर मुहर लगी। सूचना महा. निदेशक बंशीधर तिवारी ने कैबिनेट की जानकारी देते हुए बताया कि देहरादून शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किए जाने को लेकर देहरादून सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के नाम से एक स्पेशल पर्पस व्हीकल के गठन को मंजूरी मिली है। जो देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से संचालित ई-बसों को संचालित किए जाने, प्रधान मंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत ई-बसों के संचालन और वर्तमान नगर बस सेवा का संचालन सुगठित-सुव्यवस्थित करने का कार्य करेगा। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल और उच्च न्यायालय उत्तराखंड के सहयोग से देहरादून जिले में 12 व 13 अप्रैल 2025 को हुए उत्तर क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन पर हुए खर्च और संबंधित संस्था की ओर से खर्च की गई धनराशि के भुगतान के लिए अधिक प्रति नियमावली 2017 में छूट संबंधी प्रस्ताव पर मुहर लगी है। ऊधमसिंहनगर में प्राधिकरण क्षेत्र में नियोजित कालोनियों व व्यावसायिक निर्माण को ग्राम फाजलपुर महरौला, तहसील रूद्रपुर अंतर्गत कुल रकबा 9.918 हे. भूमि को वर्तमान सर्किल रेट पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंहनगर के पक्ष में आवंटन किया जाएगा। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के अधिष्ठान कार्यालय में आशुलिपिक संवर्ग में वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव , का 1 पद सृजन के साथ ही आशुलिपिक का 1 पद समर्पित किया जाएगा। उत्तराखंड सेवा का अधिकार का नवम वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 को विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किए जाने को मंजूरी दी गई है।

### मीट व अंडों की कमी को दूर करने को उठाया कदम

पशुपालन विभाग की समीक्षा में कुक्कुट पालकों की एक बड़ी समस्या कुक्कुट फीड की अधिक कीमत का होना पाया गया है, जिसके चलते उत्तराखंड सरकार ने कुक्कुट पालकों को कुक्कुट फीड पर सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। पशुपालन विभाग की और से 9 पर्वतीय जनपदों अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चम्पावत, पौड़ी, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग के कुक्कुट पालकों के लिए कुक्कुट आहार सब्सिडी योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत प्रारम्भिक वर्ष 2025-26 में ब्रायलर फार्म योजना के तहत 816 व कुक्कुट वैली स्थापना योजना के तहत 781 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिसके तहत कुल आहार सब्सिडी-रूपये 2,83,85,000 का आवंटन किया जाएगा। इस योजना के तहत कुक्कुट पालकों को कुक्कुट आहार पर 10 रुपए प्रति किलो की सब्सिडी दी जाएगी।

# धारचूला में भारत-नेपाल सीमा सील, बढ़ाई चौकसी

## उत्तराखंड में काम कर रहे कई नेपाली मूल के नागरिक चिंतित

- नेपाल को होने वाली तेल, साबुन, दाल, चावल व नमक जैसे आवश्यक सामानों की दैनिक आपूर्ति भी ठप

शाह टाइमस संवाददाता

**देहरादून।** नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ भड़की देशव्यापी हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों के बाद उत्तराखंड से लगी भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को सील कर दिया गया है। बुधवार सुबह से दोनों देशों के बीच वाहनों और पैदल आवाजाही अगले आदेश तक रोक दी गई है। हालांकि, भारत में रह रहे या भारत आए नेपाली नागरिकों को अपने देश लौटने की अनुमति दी जा रही है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) उन्हें सुरक्षित वापसी के लिए सहयोग कर रहा है।

नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, आगजनी और बेकाबू हालात के मद्देनजर नेपाली सेना ने देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए हैं। बुधवार सुबह से शाम 5 बजे तक ये आदेश प्रभावी रहे, जिसके बाद अगले दिन सुबह 6 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। सेना ने चेतावनी दी है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, तोड़फोड़ या हमला आपराधिक गतिविधि माना जाएगा। सेना के बयान में बलात्कार और हिंसक हमलों की आशंका भी जताई गई, जिसके बाद सुरक्षा स्थिति को देखते हुए ये कड़े कदम उठाए गए हैं।

नेपाल में जारी इस अशांति के मद्देनजर भारतीय सुरक्षाबलों ने सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के धारचूला से लेकर बिहार के नेपाल से सटे जिलों तक एसएसबी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। धारचूला में भारत-नेपाल को जोड़ने वाले पुल पर आवाजाही रोकी गई है, केवल आपात स्थिति में ही अनुमति है। अंतरराष्ट्रीय सीमा बंद होने से बनबसा क्षेत्र से नेपाल को होने वाली तेल, साबुन, दाल, चावल और नमक जैसे आवश्यक सामानों की दैनिक आपूर्ति भी ठप हो गई है।

काठमांडू के साथ नेपाल के दार्चुला जिले में भी प्रदर्शन जारी हैं। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने दार्चुला में एमाले के कार्यालय में तोड़फोड़ की, जिसके बाद वहां कर्फ्यू लगा दिया गया। उधर, मधुबनी जिले के जयनगर से महज तीन किलोमीटर दूर नेपाल के सिरहा जिले में उग्र प्रदर्शन हुए। इसके बाद मधुबनी एसपी योगेन्द्र कुमार ने बेतोन्हा बॉर्डर चेक पोस्ट का दौरा कर पूरे इलाके को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच, भारत में रह रहे नेपाली नागरिक अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। देहरादून के विजय कॉलोनी में 12 वर्षों से रह रहे बल बहादुर ने बताया, हमें सबसे ज्यादा अपने परिजनों की चिंता सता रही है, क्योंकि वहां से कोई खबर नहीं आई है। उत्तराखंड में काम कर रहे कई नेपाली मूल के लोग लगातार फोन कर अपने रिश्तेदारों से घर में रहने की अपील कर रहे हैं।



### भारत रत्न पं.गोविंद बल्लभ पंत तो मुख्यमंत्री ने किया नमन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर वक्ता, समाज सुधारक एवं भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहते हुए पं. गोविंद बल्लभ पंत जी की आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके विचार हमें सदैव जनसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# पंत ने राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य किया : जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/पंतनगर।** उत्तराखंड के कृषि मंत्री एवं जनपद उधम सिंह नगर प्रभारी गणेश जोशी ने बुधवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री जोशी ने सबसे पहले पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित पंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने खेड़ा स्थित आशुतोष विद्या मंदिर में आयोजित जयंती कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के अग्रदूत रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत का योगदान अविस्मरणीय है। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय उनकी दूरदृष्टि और समाज सुधार की भावना का परिणाम है। जोशी ने कहा कि पंडित पंत ने कुली-बेगार प्रथा और जमींदारी उन्मूलन के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करते हुए समाज से बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य किया और उनका संघर्षशील जीवन हमेशा देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि आज भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर होकर निर्यातक देश बना है, इसका श्रेय पंडित पंत को जाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जैसे सुनार सोने को निखारता है, वैसे ही शिक्षक बच्चों के भविष्य को निखारने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दर्जप्राप्त मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कार्यक्रम संयोजक राम प्रकाश गुप्ता, तरुण दत्ता, अमित नारंग, रश्मि रस्तोगी, जितेंद्र गौतम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# विभाग व विद्यालयों के बीच सेतु का काम करेंगे बीआरपी: डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक रिसोर्स पर्सन एवं कलस्टर रिसोर्स पर्सन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। आने वाले समय में बीआरपी व सीआरपी जहां विद्यालय और विभाग के बीच सेतु का काम करेंगे, वहीं दूसरी ओर शिक्षा को रोचक बनाने में भी अपना योगदान देंगे। जिससे शिक्षा व्यवस्था में निश्चित रूप से सुधार आयेगा।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को एससीईआरटी सभागार में बीआरपी-सीआरपी अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समग्र शिक्षा के अंतर्गत वर्षों से रिक्त चल रहे सीआरपी-बीआरपी के 955 पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भर्ती की गई है, जिसके लिये विभाग के साथ ही शासन स्तर पर लम्बी कसरत की गई। उन्होंने बताया कि बीआरपी-सीआरपी की भर्ती रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से की गई है। जिसके तहत पहले अभ्यर्थियों का चयन रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया से किया जाना था जिसमें इस बात की संभावना थी कि अधिकतम अंकों के साथ ही कम से कम अंक वाले अभ्यर्थियों का भी चयन हो सकता था। इसी बात को ध्यान में रखते हुये निर्णय लिया गया कि अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाना चाहिये, जिसके लिये सेवा योजना विभाग के शासनादेश में संशोधन का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया गया। कैबिनेट की अनुमति के उपरांत मैरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें नियमानुसार आरक्षण भी लागू किया गया। डॉ. रावत ने बताया कि इस प्रक्रिया में समय अधिक जरूर लगा लेकिन विभाग को मेरिट के आधार पर श्रेष्ठ अभ्यर्थी मिले हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी चयनित अभ्यर्थी शिक्षा की बेहतरी के लिये अपना विशेष योगदान देने के साथ ही अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन एससीईआरटी की निदेशक वंदना गर्ब्याल ने बीआरपी के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को स्कूली शिक्षा के तहत विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी देते हुये उन्हें बेहतरी से अपने कार्यों के सम्पादन के गुर बताये।

कार्यशाला को अपर निदेशक एससीईआरटी पदमेन्द्र सकलानी, उप परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अजीत भण्डारी व बी.पी. मंदोली ने भी सम्बोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान आउटसोर्स एजेंसी अलंकित के स्टेट हेड मोहर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री ने डीबीटी के जरिये छात्रों को भेजी गणवेश की धनराशि

एससीईआरटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने समग्र शिक्षा के तहत प्रदेशभर के 516569 छात्र-छात्राओं को गणवेश की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई। अधिकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये एक क्लिक के साथ ही यह राशि छात्र-छात्राओं के खातों में ट्रॉसफर हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये ठोस कदम उठा रही है। निःशुल्क गणवेश योजना से न केवल अभिभावकों का अर्थिक बोझ कम होगा बल्कि बच्चों को शिक्षा के प्रति भी प्रोत्साहित करेगा।

# उपनल कर्मियों के लंबित मानदेय के लिए 22 करोड़ की स्वीकृति

## सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के 659 उपनल कर्मचारियों के लिए राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में कार्यरत उपनल कर्मचारियों के लंबित मानदेय के लिए शासन की और से 22 करोड रुपए की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई है।

कुमाऊं मंडल के सबसे बड़े अस्पताल सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत 659 उपनल कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। पिछले 6 माह से लंबित वेतन के लिए उत्तराखंड शासन की और से 22 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्द ही इन कर्मचारियों के खाते में लंबित वेतन आ जाएगा।

उपनल महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल ने बताया कि सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत उपनल कर्मचारियों को पिछले 6 माह से वेतन नहीं मिल पा रहा था। जिससे आक्रोशित कर्मचारी प्रत्येक दिन कार्य बहिष्कार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि महासंघ की पैरवी पर शासन स्तर पर पत्राचार किया गया जिसके बाद शासन स्तर से वेतन स्वीकृति के आश्वासन पर 1 सितंबर को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में महासंघ द्वारा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार समाप्त कराया गया। उन्होंने बताया बताया कि कर्मचारियों को लंबित मानदेय को स्वीकृति मिल गई है जो की जल्द ही उनके खाते में आ जाएगा। महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के उपनल कर्मियों की लंबी लड़ाई और उनके धैर्य का सम्मान करते हैं।

# विकास योजनाओं के लिए 100 करोड़ मंजूर

## मिट्ठीबेरी-परवल -विज्ञान धाम तक मार्ग चौड़ीकरण को 12 करोड़ स्वीकृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के तहत मिट्ठीबेरी से परवल होते हुए चांदनी चौक तक और परवल से विज्ञान धाम झाजरा तक मार्ग का चौडीकरण के कार्य के लिये 12.3 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के तहत देहरादून के विधानसभा क्षेत्र कैन्ट के वसंत विहार सोसाइटी के आन्तरिक मार्गों का बीएम एसडीबीसी का सुदृढीकरण का कार्य, विधानसभा कैन्ट के तहत केशवरोड़, नेशनल रोड, शिव कॉलोनी, द्रोणपुरी, प्रेमनगर चुंगी से मोहनपुर पावर हाउस तक मिलन विहार, रजत एन्कलेव तथा पार्क रोड के आन्तरिक क्षतिग्रस्त मार्गों का सुधारीकरण के कार्य को 3.52 करोड़ की योजना स्वीकृत की है। जिला कारागार, हरिद्वार में नवीन बैरकों के निर्माण कार्य को 5.91 करोड़ का अनुमोदन किया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आयुर्वेदिक व यूनानी सेवायें विभागीय टिहरी में संचालित 2 चिकित्सालयों (1-राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मोल्यासेरा, टिहरी गढ़वाल के राजकीय भवन निर्माण को 2.89 करोड़ व 2-राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बंगियाल, टिहरी गढ़वाल के राजकीय भवन के निर्माण को 2.5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने विश्व बैंक पोषित अर्द्धनगरीय क्षेत्रों के लिये उत्तराखण्ड पेयजल कार्यक्रम के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व मद में 7 करोड़ व पूंजीगत मद में 67 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री धामी ने दो शहीद सैनिकों के आश्रितों को सरकारी सेवा प्रदान किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री की और से अनुमोदन प्रदान किए जाने के फलस्वरूप शहीद जगेन्द्र सिंह की धर्मपत्नी किरन को समूह ग के पद पर जिलाधिकारी कार्यालय, टिहरी में और शहीद आदर्श नेगी के भाई अभिषेक नेगी को समूह ग के पद पर अधीक्षण अभियन्ता, आठवां वृत्त, लोक निर्माण विभाग, नई टिहरी के कार्यालय में सेवायोजित किया जाएगा।

# गढ़वाल राइफल्स का इतिहास शौर्य, पराक्रम व अनुशासन का प्रतीक

## सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने लैंसडाउन वार मेमोरियल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/लैंसडाउन।** गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में दो दिवसी भ्रमण के दौरान सुबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वार मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह गढ़वाल राइफल्स के म्यूजियम का अवलोकन किया और वहाँ प्रदर्शित वीर सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान की गाथाओं को नमन किया।

सैनिक कल्याण मंत्री 1976 को आर्मी में भर्ती हुए और 14वीं गढ़वाल राइफल्स की डेल्टा कम्पनी की यादों को ताजा करने के लिए उन्होंने डेल्टा कम्पनी के बैरिक और मैस का दौरा किया। जहां पर सैनिक कल्याण मंत्री ने जवानों के साथ भोजन किया और बैरिक जाकर सैन्य अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड कक्ष का निरीक्षण भी किया, जहां अपना नाम देखकर उनकी पुरानी सैन्य सेवाओं की यादें ताजा की। इसके अलावा उन्होंने हथियारों के प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने भुल्ली सशक्तिकरण केंद्र का भी दौरा किया, जहाँ सैन्य अधिकारियों और सैनिकों के परिवार द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया। इसके साथ ही सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कोटद्वार में सूबेदार मेजर शैलेन्द्र मोहन बिष्ट से भी भेंट की। इस दौरान उन्होंने कोटद्वार स्थित छावनी परिषद का भी अवलोकन किया और परिषद से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, डेल्टा कम्पनी के कम्पनी कमांडर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि) वीपी भट्ट सहित सेना के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लैंसडाउन से 13 नवम्बर 1976 को राइफलमैन के रूप में सेना में हुए थे शामिल

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यही से उन्होंने 13 नवम्बर 1976 को एक राईफलमैन के रूप में भारतीय सेना में ज्वाइन हुए थे। उन्होंने कहा कि गढ़वाल राइफल्स का इतिहास शौर्य, पराक्रम और अनुशासन का प्रतीक है। देवभूमि उत्तराखंड सदैव से देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से ओत-प्रोत रही है। यहाँ के वीर सैनिकों ने अपने अदम्य साहस और बलिदान से देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सैनिकों, शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जोशी ने ने उपस्थित सैन्य अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि शौर्यभूमि लैंसडाउन का हर पत्थर गढ़वाल राइफल्स की गौरवशाली परंपरा की गाथा कहता है।

# पेपर मिल से लाखों ठगे

## कम्पनी के सेक्रेटरी ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर की एक पेपर मिल में साइबर ठग ने लाखों रूपये की ठगी कर ली। कंपनी सेक्रेटरी ने पुलिस को दी तहरीर में साइबर ठग पर कंपनी के 4,81,255.92 रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नैनी पेपर्स लिमिटेड के कंपनी सेक्रेटरी विवेक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी कंपनी का ऑफिस राधेश्याम बिल्डिंग के सामने, स्टेशन रोड, काशीपुर, में है। कंपनी कागज का उत्पादन करती है और विभिन्न विक्रेताओं से उपभोग्य वस्तुओं की खरीद करती है और इन खरीद के बदले उनका भुगतान एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा करती है। विवेक सिंह ने बताया कि बीती 27 नवम्बर 2024 को उन्हें विक्रेता मेसर्स जेके प्लाई फाइबर्स से एक ई-मेल मिला, जिसमें बैंक खाते को बदलने के अनुरोध के साथ चेक की एक प्रति भेजी गई थी, हम यह नहीं पकड़ सके कि यह एक हैक किया गया मेल था और विक्रेता के अनुरोध पर 5 दिसंबर 2024 को कंपनी ने बड़ौदा, राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा बागोर जिला भीलवाड़ा के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 4,81,255.92 रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन इसके बाद कंपनी को पता चला कि उक्त भुगतान एक साइबर ठग के खाते में चला गया है। विवेक ने बताया कि चूंकि 27 नंवबर 2024 को उन्हें अपने विक्रेता मैसर्स जेके पॉली फाइबर्स से एक ईमेल मिला, जिसमें एक चेक की प्रति और उनके बैंक खाते के विवरण को बदलने के निर्देश थे। ई-मेल वैध प्रतीत हुआ और इसमें जाली चेक शामिल था, जिससे उनके लेखा विभाग ने विक्रेता के बैंक विवरण को संशोधित कर 5 दिसंबर 2024 को विक्रेता के अनुरोध पर, बैंक खाते में 4, लाख 81 हजार 255.92 का भुगतान कर दिया जो कि बाद में पता चला कि उक्त भुगतान तीसरे पक्ष के खाते में चला गया। उक्त खाते के बैंक से पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त धनराशि तुरंत कई अन्य खातों में स्थानांतरित कर दी गई थी तथा धनराशि का एक हिस्सा नकद में निकाल लिया गया था, जिससे खाते में बहुत कम या कोई शेष नहीं बचा था। विवेक सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच टांडा चौकी प्रभारी एसआई सुनील सुतेड़ी के सुपुर्द की है।

# यूकेडी कार्यकर्ताओं ने फूंका पुलिस प्रशासन का पुतला



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी से देहरादून में हुई अभद्रता से कार्यकर्ताओं में रोष बना हुआ है। बुधवार को नाराज कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में पुलिस प्रशासन का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। जल्द दोषी पुलिस कार्मिकों पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी के साथ अभद्र व्यवहार को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोप लगाया कि दरोगा ने उत्तराखंड के लिए अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने पुलिस की इस कार्यप्रणाली का विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुतला फूंकने वालों में महानगर अध्यक्ष मोहित शाह, केंद्रीय मंत्री पान सिंह लटवाल, केंद्रीय संगठन मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपा जोशी, जगदीश जोशी, पवन जमवाल, पुष्कर कुमार, अंकित राणा, अर्पित राणा, दीपक धामी, करण बिष्ट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिनियमावली का प्रारूप तैयार

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि की प्रथम बार निर्मित परिनियमावली के प्रारूप को कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत सिंह को सौंप दिया है। विवि की इस परिनियमावली में विवि से संबंधित नियम आदि समाहित हैं। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने परिनियमावली के संबंध में कहा कि यह विवि की प्रथम आधिकारिक दस्तावेज है, जो संस्थान को शक्तियों, कार्यों, शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों के दायरे को परिभाषित करता है। यह विवि को संचालित करने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। कुलपति प्रो बिष्ट ने परिनियमावली के निर्माण के लिए पूर्व कुलपति प्रो. नरेंद्र सिंह भंडारी, पूर्व कुलपति प्रो जगत सिंह बिष्ट, विधि के वरिष्ठ आचार्य प्रो. डी के भट के महत्वपूर्ण सहयोग के लिए अपना आभार जताया। साथ ही पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों के सहयोग के लिए भी आभार जताया।

## एक नजर

### हंगामा करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** गालीगलौज कर हंगामा करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। वहीं पुलिस ने क्षेत्र में भांग की खेती को भी नष्ट किया। लोगों को भांग के नुकसान की जानकारी देने के साथ नशामुक्त अभियान के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई पर उतर आई है। सनगाड़ गांव निवासी विजय सिंह कांडा स्टेशन पर हुड़दंग मचा रहा था। सरेआम उत्पात मचाने, वाहनों को क्षतिग्रस्त करने, मारपीट आदि करने पर धारा 170 में कार्रवाई की गई। वहीं, कमेड़ी देवी चौकी पुलिस ने भंतोला गांव में एक नाली भूमि में भांग की खेती नष्ट की। किसानों को बताया कि भांग प्रतिबंधित है। नशे के दुष्परिणाम भी लोगों को बताए।

### सेवा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष बने मनोहर गुप्ता

**काशीपुर।** आवास विकास स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने स्वास्थ्य और निजी कारणों के चलते महामंत्री अशोक धीमान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। साथ ही पदाधिकारियों ने कुमाऊं वैश्य महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता को सर्वसम्मति से दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान का अध्यक्ष चुना। नवनियुक्त अध्यक्ष गुप्ता ने पदाधिकारियों का आभार व्यकत करते हुए दीनदयाल जी के एकात्मवाद के साथ-साथ सेवा भाव को दृष्टिगत रखते हुए दीन दुखियों की भलाई के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। बैठक में केएस कपूर, सुरेश गोयल, कौशलेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में काशीपुर 18वें पायदान पर

**काशीपुर।** स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में काशीपुर 18वें पायदान पर आया है। नगर निगम प्रशासन इस पर और सुधार करने का प्रयास कर रहा है। उत्तराखंड में तीन सबसे प्रदूषित शहरों में ऋषिकेश, देहरादून और काशीपुर शामिल हैं। इन शहरों में प्रदूषण रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया था। सरकार की ओर से वायु प्रदूषण कम करने के लिये वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, परिवहन विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। नगर निगम ने करोड़ों रुपयों की लागत से कई सड़कों के किनारे टाइल्स लगाने का काम किया। मुख्य नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट ने बताया कि सड़क किनारे फुटपाथ पर टाइल्स लगाए जा रहे हैं। साथ ही वायु प्रदूषण कम करने के लिये क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट बनाया जाएगा।

### दान सिंह रावत के निधन पर दुख जताया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने विक्रम रावत के पिता तथा न्यू चौकोट रेस्टोरेंट के मालिक दान सिंह रावत के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, प्रो. नीलू, डा. दीपक, डा. विजय कुमार, डा. संतोष कुमार, प्रो. अनिल बिष्ट, डा. दीपिका गोस्वामी, डा. उमंग सैनी, डा. पैनी जोशी, डा. रितेश साह ने दुख व्यक्त किया है।

### पलायन रोकथाम की दिशा में बड़ा कदम

**बागेशवर।** उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम) के तहत बागेश्वर में महिला सशक्तिकरण और पलायन रोकथाम की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने ए-फोर शीट बनाने वाली मशीन का शुभारंभ किया। सीडीओ ने कहा कि इस पहल से महिलाओं को सीधा रोजगार मिलेगा और विभागीय कार्यालयों को उच्च गुणवत्ता वाला कागज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी दफ्तरों में प्रयुक्त कागज की खरीद प्राथमिकता से समूहों से ही की जाएगी। परियोजना निदेशक शिल्पी पंत ने बताया कि यूनिट के दीर्घकालिक संचालन के लिए विपणन समिति बनाई जा रही है। खंड विकास अधिकारी आलोक भण्डारी ने इसे पलायन रोकथाम में अहम बताया। इस अवसर पर सखी संगम क्लस्टर का भी उद्घाटन किया गया। महिलाओं ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की मजबूत नींव बनेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि बागेश्वर की जलवायु सेब, फूल और बकरीपालन जैसी गतिविधियों के लिए उपयुक्त है। यदि समूह इन क्षेत्रों में कार्य करना चाहें तो उनके प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अधिकार मित्रों के कार्यों की हुई समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला न्यायालय सभागार में बुधवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीएलएसए सचिव शचि शर्मा मौजूद अधिकार मित्रों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एड. अभिलाषा तिवारी ने स्थाई लोग अदालत की जानकारी दी गई। बैठक के बाद सभी अधिकार मित्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सड़क दुर्घटना में मुआवजा दिलवाने में भूमिका, मोटर एक्सीडेंट की तिथि से छः माह के भीतर मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल में प्रतिकर के लिए आवेदन करना आदि विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं मौजूद एआरटीओ रश्मि भटट् ने सड़क सुरक्षा के नियमों, मोटर वाहन अधिनियम, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर, राहवीर योजना, गुड समेरिटन कानून आदि विषयों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# ब्लॉक में विज्ञान संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में बुधवार को विज्ञान संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज जोशी मझरा के प्रधानाचार्य रावेन्द्र शर्मा ने किया। संगोष्ठी का विषय 'क्वांटम युग का आरंभ, संभावनाएं एवं चुनौतियां रहा। कार्यक्रम में काशीपुर ब्लॉक के 18 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर और चाट्र्स के माध्यम से छह मिनट का व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने भौतिकी, इंजीनियरिंग, औद्योगिक संस्थानों और साइबर सुरक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में क्वांटम तकनीक की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल के प्रमोद कुमार, राजेन्द्र सिंह महर और रामेश्वर सिंह ने प्रतिभागियों से विषय आधारित प्रश्न भी पूछे। प्रतियोगिता में पं. जीबी पंत इंटर कॉलेज के हर्ष कुमार ठाकुर प्रथम, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज काशीपुर की वर्षा द्वितीय और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज महुआखेड़ागंज की सोनम तृतीय स्थान पर रही। चयनित छात्रों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए। ब्लॉक समन्वयक देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। संगोष्ठी में ब्लॉक सह समन्वयक शिवानी शर्मा, बीआरसी समन्वयक अनिल चौहान, प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता, बीआरसी समन्वयक अनिल चौहान, प्रीतम सिंह, देशराज सिंह चौहान, जगदीश चन्द्र, अनीता तिवारी, अंजना राज, शालिनी गुप्ता, गुरजीत कौर, सीमा शर्मा आदि रहे।

## विद्यालय को बीस कुर्सी भेंट कीं

**बागेश्वर।** पुगर घाटी के ग्राम सभा पलायन, दोफाड़ निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र अवकाश प्राप्त अध्यापक दरवान सिंह कालाकोटी ने वीर चन्द्रा पब्लिक स्कूल को अपने पिता स्व. प्रवीण सिंह कालाकोटी की स्मृति में विधालय को बीस कुर्सी भेंट की। बता दें कि पिछले साल कृषि इन्टर कालेज दोफाड़ को भी उन्होंने बीस कुर्सी व मां सरस्वती की भव्य मूर्ति सेनानी की याद में लगाई। उनके इस पुनीत कार्य के लिए ग्राम प्रधान शंकर सिंह, प्रबंधक लक्ष्मण सिंह धपोला, हरीश पुरी गौस्वामी, ममता धपोला, पुगर घाटी विकास मंच के सदस्य राजेश रौतेला, महेश कालाकोटी, ग्राम प्रधान प्रकाश कालाकोटी, विनोद सिंह, दिवान सिंह कालाकोटी, भूपेश रोतेला, नरेंद्र रौतेला आदि ने आभार व्यक्त किया।

# युवाओं का झुकाव कांग्रेस के लिए सकारात्मक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय चंपावत नगर पालिका लोहाघाट, ब्लॉक पाटी, बाराकोट, चंपावत, लोहाघाट तथा टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में व्यापारियों और आम जनता से मुलाकात कर राय जानी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए 12 दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की, जिनमें से 80 प्रतिशत युवा 30 से 40 वर्ष के शामिल हैं। कांग्रेस ऑब्जर्वर संगीता बेनीवाल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर डा. गणेश उपाध्याय व प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस जिला चंपावत के सात दिवसीय दौरा करने के उपरांत संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि युवाओं का कांग्रेस की ओर तेजी से झुकाव पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायती चुनावों में भाजपा सरकार ने जिला प्रशासन के सहयोग से हेराफेरी कर जनादेश का दुरुपयोग किया। पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारे साथ नानकमत्ता के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह राणा व राजेंद्र सिंह पाटु भी साथ रहे, वक्ताओं ने कहा कि चंपावत सहित पूरे उत्तराखंड में कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्राकृतिक आपदाओं और भारी बारिश के बाद सरकार की निष्क्रियता को लेकर भी जनता में गहरा रोष है। चंपावत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 दिन तक बंद रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री खुद पुष्कर सिंह धामी हैं। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि जनता भाजपा की नीतियों से त्रस्त है और 2027 में निश्चित रूप से उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



## कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** ताड़ीखेत के पास सड़क जमीदोज हो जाने से मार्ग में आवाजाही पूर्ण रुप से बाधित है। वहीं अब रानीखेत-रामनगर मार्ग पर वैकल्पिक मार्ग व वैली ब्रिज निर्माण की मांग उठने लगी है। मामले को लेकर बुधवार को कांग्रेस कमेटी रानीखेत ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत को ज्ञापन सौंपा। कहा कि बीतें दिनों भारी वर्षा के कारण ताड़ीखेत ब्लॉक के समीप रानीखेत-रामनगर का मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह से टूट गया है। वर्तमान तक न तो मार्ग की मरम्मत हो पाई है और न ही किसी वैकल्पिक मार्ग का निर्माण किया सका है। ज्ञापन देने वालो में नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, सीमा, जीतन जयाल, माया बिष्ट, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# लैब, ब्लड बैंक में कर्मी नहीं



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल के लैब व ब्लैड बैंक में कर्मचारियों की भरी कमी चल रही है। जैसे तैसे संविदा कर्मचारी व एक स्थाई कर्मचारी के भरोसे कार्य चल रह है। जबकि अस्पताल में आए दिन पांच से छह सौ की ओपीडी है। जिसमें से 25 प्रतिशत मरीजों की जांच लैब से होती है। ऐसे में कुल तीन कर्मचारियों के भरोसे कार्य चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लैब में तैनात टेक्नीशियन का हाल में अन्यत्र तबादला हो गया था। उनके बदले हल्द्वानी से ऐना तिवाड़ी को बागेश्वर भेजा गया था। लेकिन अपने हाई प्रोफाइल कनेक्शन के चलते उन्होंने बागेश्वर में अपने कदम तक नहीं रखे। जबकि वर्तमान में लैब टेक्नीशियन का पूरा भार एक मात्र कर्मचारी पूजा मेहरा के ऊपर आ गया है। जबकि वे जरूरत पड़ने पर ब्लैड लैब में भी कार्य करने के लिए बुलाई जाती है। डा. सावित्री को इन दिनों लैब और ब्लैड लैब की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लैब में आईसीटीसी टेक्नीशियन भी नहीं है। विभाग द्वारा लैब में बेहतरीन उपक्रम भेजे है, लेकिन उनका सदुपयोग तभी होगा जब पूरा स्टाफ उपलब्ध होगा। वर्तमान में तैनात लैब टेक्नीशियन ने बताया कि उनके पास यहां कोई रिलिवर नहीं है। कभी कभी तो वे 24 घंटे तक ड्यूटी देनी पड़ती है। वही हाल डा. सावित्री का भी है, उनका कहना है कि वे लैब, ब्लैड लैब, महीने में लगने वाले शिविर, एमरजेंसी ड्यूटी देती है। उन्होंने कहा कि दोनों लैबों में कम से कम तीन नए चिकित्सकों की तैनाती की बात कही है।

# कांस्य पदक विजेता कनिष्क का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में कांस्य से पदक जीतकर बिंदुखत्ता का नाम रोशन करने वाले युवा कनिष्क जोशी को जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। बिंदुखत्ता काररोड प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में 38वें राष्ट्रीय खेलों में अनिल जोशी के पुत्र कनिष्क जोशी ने मॉडर्न पेंटाथलोन के बाईथल इवेंट में कांस्य पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। आज वरिष्ठ भाजपा नेता नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट के प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह बिष्ट ने उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य कमल जोशी बूथ अध्यक्ष खीमानंद जोशी मौजूद रहे।



# तराई से पहाड़ तक धूमधाम से मनाई पंडित पंत की जयंती

## भारत के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, आज़ाद भारत में यूपी के पहले मुख्यमंत्री को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि













**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 138वीं जयंती के अवसर कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड गणेश जोशी ने पंडित पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरान्त विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, विश्वविद्यालय के अधिकारीगण एवं संकाय सदस्यों द्वारा भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पंडित पंत जी को नमन किया गया। अपने संबोधन में गणेश जोशी ने बताया कि पंडित पंत न केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता भी थे। उन्होंने कहा कि पंडित पंत जी ने शिक्षा, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आधारभूत कार्य कर समाज को नई दिशा दी। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का नाम भारतीय लोकतंत्र और जनसेवा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसके उपरांत भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तराखण्ड के राज्यपाल, ले. जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संदेश को विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं द्वारा सभी के समक्ष पढ़ा गया।

**काशीपुर।** भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती यहां पं. गोविंद बल्लभ पंत स्मारक समिति के तत्वावधान में स्टेशन रोड स्थित पंत पार्क में कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जस्टिस राजेश टंडन, विशिष्ट अतिथि महापौर दीपक बाली, समिति पदाधिकारियों व गणमान्यों ने आयोजित कार्यक्रम में पं. गोविन्द बल्लभ पंत कोश्रद्धासुमन अर्पित किये। महापौर ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत देश के महान नेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपनी त्याग और तपस्या से इस देश को न सिर्फ आजाद कराया बल्कि आजादी के बाद देश के नवनिर्माण में भी भूमिका निभाई। पं. गोविंद बल्लभ पंत समिति एवं लाइन्स क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा रक्तदान शिविर एवं शुगर की निशुल्क जांच का कैंप राजकीय चिकित्सालय के डॉक्टरों के द्वारा लगाया गया। पं. गोविंद बल्लभ पंत स्मारक समिति के संयोजक दिलीप मेहरोत्रा एवं महामंत्री गौतम मेहरोत्रा ने अतिथिगणों का आभार व्यकत किया। कार्यक्रम में एसडीएम अभय अभय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, केएस रावत, शमशुद्दीन, आशीष गुप्ता, ईश्वर चंद्र गुप्ता, विमल गुड़िया, अरुण चौहान, उमेश जोशी एडवोकेट, शफीक अहमद अंसारी, अपूर्व मेहरोत्रा, अलका पाल, अनुराग सोलंकी, राजकुमार सेठी, विकल्प गुड़िया, मनोज अग्रवाल, मनोज जोशी एडवोकेट, स्वतंत्र मेहरोत्रा, अर्पित मेहरोत्रा आदि मौजूद थे। संचालन संचालन साबिर हुसैन व जितेंद्र सरस्वती ने किया।

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज में पं गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्रों ने पंत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पंत जी इस विद्यालय के पहले अवैतनिक मंत्री रहे हैं। ओज कवि शुभम लोहनी ने अपनी ओजमयी कविताओं से कार्यक्रम में समां बांधा। संचालन जीव विज्ञान प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मेजर मुनीशकांत शर्मा, महेश चंद्र आर्या, मनोज कुमार शर्मा, सुनील कुमार उपाध्याय, रणधीर सिंह, दीपक शर्मा, जयदीप सिंह रहे।

**हल्दूचौड़।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक और भारत रत्न से सम्मानित पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की 138वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट द्वारा पंडित पंत जी के चित्र के अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

**शांतिपुरी।** सरस्वती विहार स्थित हीरावती माधवानंद जोशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल शांतिपुरी में बुधवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्ट ग्रीनउड एकेडमी बरेली के कैरियर कउंसलर डा. धीरज परिशारी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी, से.नि. कै. देवेन्द्र सिंह कोरंगा, दिग्विजय सिंह खाती, हरीश पाण्डे, जगदीश काण्डपाल, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**बागेश्वर।** भारत रत्न, महान स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती जिले में हर्षोल्लास साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने जिला मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी तिराहे पर पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में तथा मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन में पंत जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, जिलाधिकारी आशीष भटगाई सहित अन्य ने पंथ की के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, तहसीलदार दिलीप सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सोन, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंह भंडारी, कार्यक्रम संचालक दीप जोशी, संजय शाह जगाती, दिलीप खेतवाल, नरेंद्र खेतवाल, गोपाल राम, इंद्र सिंह परिहार, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा, रमेश प्रकाश पर्वतीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रही।

**अल्मोड़ा।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138 वीं जयंती बुधवार को उनकी जन्मस्थली खूंट में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शाम करीब 04 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि गोविंद बल्लभ पंत जैसे महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी अल्मोड़ा जनपद में पैदा हुए। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत के जन्मस्थान खूंट ने पूरे भारत समेत उत्तराखंड और अल्मोड़ा का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने संयुक्त प्रांत के मुख्यमंत्री के रुप में उन्होंने अनेक कल्याणकारी योजनाओं को कार्यान्वित किया। उन्होंने देश को स्वतन्त्र कराने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया। डीएम ने कहा कि आज हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलकर देश हित में कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जीबी पंत जी हमारे देश की शान थे। यहां पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, मनीष बिष्ट, रवि चौहान समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं, सुबह स्कूली बच्चों ने नंदा देवी से प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने वन्दना और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मौके पर मौजूद डीएम आलोक कुमार पांडेय ने पं गोविंद बल्लभ पंत की जीवनी पर प्रकाश डाला। मेयर अजय वर्मा ने पं पंत की स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका और जातिगत समानता पर विचार रखे। विधायक मनोज तिवारी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना की। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज कमलेश्वर में भारत रत्न पंडित पंत की जयंती मनाई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता और गीतों के माध्यम से पंत जी के विचारों और आदर्शों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह बिष्ट, खजान चन्द्र काण्डपाल, संगीता पंत, रेणुका जोशी, सवित जनौटी, गणेश जोशी, प्रीतिका भटनागर, डा. इन्द्रा बिष्ट, मोहन चन्द्र भट्ट, ललिता रौतेला, शर्मिला, निर्मला लोहुमी, नरेन्द्र सिंह बनकोटी, मनोज कुमार पाठक, विशाखा रानी, चन्द्र शेखर, मनोज जोशी, गोविन्दी, अंजना नेगी रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी

## आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने मेलाघाट में परखी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत-नेपाल सीमा मेलाघाट पर सुरक्षा की दृष्टि से बुधवार को कुमायूँ आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने ऊधमसिंहनगर जनपद से सटी भारत-नेपाल सीमा के मेलाघाट क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र की ज़मीनी हकीकत का जायज़ा लिया और सुरक्षा में लगे एसएसबी व पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने सीमावर्ती गांवों के निवासियों से भी संवाद किया और उनके सुझावों व उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने स्थानीय सहयोग को सीमांत सुरक्षा की रीढ़ बताते हुए कहा सीमांत सुरक्षा का संकल्प जनता की सुरक्षा से समझौता नहीं। आईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमावर्ती थाना व चौकियों



को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। हर संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाए, और सीमा पार आवागमन की नियमित व गहन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा भारत सरकार और उत्तराखण्ड शासन के दिशा-निर्देशों के तहत कुमायूँ के तीन प्रमुख सीमावर्ती जनपद उधमसिंहनगर, चंपावत और पिथौरागढ़ में सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें पुलिस, एसएसबी, वन विभाग, ग्राम प्रहरी और खुफिया इकाइयाँ शामिल हैं। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि सीमा की सुरक्षा केवल एजेंसियों की नहीं, बल्कि सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने जनता से संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि अफ़वाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर ऊधमसिंहनगर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसएसबी कमांडेंट मनोहर, एसपी क्राइम निहारिका तोमर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व गौरव सेनानियों ने महापौर से की भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व गौरव सेनानियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जगत सिंह जंतवाल (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में बुधवार को महापौर गजराज बिष्ट से मुलाकात कर महापौर को धन्यवाद प्रस्ताव और ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व गौरव सेनानियों ने मेयर को सौंपे गए धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापन में लालडांठ से पनचक्की तक की सड़क का नामकरण पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल विपिन चंद्र जोशी के नाम, चौपला चौराहा का नाम भारतीय सेना व कुमाऊँ रेजिमेंट के प्रथम परमवीर चक्र विजेता शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम पर किए जाने के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। महापौर गजराज बिष्ट ने प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण आश्वासन दिया कि पूर्व सैनिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में कैप्टन सोबन सिंह भड़, सूबेदार मेजर गोविंद बरती, पूर्व सैनिक रविन्द्र कन्याल मौजूद रहे।

# अनुशासनहीनता पर भाजपा ने विपिन पांडे को पद से हटाया

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने पत्र जारी कर दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने प्रदेश मंत्री विपिन पांडे को पद से पदमुक्त कर दिया है। साथ ही उनकी सक्रिय सदस्यता को भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। यह निर्णय संगठन में अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपो के चलते लिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संस्तुति पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने यह कार्यवाही की। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत की ओर जारी आदेश में स्पष्ट किया कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से विपिन पांडे के खिलाफ संगठन विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीन आचरण की शिकायतें मिल रही थीं, जिन पर संज्ञान लेते हुए यह कठोर कदम उठाया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक सड़क दुर्घटना के मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर विपिन पांडे लगातार पुलिस-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे।



उन्होंने पत्रकार वार्ता कर दर्ज केस को राजनीतिक षड्यंत्र बताया और इसे निराधार करार दिया था। इसके बाद मंगलवार को उन्होंने अपने परिजनों के साथ एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना भी दिया था। उन्होंने आरोप लगाए थे कि कुछ जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष की ओर जारी आदेश में स्पष्ट किया कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। चाहे वह कोई पदाधिकारी हो या सामान्य कार्यकर्ता, सभी को पार्टी के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। वहीं पार्टी से निष्कासन के बाद विपिन पांडे ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा का धन्यवाद ज्ञापित किया, लेकिन साथ ही संगठन पर गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने लिखा कि उन्हें हिंदूवादी कार्यों से रोका जा रहा था, जिससे वह स्वयं असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह हिंदुत्व की आवाज पहले भी उठाते थे, आज भी उठाते हैं और आगे भी उठाते रहेंगे।

# तनुजा जोशी लायनेस क्लब की अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला लायनेस क्लब हल्द्वानी द्वारा सुन्दरम बैंक्वेट हॉल में नई कार्यकारणी के लिए 2025 के पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया, जिसमे सभी मेम्बरों द्वारा तनुजा जोशी को अध्यक्ष, शालीनी गुप्ता को सेक्रेटरी और अलका वार्ष्णेय कोषाधयक्ष व पूनम सैनी को सोशल मीडिया प्रभारी पद के लिए मनोनीत किया गया। जिसमें महिला क्लब की अध्यक्षा तनुजा जोशी ने कहा कि मैं सच्ची निष्ठा और सत्यता के साथ क्लब को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करुँगी और महिलाओं के सशक्तिकरण के कार्यक्रमों को लेकर संस्था को शहर में सर्वप्रथम स्थान दिलाने का प्रयास करुँगी। उन्होंने आगामी साल में होने वाले वेलफेयर



कार्यक्रम की जानकारी दी व सभी पूर्व पदाधिकारियों को कार्यक्रम भव्य बनाने व अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने के लिए कहा और उन्होंने अपने नए कार्यकारणी के पदाधिकारियों को चुने जाने पर दिल से बधाई दी और आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष रीता अग्रवाल, संगीता टंडन, ऊषा मुकेश, कामिनी पाल, हेमा नेगी, मीरा पाल, राधा अग्रवाल, अनीता गुप्ता, छवि गोयल, हेमा नेगी, मीनाक्षी गुप्ता व नीलम जोशी, नीलम डसीला, श्यामली छिमवाल, सुचित्रा जायसवाल, कुसुम दिगारी, संगीता गुप्ता आदि महिलायें उपस्थित रहीं।

# 25 साल पुरानी दोस्ती में 14 लाख ठग लिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 25 साल पुरानी दोस्ती को चंद लाख रुपये के लिए ठगने वाले एक शातिर दोस्त ने भरोसे का खून कर दिया। हिमाचल निवासी एक

**साइबर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

व्यक्ति ने अपने पुराने मित्र को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 14 लाख रुपये से अधिक की रकम ठग ली। जब पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उसने पुलिस से शिकायत की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हरीपुर पूर्णानंद, तीनपानी बरेली रोड निवासी बसंत सिंह भौरियाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी दोस्ती पिछले 25 वर्षों से सरिता विहार, कैथेड रोड, बसाल, सोलन हिमाचल प्रदेश निवासी रमेश चंद चौहान से थी। जनवरी 2024 में रमेश ने उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश करने का प्रस्ताव भेजा। उसने बताया कि उसका पड़ोसी अजय कुमार स्टॉक मार्केट का जानकार है और उसके साथ निवेश करने पर हर महीने 3 प्रतिशत मुनाफा मिल रहा है। रमेश पर विश्वास करते हुए बसंत सिंह ने फरवरी से जुलाई 2024 के बीच अलग-अलग तारीखों में सात बार में कुल 14,30,056 रुपये रमेश और अजय द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। जनवरी 2025 में बसंत को घर की मरम्मत के लिए पैसे की जरूरत पड़ी, तो उन्होंने अजय कुमार से संपर्क किया, लेकिन वह लगातार टालता रहा। इसके बाद रमेश ने भी बसंत का फोन और व्हाट्सएप नंबर ब्लॉक कर दिया। धोखाधड़ी का अंदेशा होने पर बसंत सिंह ने पहले 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत की, लेकिन घटना को एक साल बीत जाने के कारण शिकायत दर्ज नहीं की जा सकी। बाद में उन्होंने साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। साइबर थाना प्रभारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रेटिंग के नाम पर युवती से 2 लाख ठगे

**हल्द्वानी।** नौकरी की तलाश कर रही बनभूलपुरा क्षेत्र की एक युवती को ऑनलाइन ठगों ने टास्क जॉब के नाम पर जाल में फंसा लिया। महज होटल-रेस्टोरेंट को 5 स्टार रेटिंग देने के बदले मोटी कमाई का झांसा देकर युवती से 2.08 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई। बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर केस साइबर थाना हल्द्वानी को ट्रांसफर कर दिया है। पीड़िता सना नाज़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अगस्त को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक आया। उसमें लिखा था कि होटल और रेस्टोरेंट को 5 स्टार रेटिंग देकर आसानी से पैसे कमाए जा सकते हैं। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, उन्हें टेलीग्राम के एक ग्रुप से जोड़ा गया। शुरुआत में टास्क पूरे करने पर 150 और 200 रुपये दिए गए, जिससे युवती को भरोसा हो गया। इसके बाद टास्क बढ़ते गए और 1 लाख रुपये तक की धनराशि अलग-अलग चरणों में जमा कराई गई। हर बार कहा गया कि टास्क पूरा होते ही जमा की गई राशि लौटा दी जाएगी, लेकिन बाद में यह कहकर टाल दिया गया कि रकम फंस गई है, और उसे निकालने के लिए और पैसे जमा करने होंगे। सना ने अब तक कुल 2,08,800 रुपये गंवा दिए थे और उनके पास अब कुछ भी नहीं बचा। इसके बावजूद ठग लगातार और पैसे मांगने के लिए मैसेज भेजते रहे। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक जख्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद जब एक राहगीर ने कार की फोटो खींचने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीपल पोखरा नंबर-2 फतेहपुर निवासी मोहित पोखरिया ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि मंगलवार रात करीब पौने 11 बजे वह अपने दोस्त हार्दिक के साथ स्कूटी से टीपी नगर से फतेहपुर की ओर जा रहे थे। जब वे सत्यम चाट भंडार क्रियाशाला नहर कवरिंग रोड के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार हरियाणा नंबर की कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में हार्दिक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, मोहित के अनुसार, टक्कर के बाद कार में सवार चार युवक बाहर निकले। उसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य कार के चालक ने घटना की फोटो लेना शुरू किया, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। हादसे में स्कूटी और दोनों युवकों के मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस कार सवारों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# संपत्ति कर हटाने के लिए मेयर से मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ट्रांसपोर्ट नगर की दुकानों पर लगाए जा रहे संपत्ति कर को हटाने की मांग को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने बुधवार को नगर निगम पहुंचकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात की और ज्ञापन प्रेषित किया। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने चेताया कि अगर शीघ्र ही व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल व महामंत्री खीमानंद शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी एकत्र हुए और नगर निगम कार्यालय जा धमके।

इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारियों द्वारा मेयर गजराज सिंह बिष्ट को



**ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों ने उठाई मांग**

सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर की दुकानों पर संपत्ति कर लगाने की तैयारी की जा रही है। जिसका ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी पूरजोर विरोध करता है। मेयर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि पिछले कई वर्षों से ट्रांसपोर्ट कारोबार गिरावट की मार झेल रहा है, और कोविड-19 महामारी ने व्यापार को बुरी तरह प्रभावित किया। इसके साथ ही गौला नदी में खनन कार्य मंदा होने के कारण और बागेश्वर में खड़िया खनन बंद होने व्यापार पहले से ही संकट में जूझ रहा है। इन परिस्थितियों में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर लागू किया जाना व्यापारियों पर सीधा आर्थिक हमला है। उन्होंने कहा व्यापार की हालत बेहद खराब है, रोज़गार घट रहा है, और निगम कर थोपकर व्यापारी वर्ग को खत्म करने की ओर बढ़ रहा है। यह फैसला तत्काल वापस लिया जाए। व्यापारियों ने चेताया कि यदि संपत्ति कर नोटिस को तत्काल प्रभाव से स्थगित नहीं किया गया, तो व्यापारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में इन्दर भुटियानी, मंसूर खान, मो. नफीस, चन्द्रशेखर पांडे, केएम जोशी, मंजीत सिंह सेठी, जसपाल सिंह, राजेश पुरी, शंकर भुटियानी सहित ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी मौजूद रहे।

# अराजक तत्वों के हौसले बुलंद, युवक को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में पुलिस की सख्ती के बावजूद अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। कालाढूंगी रोड में वाइन शॉप के बगल में हुई मारपीट का मामला अभी सुर्खियों में ही इसी बीच अब नैनीताल रोड में दुर्गा सिटी सेंटर स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर कुछ लोगों ने एक स्कूटी सवार पर भी जानलेवा हमला कर दिया। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि महानगर की सड़कें बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। प्रश्न यह है कि आखिर शहर में यह कोन से गुंडा तत्व है जो देर रात सड़कों पर तांडव मचा रहे हैं। वह भी जब एसएसपी ने इन लोगों के खिलाफ सख्त पुलिस को सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलावती कालोनी निवासी पीड़ित भाष्कर बिष्ट पुत्र मोहन सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह अपनी स्कूटी में तेल भरा रहा था, तभी कार में सवार चिराग भंडारी, अंगद धामी, अंकित राठौर और नानू कुमार ने उस पर और उसके साथी पर हमला कर दिया। पेट्रोल पंप में लगे फायर सिलेंडर, लोहे की रॉड व डंडों से वार कर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। भाष्कर ने किसी तरह अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीसीआर ने आरोपियों को पकड़कर कोतवाली पहुंचाया। पीड़ित ने अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद सोमवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गोविन्द बल्लभ पंत का भावपूर्ण स्मरण

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया 138वां जन्मदिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत रत्न पंडित गोविन्दबल्लभ पंत का 138वां जन्म दिवस समारोह श्रद्धापूर्वक मनाया गया। तिकोनिया स्थित पंत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मेयर गजराज सिंह बिष्ट एवं गणमान्यों ने पंत जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। अपने संबोधन में मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि पं. पंत जी महात्मा गांधी के जीवन दर्शन को देश की जनशक्ति में आत्मिक ऊर्जा का स्रोत मानते थे। पं. गोविन्द बल्लभ पंत आज भी प्रशासकों के आदर्श हैं, हमें पं. पंत जी के आदर्शों, को अपनाते हुए राष्ट्र, समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने कहा कि पंत जी पर्यावरण को बचाये रखने के लिए देश व प्रदेश के लिए काफी कार्य किये हैं। आज आवश्यकता है कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन मे अवतरित कर कार्य करें। यही पंडित गोविन्द बल्लभ पंत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के सह संयोजन डीके पंत ने भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा पंत जी के द्वारा देश व प्रदेश में किये गये कार्यों पर भी विस्तृत जानकारियां दी। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की जयन्ती पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों तथा कलाकारों द्वारा देश भक्ति के गीत



प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, राजेश कुमार, दीप पंत, विशाल नेगी, ललित जोशी, हेमंत कबडवाल, बीना चौहान, डा. छवि काण्डपाल बोरा, एनबी गुणवंत, कुन्दन सिंह बिष्ट, सुरेश पंत के साथ ही स्कूली बच्चे एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राज्य आंदोलनकारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**हल्द्वानी।** राज्य आंदोलनकारी समाज संगठन ने भारत रत्न महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 138 वीं जन्म शताब्दी पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। बुधवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट



हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने पंडित गोविन्द बल्लभ पंत को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडित गोविन्द बल्लभ पंत का स्वतंत्रता आंदोलन में दिया गया सहयोग देश हमेशा याद करेगा। उन्होंने कहा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भारत के गृह मंत्री रहते आधुनिक भारत बनाने में उनका बड़ा योगदान रहा था। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी जगमोहन चिलवाल, पंकज सुयाल, विनोद घड़ियाल, योगेश कांडपाल, दीपक रौतेला, रजत पंत मौजूद रहे।

# दिव्यांगों के लिए सीएम की घोषणाएं सराहनीयः दिलीप वार्ष्णेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 'सक्षम' नैनीताल के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आयोजित दिव्यांग संवाद कार्यक्रम में दिव्यांग जनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर जो समाधान प्रस्तुत किए गए, वे अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक हैं। उन्होंने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को सीएम आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिनका सीधा लाभ प्रदेश के दिव्यांग जनों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में लगभग एक लाख दिव्यांगों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से पेंशन दी जा रही है। साथ ही शादी अनुदान एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया है, जिससे प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और सरल होगी। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाने वाली पेंशन की पांचवीं किस्त का ऑनलाइन भुगतान भी किया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि योजनाएं तभी सफल होती हैं जब वे पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचें। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि दिव्यांगजनों से विवाह करने पर दी जाने वाली अनुदान राशि को 25,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये किया जाएगा। वहीं कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना में आयु सीमा की बाध्यता समाप्त की जाएगी।

# बागजाला में बेमियादी धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में भूमि के मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 24 वें दिन बुधवार को भी जारी रहा।



प्रदर्शनकारियों ने चेताया अगर शीघ्र ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे। धरनास्थल पर हुई सभा में विमला देवी ने कहा कि चिपको आंदोलन, नशा नहीं रोजगार दो, उत्तराखण्ड आंदोलन सभी में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही और आंदोलन जीते गए, बागजाला आंदोलन में भी महिला शक्ति की बड़ी भागीदारी के बल पर अवश्य जीत हासिल होगी। उन्होंने कहा जब से बागजाला बसा है तब से यहां सभी धर्मों जातियों के लोग मिल जुलकर रहते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से इस एकता को तोड़ने की काफी कोशिशें हुए लेकिन किसान महासभा के साथ संगठित होकर गांव की एकता मजबूत हुई है और विभाजन करने वाली ताकतों के मंसूबे ध्वस्त हुए हैं। इस एकता को बनाए रखना जरूरी है। धरनें में आनन्द सिंह नेगी, वेद प्रकाश, डा. कैलाश पाण्डेय, हेमा देवी, किरन प्रजापति, एमएस मलिक, मो. परवेज, मीना भट्ट, धनी राम आर्य, प्रेम सिंह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, सुनीता प्रजापति, ऋषि मटियाली, भोला सिंह, मुन्नी देवी, दीपिका, कमल देवी, फरहा, हेमा आर्य, विमला पांडे, नीमा भट्ट, जेबा, सरला सिंह, रानी, सुमन लता शर्मा, हंसी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# हिमालय को बचाने की ली शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं नमामि गंगे इकाई के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को हिमालय बचाओ अभियान विषयक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ,

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं और एनएसएस स्वयंसेवियों ने हिमालय की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जल स्रोतों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा कि हिमालय हमारे देश की प्राकृतिक धरोहर है। यहाँ से निकलने वाली नदियाँ न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश की जीवन रेखा हैं। यदि हमने आज इसके संरक्षण की जिम्मेदारी नहीं निभाई तो भविष्य की पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। छात्राओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने व्यवहार और समाज में



अपने योगदान से पर्यावरण बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। एनएसएस प्रभारी एवं नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी डा. रितुराज पंत ने कहा कि हिमालय बचाना केवल एक अभियान नहीं बल्कि यह हमारे जीवन से जुड़ा हुआ संकल्प है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता पंत ने कहा कि हिमालय और गंगा केवल प्राकृतिक संपदा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक आधार भी हैं। पर्यावरण संरक्षण तभी संभव है जब हम छोटे-छोटे प्रयासों से शुरुआत करें। जैसे प्लास्टिक का उपयोग कम करना, जल संरक्षण पर ध्यान देना और वृक्षारोपण करना। यदि प्रत्येक छात्र इन संकल्पों को गंभीरता से अपनाए तो समाज में बड़ा बदलाव संभव है। इस अवसर पर छात्राओं ने शपथ ली कि वे हिमालय और गंगा की सुरक्षा के लिए समाज में जन-जागरूकता फैलाएँगी और अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगी।

## यूओयू में विचार-मंथन

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) और देवभूमि विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में विवि परिसर में हिमालय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हिमालय क्षेत्र के संरक्षण और स्थायी विकास पर चर्चा हुई। संगोष्ठी का उद्घाटन प्रो. पीडी पंत ने किया, जिसमें एरीज के डा. नरेंद्र सिंह और वाडिया संस्थान के डा. गौतम रावत मुख्य वक्ता रहे। वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित पर्यटन, वनों की कटाई और बुनियादी ढांचे के विकास से हिमालयी पारिस्थितिकी पर पड़ रहे प्रभावों पर चिंता जताई। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए हिमालय को नदियों, जैव विविधता और सांस्कृतिक धरोहर का स्रोत बताया।

# देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने देसी शराब के साथ शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, एसआई सिमरन, कांस्टेबल विजय भारद्वाज और सतवीर सिंह ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को गौला किनारे ब्लाक के पास से गिरफ्तार किया। व्यक्ति के पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे से पुलिस ने शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनिल आर्या पुत्र जशोदी राम निवासी राजपुरा वार्ड 12 बताया। पुलिस ने उसके पास से देसी शराब के 62 निब बरामद किए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पति ने पत्नी पर तेजाब फेंका गंभीर रूप से झुलसी महिला

**■ मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी शाजिया उर्फ तसलीम पर तेजाब फेंक कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी पति शावेज खान को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, शाजिया उर्फ तसलीम की शादी करीब 18 वर्ष पूर्व शावेज खान पुत्र फरमूद खान निवासी खेड़ा, थाना रुद्रपुर से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही शावेज खान अपनी पत्नी शाजिया के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता था। लगभग 5-6 वर्ष पूर्व उसका दूसरी महिला से अवैध सम्बन्ध हो गया था, जिसके चलते दम्पत्ति के बीच विवाद बढ़ता चला गया। परिजनों का कहना है कि पिछले दो माह से शावेज पत्नी को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। परिवार के अनुसार 9 सितम्बर 2025 को शावेज ने पहले पत्नी शाजिया को तेजाब पिलाने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने तेजाब उस पर डाल दिया और उसे जलाने के लिए माचिस लेने गया। किसी तरह पीड़िता घर से बाहर निकल कर बची। इस घटना में वह बुरी तरह झुलस गई है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी पति शावेज खान को हिरासत में ले लिया है।

# पंत ने दिया प्रशासनिक सुधारों व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान: जोशी

**■ जयंती के अवसर पर कलक्ट्रेट परिसर में अर्पित किए श्रद्धासुमन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी की 138वीं जयंती के अवसर पर कलक्ट्रेट परिसर में मंत्री कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी के चित्र का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर पंडित पंत जी को नमन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पंडित गोविन्द बल्लभ पंत स्वतंत्र भारत के महान राजनेता, दूरदर्शी प्रशासक एवं कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने उत्तराखंड के पहाड़ी अंचलों से लेकर देश की राजनीति तक अपनी अद्वितीय छाप छोड़ी। वे न केवल उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री रहे, बल्कि देश के गृहमंत्री के रूप में भी उन्होंने प्रशासनिक सुधारों और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि पंडित पंत जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा का जज्बा भावी पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि पंडित पंत जी के आदर्शों को आत्मसात कर जनता की सेवा को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने भी पंडित पंत जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव अमर रहेगा।

कार्यक्रम में मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# टेलीग्राम पर झांसा देकर 1.23 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** टेलीग्राम के माध्यम से झांसा देकर ठगों ने एक व्यक्ति के खातों से 1.23 लाख से अधिक की रकम उड़ा ली। शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमेन गोराई पुत्र खागेन गोराई निवासी लोक विहार कालोनी, रुद्रपुर ने बताया कि बीती 28 अगस्त 2025 को उनके बैंक खातों से विभिन्न राशि के रूप में कुल 1,23,950 रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फॉड टेलीग्राम के माध्यम से निकाल लिए गए। पीड़ित ने बताया कि धोखेबाज व्यक्ति ने उन्हें कम निवेश करके अधिक लाभ दिलाने का लालच देकर फंड ट्रांसफर करवा लिया। इसमें विभिन्न लेन.देन जैसे 5,900, 1,000, 50,000 और 17,050 तथा 50,000 रुपये निकाल लिए गए। सोमेन ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने किसी भी बैंक खाते की गोपनीय जानकारी जैसे पासवर्ड, ओटीपी या बैंक डिटेल किसी को नहीं दी थी, जिससे यह घटना स्पष्ट रूप से साइबर ठगी का मामला है। पीड़ित ने तत्काल संबंधित बैंकों में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारी इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि धोखाधड़ी में शामिल व्यक्ति फॉड टेलीग्राम जैसे ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर रहे थे, जिसके जरिए लोगों को निवेश में अधिक लाभ का झांसा दिया जाता है।

# चार खातों से साइबर ठगों ने 1.92 लाख रुपये किए पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक व्यक्ति के बैंक खातों से करीब दो लाख रुपये की अनधिकृत निकासी होने की सूचना पर पुलिस ने साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नरेन्द्र चन्द्र पुत्र पूरन चन्द्र, निवासी मकान संख्या एच.1, देव होम्स, बिगवाड़ा ने बताया कि 27 जुलाई 2025 की शाम लगभग 7:30 बजे उनके विभिन्न चार बैंक खातों से कुल 1,92,800 रुपये की राशि बिना उनकी जानकारी और अनुमति के निकाल ली गई। पीड़ित के अनुसार, येस बैंक से 1,00,000 रुपये, पंजाब नेशनल बैंक, फरीदाबाद से 60,000 रुपये, केनरा बैंक फरीदाबाद से 12,000 रुपये और केनरा बैंक रुद्रपुर शाखा से 20,800 रुपये निकाल लिये गये। नरेन्द्र ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने किसी भी बैंक खाते की पासवर्ड, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं की थी। पीड़ित ने मामले में संबंधित बैंकों में शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी प्रतियां पुलिस को भी प्रस्तुत की गई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस साइबर ठगी के इस मामले की पड़ताल में जुटी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सभी संबंधित बैंकों और डिजिटल लेनदेन के रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है ताकि अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। मामले में पुलिस ने कहा है कि दोषियों को पकड़ने और साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को किया 138 वीं जयंती पर याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** देश के भूतपूर्व गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती पर अनाज मंडी स्थित पंत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सादर नमन करते हुए उनका स्मरण किया गया। इस मौके पर दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह 'राजू', बाजपुर एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा, बाजपुर तहसीलदार अक्षत कुमार भट्ट, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव, एडवोकेट अमित कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, बिट्टू चौहान, रमेश गर्ग, राजू वाल्मीकि, बहादुर सिंह भण्डारी, मण्डी समिति सचिव कैलाश शर्मा, भूपेन्द्र कौर बेदी, एडवोकेट राजेश पाण्डेय, एडवोकेट विकास कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह बसेड़ा, डॉ. नरेन्द्र खत्री, बब्बूराम सागर, महीपाल सिंह यादव, आदि उपस्थित रहे।



# पं.गोविंद बल्लभ पंत का मनाया गया 138 वां जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राणा प्रताप इंटर कॉलेज में भारत रत्न पंडित गोविंद पंत का 138 वां जन्मदिवस धूम धाम से मनाया गया। संचालन हरीश शर्मा एवं नीरज वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में राणा प्रताप हिंद पब्लिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, नौजगे पब्लिक, शिशु मंदिर स्कूल आदि स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, दान सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, एडवोकेट हरीश चंद जोशी, पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, नीरज वर्मा, दलजीत खिंडा, गोपाल बोरा, सतीश भट्ट, सुनील रैदानी, दलजीत खिंडा आदि उपस्थित रहे।



# पंत की 138वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के प्रथम गृहमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री रहे भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी की 138वीं जयंती रुद्पुर जेल कैंप स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला।



समारोह की शुरुआत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर पंत जी के आदर्शों और विचारों को जीवंत कर दिया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों और लोकनृत्यों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय प्रांगण में तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंत जी ने अपने संपूर्ण जीवन को राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने जेल यातनाएं सहीं और आजादी के बाद भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाई। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने देश की अखंडता को बनाए रखने में जो दूरदर्शिता दिखाई, वह आज भी अनुकरणीय है। जयंती समारोह में अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष भाजपा गोविन्द तालुकदार ने कहा कि पंत जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय ने कहा कि पंत जी ने शिक्षा, सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में जो योगदान दिया है, वह सदैव याद किया जाएगा। समारोह में पंत समिति शक्तिफार्म संयोजक मयंक अग्रवाल, प्रधान प्रतिनिधि सुकुमार वैद्य, मनोज सरकार, संजय बाछाड़, राघव सिंह, सुकुमार बाछाड़, विष्णु वैद्य, हीरा सरकार, नेपाल सरकार, देवेन्द्र दास, गोविन्द पोखरिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पंत जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों और युवाओं में राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाने का काम करते हैं।

# शेयर बाजार निवेश के नाम पर युवक से 1.07 करोड़ की ठगी

**■ मामला दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस ने शुरू की जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कुमाऊं रेंज के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन रुद्रपुर में एक बड़े साइबर फॉड का मामला दर्ज हुआ है। रुद्रपुर निवासी मनोज कुमार गुप्ता पुत्र सुभाष चंद्र गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि शेयर बाजार में निवेश के नाम पर उनके साथ 1,07,25,100 की ठगी की गई है।

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने पहले पांच सितम्बर को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी, जिसकी पावती संख्या 23509250009110 है। इसके बाद उन्होंने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस में आवेदन दिया। मनोज गुप्ता के अनुसार, उन्हें ऑनलाइन विज्ञापन के माध्यम से कुछ लोगों से संपर्क हुआ, जिन्होंने खुद को फिनवेसिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया। इन लोगों ने उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप 107 ग्रोथ सर्कल में जोड़ा और शेयर बाजार निवेश की सलाह देने लगे। 7 जुलाई 2025 को उन्हें एक मोबाइल एप 'शूनएक्सएचएनआई' डाउनलोड कर ट्रेडिंग करने के लिए कहा गया। इस ऐप के माध्यम से 'वीआईपी प्रोग्राम' में शामिल होने का झांसा देकर न्यूनतम 50% लाभ और 10% कमीशन का वादा किया गया। पीड़ित ने 7 जुलाई से 27 अगस्त 2025 के बीच कथित कंपनी के बताए गए खातों में एक करोड़ सात लाख से अधिक की रकम जमा कर दी। हालांकि, उन्हें केवल एक बार ७5,000 निकालने को मिले, इसके बाद उनका पैसा अलग.अलग योजनाओं में फंसा दिया गया और निकासी असंभव बना दी गई। 3 सितम्बर को पीड़ित को व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड, ऐप स्क्रीनशॉट और व्हाट्सएप चैट को साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराया है। मामला दर्ज कर साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ठगी की यह साजिश सुनियोजित तरीके से संचालित की गई थी और इसमें कई मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल हुआ। पुलिस ने संबंधित खातों और एप्लीकेशन कीजांच शुरू कर दी है।

# यशपाल आर्य ने साधा धामी सरकार पर निशाना

**■ कहा- उत्तराखंड में जमकर हो रही निजी फिटनेस सेंट्रो पर वसूली**
**■ आमजन के लिए परिवहन अधिक महंगा होगा, तो भ्रष्टाचार को मिलेगा बढ़ावा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड के कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने धामी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा उत्तराखंड में परिवहन विभाग के निजी फिटनेस सेंट्रो पर जमकर वसूली की जा रही है। और यहां लोगों से निर्धारित फीस से तीन गुना तक उगाई की जा रही है। इतना ही नहीं यह कार्य एक निजी कंपनी को सौंप दिया गया है। जो कि अपनी मनमानी से शुल्क वसूल रही है। वाहन चालकों का कहना है कि कोई निर्धारित मानक या प्रक्रिया नहीं है और संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और छोटे वाहन चालकों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा अचानक और अत्यधिक बढ़ोतरी से व्यावसायिक और निजी वाहन स्वामियों के बीच व्यापक चिंता और आक्रोश व्याप्त है।

वाहन मलिक चाहते हैं कि फिटनेस की प्रक्रिया फिर से सरकार के अधीन हो और उनेक स्थानीय सुविधा को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कई जगहों पर पहले स्थानीय आरटीओ कार्यालय में ही फिटनेस की प्रक्रिया आसानी से हो जाती थी। लेकिन अब यह काम निजी हाथों में जाने से वाहन मालिकों को अन्य शहरों तक जाना पड़ रहा है। फिटनेस के लिए दूसरे शहर जाने का मतलब है डीजल पेट्रोल का अतिरिक्त खर्च और पूरे दिन का समय बर्बाद होना। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा व्यवसायिक परिवहन स्वामियों और निजी वाहन स्वामियों के लिए गंभीर आर्थिक बोझ पढ़ने से आमजन के लिए परिवहन अधिक महंगा हो जाएगा और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

पहले से ही टोल, टायर, ईंधन, आदि की बढ़ती कीमतों से परिचालक लागत बढ़ने से ट्रेड अस्थिर हो चुका है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा सरकार को प्रस्तावित निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे वापस लेना चाहिए और अन्यथा स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है। जिससे अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

# तहसील भवन का एडीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बुधवार को तहसील भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुराने और जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर नया और आधुनिक तहसील भवन बनाया जाएगा। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। नक्शा भी तैयार कर लिया गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय द्वारा तहसील के भवनों का आकस्मिक निरीक्षण किया। तहसील के जर्जर भवनों को पुनरुद्धार की प्रक्रिया प्रारंभिक की जा चुकी है। एडीएम ने बताया कि तहसील परिसर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक योजना बनाई गई है। सड़क चौड़ीकरण के तहत अस्पताल मोड़ से लेकर कोतवाली गेट तक सड़क को चौड़ा किया जाएगा ताकि लोगों को यातायात संबंधी परेशानी न हो। इसके साथ ही तहसील आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्थित जगह भी बनाई जाएगी। पार्किंग की कमी के कारण अक्सर लोगों को सड़क किनारे वाहन खड़ा करने पड़ते हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।एडीएम ने कहा कि नए भवन का निर्माण होने से आमजन को सुविधाजनक माहौल मिलेगा। साथ ही सरकारी कामकाज में भी गति आएगी। तहसील भवन के जर्जर हिस्सों को ध्वस्त कर आधुनिक शैली में नया भवन तैयार किया जाएगा, जिससे कार्यालयी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।निरीक्षण के दौरान और उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ,तहसीलदार गिरीशचंद्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र के लिए यह एक महत्वपूर्ण योजना है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रशासन का प्रयास है कि प्रस्ताव को शीघ्र मंजूरी मिल सके और निर्माण कार्य समय पर शुरू हो जाए।

# टीबी मुक्त भारत बनाने के अभियान को लेकर ग्राम प्रधानों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर ने नवनिर्वाचित गाम प्रधानों के साथ देश व राज्य को टीबी मुक्त बनाने की शपथ ली। प्रधानमंत्री द्वारा टीवी मुक्त भारत बनाने के लिए पूरे भारत में एक अभियान की शुरुआत की गई जिसमें सरकार द्वारा घर-घर से बनाने के उद्देश्य से आज जनपद उधम सिंह नगर के जसपुर के खंड विकास सभागार में छोटी सरकार कहे जाने वाले ग्राम सभा में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों के साथ टीवी मुक्त पंचायत बनाने के लिए खण्ड विकास सभागार में ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समस्त ग्राम प्रधान मौजूद रहे। जिन्हें जसपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉक्टर धीरेंद्र मोहन गहलोत द्वारा टीवी मुक्त भारत, एनटीईपी, सेंट्रल टीबी डिवीजन आदि कार्यक्रम में समस्त ग्राम प्रधानों खंड विकास क्षेत्र कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी ने शपथ ली। कार्यक्रम में एसटीएस दिनेश बघेल ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी।

# रुद्रपुर में नगर निगम खोलेगा महिला हाट बाजार : महापौर

**■ राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शनी लगाकर लौटे महिला समूह को महापौर ने किया सम्मानित**
**■ 11 हजार नगद पुरस्कार देने की घोषणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रपति भवन में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर लौटी फुलवारी महिला समूह की टीम को नगर निगम सभागार में महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने सम्मानित किया। महापौर ने फुलवारी समूह की टीम को इस उपलब्धि के लिए 11 हजार का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। स्वागत कार्यक्रम में महापौर ने जल्द ही शहर महिला हाट बाजार खोले जाने का भी ऐलान किया।

बता दें राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में दो से सात सितम्बर तक आयोजित हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी में उत्तराखण्ड से रुद्रपुर समेत तीन निकायों से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें नगर निगम से जुड़े फुलवारी महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से हैंडीक्राफ्ट्स, हैंडलूम, डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स, शहद सहित कई उत्पादों को अमृत उद्यान में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी मे मूंज घास की टोकरियां, डेकोरेटिव सामग्री और शहद को काफी पंसद किया गया।

इस प्रदर्शनी में देश भर के कई राज्यों के स्टाल लगाये गये थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर फुलवारी समूह के स्टॉल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। इस स्टाल में पहुंची फुलवारी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रंजना सक्सेना एवं चांदनी जोशी ने उत्तराखण्ड के पारंपरिक परिधान पहनकर उत्तराखण्ड की संस्कृति को भी उजागर किया। जिसके लिए समूह की महिलाओं का चयन सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी किया गया। जिसकी सराहना की गयी। सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक के नेतृत्व में पहुंची फुलवारी समूह की महिलाओं को अमृत उद्यान का भ्रमण कराया गया। छह दिवसीय स्टाल के दौरान रूद्रपुर के महिला समूह ने 60 हजार रुपये के उत्पाद विक्रय किये। इस दौरान शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार की ज्वाइंट सेक्रेटरी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर बुधवार को नगर निगम सभागार में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर ने राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शनी लगाकर लौटी टीम को सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। महापौर ने कहा कि पहली बार दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में सफल प्रदर्शनी लगाकर समूह की महिलाओं ने नगर निगम को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि लगातार हम महिला सशक्तिकरण के लिए काम काम कर रहे हैं हमारा प्रयास है कि महिला समूह आर्थिक रूप से सशक्त हों और अधिक से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनें। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से महिलाओं के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर पहले ही संचालित किया जा रहा है एक ओर बहुआयामी ट्रेनिंग सेंटर जल्द खोले जाने की तैयारी है। जिसमें व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ साथ आईएएस पीसीएस जैसी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जायेगी। जल्द ही शहर में महिला समूहों के लिए हाईटैक ब्यूटी पार्लर और सैलून खोलने की भी योजना है। महापौर ने कहा कि जल्द ही शहर में नगर निगम की ओर से एक महिला हाट बाजार खोला जायेगा जिसमें महिला समूहों द्वारा बनाये गये उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए जल्द ही चिन्हित की जायेगी। महापौर ने कहा कि जहां भी महिला समूहों को जरूरत पड़ेगी उनकी हरसंभव मदद की जायेगी। कार्यक्रम में नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी में महिला समूह फुलवारी की भागीदारी सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि महिला समूह अब विदेशों में होने वाली प्रदर्शनी में शामिल होने की तैयारी करें। महिला समूहों ने दिल्ली प्रदर्शनी में सहभागिता मिलने पर महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल को सम्मानित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, पार्षद चिराग कालड़ा, पवन राणा, विष्णु, फुलवारी समूह की अध्यक्ष रंजना सक्सेना, सचिव ज्योति सिन्हा, कोषाध्यक्ष चांदनी जोशी, रेनू शर्मा, स्नेह लता, ममता नेगी, शिप्रा अधिकारी, ममता आर्या, बलवंत सिंह आदि थे।



# आपदा से प्रभावित पीड़ितों की मदद करेगा संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मुस्लिम समाज के लोगों ने विभिन्न संगठनों के लोगों के साथ मोहल्ला खताड़ी स्थित एक मदरसे में प्रेसवार्ता की, जिसमें विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा यह तय किया गया कि कि पंजाब, धराली और चुकुम गांव में आपदा से प्रभावित हुए नुकसान को लेकर पीड़ित लोगों की मदद की जाएंगी। उनके लिए खाद्य सामग्री भेजी जाएगी।

उन्होंने बताया कि दस दिन के अंदर सभी समान एकत्रित किया जाएगा।200 खाद्य सामग्री किट एकत्रित की जाएगी।उन्होंने बताया कि एक टीम का गठन किया गया है। टीम में ताज मस्जिद सदर यूसुफ कसार,राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी,कांग्रेस नेता भुवन पांडे,समाजसेवी आफताब आलम,ताज मस्जिद इमाम मोहम्मद आरिफ आदि लोगों को रखा गया है।रामनगर का कोई भी व्यक्ति उनको समान या रुपए दे सकता हैं। वह समान दस दिन के अंदर एकत्रित करके वाहन के माध्यम से पंजाब,धराली और चुकुम गांव में पीड़ितों के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने गूगल नंबर भी जारी किया है। लखनपुर रोड स्थित ताज मस्जिद के सामने मदद में समान एकत्रित करने की जगह बनाई गई है। विभिन्न संगठनों के लोगों ने इस नेक कार्य के लिए रामनगर के लोगों को आगे आने और मदद करने की अपील की है। इस दौरान ताज मस्जिद सदर यूसुफ कसार, ताज मस्जिद इमाम मोहम्मद आरिफ, समाजसेवी आफताब आलम, प्रभात ध्यानी, भुवन पांडे, मोहम्मद इकबाल सिद्दिकी, मोहम्मद आसिफ, मेहताब आलम, मोहम्मद नादिर, गौहर अली मास्टर, इदरीस अंसारी, दानिश सैफी, जितेंद्र बिष्ट, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद फुरकान आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विवेक अधिकारी को गलत संगत एवं मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में विवेक अधिकारी के किसी भी कृत्यों अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**विनय अधिकारी पुत्र श्री स्व. बाबू अधिकारी, निवासी-वार्ड नं.-2, हाल वार्ड- नं.-8, शिव नगर ट्रांजिट कैंप, थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर ऊधमसिंहनगर**

# झोलाछाप चिकित्सक को पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** गलत इंजेक्शन लगाकर एक व्यक्ति को मौत की नींद सुला कर फरार हुए झोलाछाप चिकित्सक को पुलिस ने एक माह बाद गिरफ्तार कर लिया तथा वैज्ञानिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मौनियाल ने बताया कि नगर में लम्बे समय से फर्जी तरीके से क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप डॉक्टर चरन सिंह ने बीती 2 अगस्त को एक व्यक्ति को इलाज के दौरान गलत इंजेक्शन लगा दिया था जिससे इलाज कराने वाले व्यक्ति की मौत हो गई थी तथा झोलाछाप डॉक्टर चरन सिंह फरार हो गया था।। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फर्जी चिकित्सक की गिरफ्तारी हेतु तलाश शुरू कर दी थी परन्तु उसका कोई सुराग नहीं लगा रहा था। मुखबिर की सूचना पर काली मन्दिर के पास फर्जी चिकित्सक चरन सिंह को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया तथा वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है। फर्जी चिकित्सक बीते एक माह से पुलिस की पकड़ से बाहर था कि पुलिस टीम ने आज धर दबोचा। पुलिस टीम में एस एस आई राजेन्द्र प्रसाद मौनियाल, कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश सिंह नेगी, एस आई हेम चन्द्र तिवारी, कांस्टेबल देवराज सिंह उमेश कुमार आदि।

# 265 घंटे बाद स्वाला डेंजर जोन से बड़े वाहनों की हुई निकासी, मिली राहत

**वर्तमान में 12 टन क्षमता के वाहन ही यहां से गुजर सकेंगे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** स्वाला डेंजर जोन में आज सुबह से बड़े वाहनों की आवा. जाही शुरू होने से लोगों को बहुत बड़ी राहत मिली है। मंगलवार की रात भर यहां साइड के उसे स्थान में पत्थरों से भरान का कार्य जारी रहा जहां सड़क धस्ती जा रही थी। आज बुधवार सुबह मैदानी क्षेत्र से लोडेड भारी वाहनों की निकासी का ट्रायल किया गया, जो सफल रहा सुबह से यहां दर्जनों वाहनों के गुजरने के बाद भी सड़क नहीं धसी। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता दीपक जोशी ने बताया कि 12टन क्षमता वाले वाहनों की आवाजाही शुरू होने का ट्रायल सफल रहा।

राष्ट्रीय राजमार्ग में खोमचा, होटल, ढाबा चलाने वालों के मुरझाए चेहरों में मुस्कान देखी गई।इसी के साथ राज मार्ग में पसरा सन्नाटा भी चहल पहल में बदल गया है। जिससे व्यापारीयो ने भी काफी राहत ली है।हालांकि नवे दिन से ही यहां छोटे वाहनों की आवा. जाही शुरू हो गई थी।

किंतु सामान से लदे बड़े वाहन सडक खुलने की इंतजारी मे टनकपुर में खड़े थे। जिससे चम्पावत व पिथौरागढ़ जिलों में आवश्यक जिन्सो की स्थिति पैदा हो गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों की गति रोकता आ रहा स्वाला डेंजर जोन का स्थाई समाधान किए जाने की चौतरपा मांग की जाने लगी है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मार्ग का लंबे समय तक बंद रहना राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। हालांकि गत वर्ष जहां इस जोन में कम सड़क धसने के बाद उसे खोलने में लंबा समय लग गया था। इस दफा उससे अधिक सड़क ही साफ होने के बावजूद कम समय में सड़क को खोलना संभव हुआ है।

रोडवेज द्वारा गुरुवार से अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। एआरएम धीरज वर्मा के अनुसार आज उन्हें विधिवत पुलिस व प्रशासन की ओर से बसों के संच. ालन की अनुमति मिल चुकी है।

# छात्रों ने मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** बाराही धाम में आदर्श राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्नातक स्तर पर नए विषयों के सृजन तथा इसी शिक्षा सत्र से यहां एम ए कक्षाएं संचालित करने कि मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन जारी है।

अपनी मांगों को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन आज आठवें दिन भी जारी रहा। उक्त मांगों को लेकर समूचे क्षेत्र के लोग मुट्ठी की तरह बंधे हुए हैं। उनका कहना है कि छात्रों की यह मांग सरासर न्यायोचित ही नहीं व्यवहारिक भी है। आखिर स्नातक तक शिक्षा लेने के बाद छात्र आगे की शिक्षा के लिए जाए तो कहां जाए? यह चिंता उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय से ही सताने लगती है। बाहर जाने के लिए उनके परिवार की आर्थिक स्थिति उन्हे घर में ही रोक देती है। इसका प्रभाव यह पढ़ रहा है कि प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभाएं कुंठित होती जा रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले इस आंदोलन को भारी जन समर्थन मिल रहा है। छात्रों द्वारा चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को नजर अंदाज किया गया तो इस आंदोलन को उग्र होने से कोई नहीं रोक सकता है।

## एक नजर

### दो ट्रकों में हुई आमने सामने की भिड़ंत, एक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी के जेतपुर मौड के पास दो ट्रकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के केबिन मे फसे युवक को बाहर निकला और इलाज के लिए काशीपुर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया।

बुधवार की सुबह नगर के मोहल्ला टांडा बंजारा निवासी रणधीर सिंह (42) घोसीपुरा स्थित इंडियन वोटलिंग गैस प्लांट से ट्रक मे सिलेंडर भरकर काशीपुर स्थित नेहा गैस एजेंसी को जा रहा था। उसी बक्त जेतपुर मौड स्थित सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से रणधीर सिंह ट्रक के केबिन मे फस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रक के केबिन बाहर निकला और इलाज के लिए काशीपुर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे मे ले लिया है।

### 40 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत चौकी पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की प्रतापपुर चौकी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत प्रताप. पुर क्षेत्र के ग्राम जोगीठेर से एक शराब तस्कर को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है, पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सर्वजीत सिंह पुत्र कक्का सिंह निवासी जोगीठेर प्रतापपुर नंबर 7 नानकमत्ता बताया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र पंत चौकी प्रभारी प्रतापपुर, सिपाही,नीरज नेगी, गिरीश चंद्र शामिल हैं।

### पंत की 138वीं जयंती पर उनका किया गया भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय पीजी कॉलेज में आज भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया।कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर इस महान आत्मा के प्रति अपनी भावांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि लोहाघाट के क्षेत्र पंचायत प्रमुख महेंद्र सिंह ढेक ने कहा कि महापुरुषों की जयंती हमें राष्ट्र रहेगा श तभी हमारा अस्तित्व भी बना रहेगाष कि भावात्मक प्रेरणा देती हैं। उन्होंने पंत जी के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिमालय के इस सपूत के बारे में हम जितना कहें उतना कम होगा।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ महेश त्रिपाठी ने कहा कि पंत जी उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में उत्तराखंड के पहले गृहमंत्री रहे हैं। उन्होंने उनके संघर्षमय जीवन एवं राष्ट्र के लिए उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम का संयोजन डॉ दिनेश राम तथा संचालन डॉ कमलेश श्क्टा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ रुचिर जोशी, डॉ बी पी ओली, डॉ दिनेश व्यास, डॉ के सी जोशी, डॉ अभिषेक पंत डॉ लता कैडा, डॉ मनोज कुमार,डॉ सुनील कुमार, डॉ अनीता टम्टा एवं डा. रवि सनवाल आदि विद्वान प्रवक्ता भी मौजूद थे।

### गोबिंद बल्लभ पंत को दी पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारत रत्न पंडित गोबिंद बल्लभ पंत की 138 वीं जयंती दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए हर्षोल्लास से मनाई गई ।दिव्यांग आवासीय विद्यालय यू एस आर इंदु समिति वसई के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए और 32 बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम आरुषि, द्वितीय आफताफ व तृतीय निर्मल बोरा ने स्थान प्राप्त किया।जिया, आरुषि, तन्नू रिशु, प्रीति, दीपा, इशू, प्रिंस, तौफीक, देवेंद्र, उमंग पार्थ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुक्ध कर दिया। सभी प्रतिभागियों को समिति ने पुरस्कार मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए और सहभोज प्रदान किया गया।समिति के संयोजक डा देवीदत्त दानी ने कहा कि पंत जी की जयंती देश भर में मनाई गई लेकिन दिव्यांग बच्चों के बीच यह मात्र रामनगर में मनाई गई है।जो संतोष प्रदान करता है हमे दिव्यांग बच्चों को भी समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उनके साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। समिति के इस निर्णय को राष्ट्रीय ट्रस्ट द्वारा विशेष तौर पर सराहा गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य कमला तिवारी ने कहा कि ये बच्चे कोई सुनने में असमर्थ हैं तो कोई समझ में कमजोर है कोई दृष्टि विहीन तो कोई हाथ पैर से विहीन होने के बाद भी म्यूजिक की धमक पर एक दूसरे को देखकर यह नृत्य कार्यक्रम किया है। जिनका मनोबल बढ़ाकर समिति ने नेक कार्य किया हे।इस अवसर पर समिति के सह संयोजक नरेन्द्र शर्मा,सुरेश घुगत्याल, मनमोहन विष्ट, गणेश रावत, दिनेश महेरा घनश्याम शर्मा, भूपेंद्र खाती भावना भट्ट और रिनेशा होटल मैनेमेंट के डायरेक्टर आलोक गोसाई ने कार्यक्रम को संबोधित किया।इस अवसर पर इंदु समिति की प्रबंधक अनुप्रिया शर्मा, प्रधानाचार्य कमला तिवारी कॉर्डिनेटर ज्योति रावत, ग्राम प्रधान रचना रावत, इंदु ध्यानी,नीमा मठपाल,अजयपाल, मनीष तिवारी,आशा बिष्ट, दीप्ति रावत, बसंती राणा,सुरेन्द्र सिंह, कुंवर सिंह अक्षय तिवारी आदि मौजूद रहें।

### पूर्व सैनिक के खाते से पार किए एक लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** साइबर अपराधियों ने एक पूर्व सैनिक के खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने इसकी लिखित तहरीर बनबसा थाने और टनकपुर स्थित साइबर सेल मे दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदनी निवासी पूर्व सैनिक भूपेंद्र सिंह के बैंक ऑफ बड़ौदा के बनबसा ब्रांच के खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ा लिए। पीड़ित भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उसने इसकी सूचना बनबसा थाने, टनकपुर स्थित साइबर सेल और साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर 1930 पर भी दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर साइबर अपराधियों को पकड़ने और उनके खाते से निर्गत की गई राशि को उन्हें वापस दिलाने की मांग की है। व्यापार मंडल बनबसा के अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी ने भी पुलिस प्रशासन से पूर्व सैनिक भूपेंद्र सिंह की मदद कर अपराधियों को पकड़ने और उनके खाते से निकली गई धनराशि को उन्हें वापस दिलाने की मांग की है। पीड़ित भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा में उनके खाते से साइबर अपराधियों ने यह धनराशि यूपीआई के जरिए यूको बैंक में ट्रांसफर की है। उन्होंने आशंका जताई है कि उनका बैंक का अकाउंट नंबर साइबर अपराधियों द्वारा हैक कर लिया गया है।

### परिवहन विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के निर्देशन के क्रम में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु परिवहन विभाग द्वारा निरंतर विशेष चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज को एआरटीओ (प्रवर्तन) शिवांश कांडपाल के नेतृत्व में पिथौरागढ़खझूलाघाट मोटर मार्ग पर वड्डा तथा आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

टैक्सी संचालकों द्वारा विभाग को शिकायत दी गई थी कि मार्ग पर कुछ वाहन अवैध कागजातों के साथ संचालन कर रहे हैं। इस आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान सभी वाहनों की फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, परमिट एवं पॉल्यूशन सर्टिफिकेट की गहन जांच की गई। जांच में कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर कार्यवाही करते हुए कुल 38 चालान किए गए। साथ ही, टैक्स बकाया एवं फिटनेस प्रमाणपत्र न होने के कारण 3 वाहनों को सीज किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालाने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की गई और चालान के साथ-साथ उनके लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित कर दिए गए। साथ ही, ओवरलोडिंग की समस्या पर भी विशेष ध्यान दिया गया और नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई। एआरटीओ (प्रवर्तन) शिवांश कांडपाल ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# भारत नेपाल सीमा मेलाघाट में बढ़ाई गई चौकसी



**एसएसबी और पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी नजर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत नेपाल सीमा मेलाघाट पर पड़ोसी देश नेपाल में हो रहे उपद्रव और हिंसा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है। वहीं सशस्त्र सीमा बल व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सीमा पर सतर्कता और कड़ी नजर बनाए हुए है।

वहीं 57 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है द्य नेपाल में उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। एसएसबी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में निरंतर विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। मेलाघाट क्षेत्र में उत्तराखंड पुलिस के साथ संयुक्त गश्त की जा रही है। इसके साथ साथ नारायण नगर एवं सिम्बलघाट में भी सहयोगी एजेंसियों के साथ प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु सीमावर्ती क्षेत्रो में लगातार गस्त की जा रही है ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था कायम हो सके। सीमा पर अस्थिरता और हिंसक गतिविधियों के चलते सीमा पर सुरक्षा बल पूरी तरह से मुस्तैद हैं। वहीं सभी सीमावर्ती चौकियों पर आवागमन की कड़ी निगरानी की जा रही है साथ ही संभावित असामाजिक तत्वों की पहचान और उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए गश्ती दलों को और अधिक सशक्त किया गया है। सशस्त्र सीमा बल की टुकड़ियां दिन-रात सतत गश्त कर रही हैं तथा हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है।

# पंत की जयंती पर जिलेभर में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**अपना पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित किया था पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने: जिलाधिकारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत। भारत** रत्न पंडित गो. विंद बल्लभ पंत की 138 वीं जयंती के अवसर पर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उनके चित्र में माल्यार्पण करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का लोगों ने संकल्प लिया। विभिन्न विद्यालयो में रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए तथा जिले के विभिन्न स्थानों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।

गौरलचौड स्थित ऑडिटोरियम में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इससे पूर्व जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के जिला संयोजक एडवोकेट शंकर दत्त पांडे के संयोजन में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि पंडित पंत जी मानव नहीं महामानव थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित किया था। वह स्वयं में एक संस्था थे आज भी उनके विचार व कार्य हम सबको राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत कर देते हैं। आजादी के आंदोलन के दौरान हिमालयी क्षेत्र से उन्होंने जो चिंगारी पैदा की थी वह पूरे देश में शोला बनाकर फैल गई। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, नगर पालिका की अध्यक्ष प्रेम पांडे, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में संयोजक एडवोकेट शंकर पांडे ने पंत जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने में सहयोग देने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उधर नगर पालिका परिषद सभागार लोहाघाट में अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सभासदों, शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय तथा गणमान्य नागरिकों आदि की उपस्थिति में पंत जी की 138वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया।

# नगर पालिका में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर पालिका सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य के सर्वोच्च शिक्षक पुरस्कार शैलेश मटियानी उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त



प्रकाश चंद्र उपाध्याय और तीलू रौतेली से सम्मानित अना. मिका बिष्ट को भव्य स्वागत समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के साथ ही अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान के लिए श्री उपाध्याय को राज्य के सर्वोच्च सम्मान शैलेश मटियानी उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया है। इसके साथ ही छात्रा अनामिका बिष्ट ने राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाया तथा हाल ही में उन्हें तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। गोविंद वर्मा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति हमारे क्षेत्र के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण हैं और इनका सम्मान कर हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर के सभी सभासद और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वाहनों की फिटनेस की मांग को लेकर उग्र हुआ आंदोलन

**18 सितंबर को वाहन संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर की विभिन्न वाहन यूनियनों और वाहन स्वामियों ने रामनगर के एक होटल में बैठक की।बुधवार को हुई बैठक में वाहनों की फिटनेस को लेकर लंबे समय से विभिन्न यूनियन व वाहन स्वामी ने आंदोलन कर रहे हैं। परिवहन विभाग पर आरोप लगाते हुए उत्पीड़न करने का आरोप लगाए हैं।वही अध्यक्ष जिम कोर्बेट टैक्सी ऑपरेटर सोसाइटी रेहान खान ने बताया 18 सितंबर को वाहन संच. ालन को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।

एम्बुलेंस, दूध वाहन स्कूल बसों को ही छूट दी जाएगी।इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो इन वाहनों का भी संचालन बंद कर दिया जाएगा। रेहान खान ने बताया कि रामनगर में सहायक परिवहन अधिकारी का कार्यालय होने के बाद भी वाहनों की फिटनेस हल्द्वानी से कराई जा रही है जबकि पहले यह काम रामनगर में ही किया जाता था जिससे वाहन स्वामियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पहले फिटनेस रामनगर मे न्यूनतम दरों में की जाती थी लेकिन अब कुछ समय से यह कार्य हल्द्वानी किए जाने से वाहन स्वामियों को हल्द्वानी बहुत दूर पड़ता है काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है तो वही वाहन स्वामियों का यह भी आरोप था कि अब फिटनेस के चार्ज 3 गुना बढ़ा दिए गए हैं और फिटनेस का कार्य प्राइवेट हाथों में सौंप दिया गया है जिससे इस कार्य में लगे प्राइवेट कंपनी के लोग वाहन स्वामी के साथ मनमर्जी से शुल्क वसूल रहे हैं जिससे उनके आगे एक गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति वाहनों की फिटनेस का कार्य सहायक संभागीय कार्यालय रामनगर में ही न्यूनतम दरों पर शुरू कराया जाए। इस मौका पर जगदीश छिम्वाल अध्यक्ष कोर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन, उमर मोहम्मद सचिव, नूर खान कोषाध्यक्ष कॉर्बेट जिप्सी वेल्फेयर एसोसिएशन,रेहान खान अध्यक्ष जिम कोर्बेट टैक्सी ऑपरेटर सोसाइटी, मेहबूब आलम, इसरार मंसूरी,तस्लीम पहलवान काशीपुर बस अड्डा, प्रकाश चन्द्र ध्यानी,रईस अहमद, मनोज मेहरा,गौरव पांडे, पुष्पराज जोशी, संतोष कुमार,ऑटो यूनियन के अध्यक्ष युसूफ कुरैशी, संतोष पापने, चंद्रशेखर जोशी, गिरीश धस्माना,अजीम कुरैशी, इरशाद शाह, तस्लीम, पीयूष जोशी, उमेद नेगी, मुख्तार हुसैन, रिजवान, हाफिज, करन, अमन, अकरम खान, गणेश पंत, नजाकत अली आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा के नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिला कार्यकारणी के नवनियुक्त जिला महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, जिला मंत्री विमला बिष्ट व गोविंद सिंह मेहता का खटीमा नानकमत्ता विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में शॉल ओढ़ाकर व फूलमाला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया । वहीं उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री भुवन चंद्र भट्ट ने किया।

इस अवसर खटीमा ब्लॉक प्रमुख सरिता राना तथा कनिष्ठ उप प्रमुख गौरव नेगी का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर आतिशबाजी कर और मिष्ठान वितरण पर खुशी का इजहार किया गया। वहीं उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी और पुष्कर सिंह धामी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सबका आभार प्रकट करते हुए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने हेतु मिलजुल कर कार्य करने की बात कहीं। इस अवसर पर उत्तराखंड सहकारी बैंक के अध्यक्ष दान सिंह रावत, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, बलदेव सिंह, संतोष राणा, महेश राणा, कमलद.



ीप राणा, मोहिनी पोखरिया, धाना भण्डारी, इंद्रा चन्द,भावना चन्द,अनुपमा शर्मा,नीता सक्सेना,सपना राना, माया जोशी, प्रेमा महर, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह किन्ना, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, गोपाल बोरा,हिमांशु बिष्ट, नवीन बोरा, अमित जोशी, मोहित पोखरिया, राशिद मिर्जा,गुड्डू टम्टा, एड पूनम राणा, गोकुल ओली,अमित चिलकोटी,रवीश भटनागर, सुरेश पवार आदि उपस्थित रहे।


# चुनाव के लिए सम्भावित प्रत्याशियों से हुई वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के छात्र संघ चुनाव की तैयारी शुरू हो गई हैं। प्राचार्य प्रो.एम. सी.पाण्डे की अध्यक्षता में सम्भावित प्रत्याशियों के साथ वार्ता की गई।

छात्र संघ समिति द्वारा आयोजित बैठक में विभिन्न निर्णय लिए गए। जिसमें महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया छात्र संघ संविधान और लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप होगी। इसके तहत निर्वाचन की पारदर्शिता एवं शुचिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।साथ ही मतदाता सूची, मतदान और मतगणना प्रकिया को सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष रखने के लिए विशेष तैयारी की जाएगी। प्राचार्य प्रो.पाण्डे ने महाविद्यालय छात्र संघ समिति का गठन कर दिया है।जिसमें छात्र संघ प्रभारी इतिहास विभाग के डॉ.नरेश कुमार को बनाया गया है। डॉ. अलका राजौरिया, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.पी.सी.पालीवाल व डॉ.सुभाष पोखरियाल को सदस्य नामित किया गया है।

## शिनाख्त अज्ञात शव महिला



दिनांक-23-01-2024 को समय-19:25 बजे कोसिटी कन्ट्रोल रूम के द्वारा एक किता मैमो संख्या-3511 ब्राडडैड अज्ञात उम्र-58 वर्ष नाम/पता अज्ञात जिसे 108 के माध्यम से जिला चिकित्सालय रुद्रपुर ले जाया गया था सूचना प्राप्त हुयी। उक्त सूचना पर उ.नि. गोल्डी घुघत्याल, कानि. 1132 धर्मेन्द्र कुमार को वास्ते आवश्यक कार्यवाही जिला चिकित्सालय रुद्रपुर रवाना किया गया। दि.-24-01-2025 को उक्त अज्ञात महिला के शव की पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को शिनाख्त हेतु मोर्चरी रुद्रपुर में 72 घण्टे तक सुरक्षित रखकर शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किये गये। उक्त अज्ञात शव महिला की शिनाख्त ना होने के बाद शव का विधिवत अन्तिम संस्कार कर दिया गया है।

**हुलिया अज्ञात शव महिला**-उम्र- लगभग 60 वर्ष, रंग सांवला, आंख कान नाक औसत, दुबला पतला शरीर, बाल कन्धे तक काले सफेद है। **पहनावा**-मृतका के शरीर पर दो शॉल, एक भूले रंग का व दूसरी नीली सफेद धारी वाली है। एक पतला कम्बलजिसमे लाल, पीले, हरे सफेद रंग के डिजाईन है। ऊपर से हुड नीले पीले रंग का है। पैरो में मोजे काले रंग के हैं। अगर किसी को भी उक्त अज्ञात शव महिला के सन्दर्भ में कोई जानकारी मिले, तो कृप्या निम्न मोबाईल नम्बर पर सूचना देने की कृपा करें।

**प्रभारी निरीक्षक**
थाना ट्रांजिट कैम्प
जनपद ऊ. सि.नगर
मो. नं.-9412088605

**नेहा ध्यानी**
उ.नि./जांचकर्ता
थाना ट्रांजिट कैम्प
जनपद ऊ सि. नगर
मो. नं.-8979702992

# टैक्स बार एसोसिएशन ने फूड इंस्पेक्टर से की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** टैक्स बार एसोसिएशन रामनगर ने फूड इंस्पेक्टर असलम खान के साथ एक शिष्टाचार भेंट की।

फूड इंस्पेक्टर ने फूड लाइसेंस से संबंधित जानकारी दी और बहुत अच्छे से फूड डिपार्टमेंट की कार्यप्रणाली को अधिवक्ताओं के साथ सांझा किया। अधिवक्ताओं के मन में जो बात थी उसका निराकरण किया गया।इस दौरान बैठक में अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे,उपाध्यक्ष प्रबल बंसल,फिरोज अंसारी, महासचिव गौरव गोला,उपसचिव मनु अग्रवाल, लईक अहमद, विशाल रस्तोगी, सागर भट्ट संजीव अग्रवाल, एडवोकेट फैजुल हक,रोहित माहेश्वरी,राकेश राही, गुलरेज रजा, भोपाल रावत, मनोज बिष्ट सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। बार के अध्यक्ष पूरन पाण्डे ने बताया कि बार इसी तरह विधिक जागरूकता शिविर लगाकर अधिवक्ता और समाज को प्रोत्साहित करती रहती हैं।ज्यादा से जयादा लोगों को सरकार द्वारा बनाए कानून के फायदे बताकर राज्य हित में कर राजस्व बढ़ाकर योगदान करती रहती है।

# आधुनिक भारत के सशक्त नीति निर्माता थे पंतजी

## नैनीताल, भवाली व ज्योलीकोट में धूमधाम से मनाई 138वीं जयंती

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती बुधवार को नैनीताल समेत भवाली व ज्योलीकोट में धूमधाम से मनाई गई। नैनीताल में पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पंडित पंत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और आधुनिक भारत के सशक्त नीति निर्माता के रूप में याद किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत एक दूरदर्शी, संवेदनशील और पॉलिसी मेकिंग नेता थे। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जिले के एक छोटे से गांव खुट से निकलकर पंत जी ने देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई।

आजादी की लड़ाई में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा और कई बार जेल भी गए लेकिन उन्होंने कभी संघर्ष से मुंह नहीं मोड़ा। स्वतंत्र भारत में गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने देश के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। कहा कि पंडित पंत की जीवनी व उनके विचार और उनके सिद्धांत आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही विभिन्न









सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पूर्व समिति के मुख्य संयोजक ललित भट्ट, राजेश कुमार, पूरन मेहरा तथा गोपाल सिंह रावत समेत अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नैनीताल के समीपवर्ती गांवों के मेधावी छात्र-छात्राओं समेत समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों ज्योति प्रकाश, कंचन चंदोला, ईशा शाह, केएल आर्य, भूपेंद्र बिष्ट, पान सिंह समेत तिबबती समुदाय के लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सममा. नित किया गया।

इस दौरान विधायक सरिता आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री दिनेश आर्य, शांति मेहरा, नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत नितिन कार्की, राजीव लोचन शाह, निर्वाण मुखर्जी, दिग्विजय बिष्ट, भारत मेहरा, दया किशन पोखरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण व संजय कुमार समेत राजेंद्र परगांई, दीपक कुमार, मोहन पाठक, सभासद गजाला कमाल, सपना बिष्ट, गीता उप्रेती, भगवत रावत, पूरन बिष्ट, काजल आर्य, लता दफौटी समेत आशीष बजाज, पान सिंह, आशा आर्य, विमला अधिकारी, तुसी शाह समेत यशी थुपतेन आदि मौजूद रहे। भवाली में पंत समिति की ओर से भवाली चौराहे पर एक भव्य सभा का आयोजन किया गया था जिसमें अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भवाली चौराहे पर स्थित पंत जी की प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरिता आर्या विधायक नैनीताल, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य तथा विशिष्ट अतिथि खष्टी बिष्ट पूर्व दर्जा राज्यमंत्री, घनश्याम सिंह बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष नीमा बिष्ट, गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज भवाली की प्रधानाचार्या सीमा बर्गली, भवाली नगर पालिका के अध्यक्ष पंकज आर्या जी उपस्थित रहे। वहीं राजेंद्र कपिल, उषा कनौजिया, सचिन आर्या, जुगल मठपाल हंसा शर्मा आदि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेटों ने सलामी दी तथा पंत जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजन समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शहीद हीरा बल्लभ भट्ट राजकीय इंटर कॉलेज ज्योलीकोट में मुख्य अतिथि जिला पंचायत की उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य कुंदन सिंह ने कहा की छात्रों को अपने जीवन में एक लक्ष्य बना कर आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कैलाश जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य आंदोलनकारी संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, राज्य आंदोलनकारी इन्द्र सिंह नेगी, जिला सचिव पान सिंह सिजवाली, ज्योली ग्राम प्रधान शेखर भट्ट, चोपड़ा प्रधान बीना जीना, हेमा कनवाल, रश्मि कनवाल, गोविंद बरगली, पुष्कर जोशी तथा पूर्व प्रधान जीवन प्रसाद, बाल संसार सैनिक स्कूल प्रबंधक सविता आर्या सहित कई गणमान्य जन एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## केंद्र से मांगा है 5 हजार करोड़ का पैकेज: बहुगुणा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड में हाल ही में आई आपदा को लेकर सूबे के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश पूरी तरह आपदा प्रभावित रहा है। कहा कि चमोली, नैनीताल तथा बागेश्वर सहित कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राहत पैकेज दिया है। उत्तराखंड सरकार ने भी आपदा प्रबंधन के लिए 5 हजार करोड़ रुपये का पैकेज केंद्र से मांगा है। बहुगुणा बुधवार को नैनीताल में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 सितंबर (आज) को उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं और राज्य की आपदा प्रभावित स्थितियों का स्वयं आकलन करेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के बाद राज्य को केंद्र से राहत पैकेज मिलने की पूरी संभावना है। पत्रकार वार्ता करते हुए सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालन, कुकुट पालन और मत्स्य पालन करने वाले लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर कार्य कर रही है। कहा सरकार ने कुक्कुट आहार सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कुक्कुट पालकों को कुक्कुट आहार में सबसीडी दी जाएगी यानि कुक्कुट आहार में प्रति किलो पर 10 रुपए की सबसिडी दी जाएगी।

## अस्पतालों में लग रही वायरल फीवर के मरीजों की कतार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बुधवार को वायरल फीवर के मरीजों की कतार लगी रही। बता दें कि बीते तीन दिनों में जिला अस्पताल में ढाई हजार से ज्यादा मरीज उपचार के लिए पहुंचे हैं। जिसके चलते अस्पताल के लगभग सभी बैड पैक हैं। अस्पताल में रोजाना लगभग 400 से 500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। डाकटरों का मानना है कि इन दिनों नैनीताल में मौसम में बदलाव व मेले में गैदरिंग के चलते वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बीते सोमवार को 748, मंगलवार को 665 और बुधवार को 632 मरीजों की ओपीडी रही। इसके अलावा आपातकालीन कक्ष में भी भीड़ रही। जिसके चलते अस्पताल के पर्चा काउंटर, दवा काउंटर व डाकटरों के कक्ष के बाहर मरीजों की कतार लगी रही। अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या ज्यादा होने के चलते अस्पताल के सभी वार्ड लगभग पैक हो चुके हैं। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को भी अस्पताल में 80 से ज्यादा मरीज भर्ती हैं। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टमटा ने बताया कि मौसम के बदलाव के चलते अचानक वायरल के मरीजों की संखया बढ़ी है। वायरल फीवर के चलते मरीज गले में दर्द, सिर में दर्द तथा सर्दी जुखाम व बुखार व जोड़ों में दर्द से परेशान हैं। चिकित्सकों की ओर से मरीजों को स्वास्थ्य सलाह भी दी जा रही है, स्थिति गंभीर होने पर भर्ती भी किया जा रहा है।

## अशांति फैलाने वालों पर शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर बीती मंगलवार की देर रात्रि शहर के विभिन्न स्थानों में चले ऑपरेशन रोमियो अभियान के तहत 22 शराबी चालकों गिरफ्तार किया और सार्वजनिक स्थान पर अशांति फैलाने वाले 22 हुड़दंगियों को हिरासत में लिया। एसएसपी मीणा ने स्वयं रात ग्राउंड जीरों पर उतरकर कार्यवाही का जायजा लिया। एसएसपी पीएन मीणा ने जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऑपरेशन रोमियो अभियान की कमान स्वयं स भालकर कड़ी कार्यवाही करा रहे है। पुलिस की टीम महिलाओं की सुरक्षा तथा सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर रही है। एसएसपी ने



रात धरपकड़, पुलिस ने 22 हुड़दंगी दबोचे

खुद मैदान में उतर कर रात्रि शहर का जायजा लेकर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और अभियान को और प्रभावशाली व सख्त बनाने के लिए मौके पर मौजूद रहे। पुलिस टीमों ने कुसुमखेड़ा, छड़ायल और पीलीकोठी क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए असामाजिक तत्वों, पब्लिक प्लेस पर शराब का सेवन, हुड़दंग और छींटाकसी जैसी घटना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की। टीम ने यातायात नियमों का पालन न करने पर 258 जिसमें से 171 कोर्ट चालान एवं 87 नगद चालान कुल 44500 रुपए जुर्माना वसूला। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने में 22 कोर्ट चालान कर गिरफ्तारी की और 28 वाहन सीज किये। सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाते पाये जाने पर 53 चालान, जिसमें 51 नगद चालान और 2 कोर्ट चालान किए। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि सुरक्षित समाज, शांतिपूर्ण वातावरण और उचित कानून व्यवस्था हमारी प्राथमिकता है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ हमारी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आम जनता से अपील है कि वे किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों को नजरअंदाज न करें और यदि वे किसी भी अपराध या अशांति के बारे में जानकारी हो तो पुलिस को सूचित करें।

## रिश्वतखोर ईओ को 13 साल बाद दो साल की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** निर्माण कार्य की अनुमति के बदले रिश्वत मांगने वाले नगर पंचायत अधिकारी को आखिरकार 13 साल बाद सजा सुनाई गई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विशेष न्यायालय ने दोषी पाए गए ईओ (कार्यपालक अधिकारी) संजीव महेरोत्रा को दो साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

यह मामला वर्ष 2012 का है। केलाखेड़ा निवासी सआदत हुसैन ने सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी में शिकायत की थी कि नगर पंचायत के ईओ संजीव महेरोत्रा ने उनके एक बीघा 13 विस्वा ज़मीन पर निर्माण की अनुमति के बदले 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के मुताबिक, 26 अप्रैल 2012 को जब वह ईओ कार्यालय पहुंचे तो अधिक. ारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना पैसे के कार्य स्वीकृत नहीं होगा। सतर्कता विभाग ने इस पर संज्ञान लेते हुए निरीक्षक तिलक राम वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाई गई, और 26 मई 2012 को ट्रैप कार्रवाई के दौरान ईओ संजीव महेरोत्रा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय में अभियोजन चलाया गया। अभियोजन पक्ष ने गवाहों और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी साबित किया। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) सविता चमोली की अदालत ने संजीव महेरोत्रा को एक वर्ष के साधारण कारावास और 10,000 रुपये अर्थदंड, तथा दो वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये अतिरिक्त अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों सजाएं अलग-अलग चलेंगी, जिससे कुल मिलाकर आरोपी को तीन साल की सजा काटनी होगी।

## आरोपी की जमानत खारिज

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल की अदालत ने हत्या का प्रयास करने के आरोपी कार्तिक नौरियाल उर्फ कार्तिकेय की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक नैनीताल जिले के ग्राम नेकाना, तल्ला रामगढ़ भवाली निवासी अभियुक्त कार्तिक नौरियाल पुत्र राजेंद्र सिंह नौरियाल पर थाना भवाली में 2024 में हत्या का प्रयास, जानलेवा हमला, धारदार हथियार समेत अन्य आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। अभियुक्त की ओर से अब तक अग्रिम जमानत सहित कई बार जमानत प्रार्थना पत्र दायर किए जा चुके हैं जिन्हें पूर्व में न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों ने निरस्त कर दिया था। इधर सुनवाई में अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता हितेश पाठक ने यह तर्क दिया कि आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित हो चुका है और मुखय गवाह का बयान भी दर्ज हो चुका है इसलिए अभियुक्त को जमानत पर रिहा किया जाए वहीं राज्य सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत तर्क पहले भी जमानत याचिकाओं में दिए जा चुके हैं और उन आधारों को पहले ही न्यायालय एवं उच्च न्यायालय खारिज कर चुके हैं। कोर्ट ने पाया कि अभियुक्त ने अपनी याचिका में कोई नया आधार प्रस्तुत नहीं किया है और यह भी उल्लेख किया कि अभियुक्त ने पूर्व में प्रस्तुत याचिकाओं का पूरा ब्यौरा स्पष्ट रूप से नहीं दिया है। न्यायालय ने माना कि वर्तमान जमानत प्रार्थना पत्र बदली हुई परिस्थितियों में दाखिल नहीं किया गया है।

## प्रेमी जोड़े को सुरक्षा देने के निर्देश



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक रम्पुरा रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर के प्रेमी जोड़े को सुरक्षा दिलाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने एसएचओ ट्रांजिस्ट कैंप रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर को निर्देश दिए हैं कि प्रेमी व उनके परिवार वालों को कोई जानमाल का खतरा न हो उनके द्वारा दिये गए जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्राथर्ना पत्र के आधार पर उन्हें सुरक्षा दी जाए। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट की खण्डपीठ ने अगले सप्ताह की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार प्रार्थिनी व उसका पति गौरव दिवाकर ने एसएसपी उधम सिंह नगर को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि प्रार्थनी के सगे संबन्धी मामा मामी तथा ममेरे भाई व अन्य लोग उनकी शादी से नाखुश हैं। जिसकी वजह से उनका भाई व उसके परिवार को खतरा उतपन्न हो गया है। यही नहीं उनको भी जानमाल का खतरा हो गया है।

ये लोग कभी भी उन्हें और उनके भाई को जानमाल का नुकसान पंहुचा सकते हैं लिहाजा उनकी जानमाल की रक्षा की जाय जबकि उनके द्वारा 5 सितंबर 2025 को पंतनगर सिडकुल जिला उधम सिंह नगर स्थित प्राचीन बन शक्ति मंदिर में अपनी मर्जी से शादी की है। वे अभी दोनों बालिक हो चुके हैं तथा एक दूसरे को तीन साल से अधिक समय से जानते व पहचानते हैं। इसलिए उनको व उनके परिवार वालों को इनसे सुरक्षा दिलाई जाए।

## पॉक्सो में गिरफ्तारी के मामले पर सुनवाई आगे बढ़ी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग लड़के/लड़कियों के प्यार व डेटिंग के दौरान पकड़े जाने पर लड़के को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अधिवक्ता के निवे. दन पर कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए आने वाले हप्ते की तिथि नियत की है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार उच्च न्यायालय की अधिवक्ता मनीषा भंडारी द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि नाबा. लिग लड़के/लड़कियों के प्यार के मामले में हमेशा दोषी लड़के को माना जाता है जिनमें कुछ मामलों में लड़की बड़ी होती है तब भी लड़के को ही कस्टडी में लिया जाता है और उसे अपराधी बनाकर पोक्सो एकट के तहत जेल में डाल दिया जाता है जबकि उसकी गिरफ्तारी के बजाय काउंसिलिंग होनी चाहिए। केवल वह अकेला दोषी नहीं होता। जिस उम्र में उसे स्कूल कॉलेज होना चाहिये था वह जेल में होता है। ऐसे मामले में जुबेनाइल जस्टिस एकट के तहत ऐसे मामले में लड़के/लड़कियों व परिजनों की काउंसिलिंग की जानी चाहिये, जबकि भारतीय दंड संहिता में सोलह से अठारह साल के अपराधी बच्चों को दंड देने के बजाए उनकी मानसिक स्थिति को जानने के लिए बोर्ड का गठन करने का प्रावधान है।

## उचित फोरम में चुनौती दें: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ग्राम मनसरा बलाक रामगढ़ तहसील कैंची धाम जिला नैनीताल की हारी हुई ग्राम प्रधान की उममीदवार दीप्ति की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने उनकी याचिका को निस्तारित करते हुए उनसे कहा है कि अगर उन्हें चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ी का कोई शक है वे इस मामले को चुनाव याचिका दायर कर उचित फोरम में चुनौती दे सकती हैं। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका को निस्तारित कर दी। मामले के अनुसार पीड़ित पक्ष ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि ग्राम प्रधान के चुनाव में गड़बड़ी हुई है, वे जीत रही थी लेकिन मतगणना के बाद रिटर्निंग अधिकारी विपक्षी भारती देवी को विजयी घोषित कर दिया कयोंकि उन्हें उससे अधिक मत प्राप्त हुए हैं। लिहाजा रिटर्निंग अधिकारी को यह निर्देश दिए जाएं कि पड़े मतों की दुबारा से मतगणना कराई जाए कयोंकि ग्राम प्रधान के चुनाव में उनके अलावा दो अन्य लोगो ने प्रतिभाग किया था जिसमे भारती देवी विजयी हुई थी।

## धोखाधड़ी की याचिका को सीबीआई जांच वाली जनहित याचिका से जोड़ा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** हाईकोर्ट में चिटफंड कंपनी एल्यूसीसी द्वारा प्रदेश में 800 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने इस याचिका को पहले से विचाराधीन जनहित याचिका से जोड़कर सुनवाई के लिए भेज दिया। सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जांच को लेकर आवश्यक निर्देश मिल चुके हैं, इसलिए नई याचिका को पहले से लंबित मामले से जोड़ा जाए। कोर्ट ने यह अनुरोध स्वीकार कर लिया। देहरादून, ऋषिकेश समेत कई निवेशकों ने याचिका में कहा कि एल्यूसीसी कंपनी ने लाभ के नाम पर निवेश करवाया, एजेंट बनाए और फिर बिना रजिस्ट्रेशन के कार्य करते हुए फरार हो गई। पूर्व में इसी मामले में ऋषिकेश निवासी आशुतोष की याचिका पर सुनवाई चल रही है। अब इस नई याचिका को भी उसी खंडपीठ के समक्ष भेजा गया है। निवेशकों की शिकायत पर 14 राज्यों में 56 केस दर्ज हैं और मुख्य आरोपी दुबई भाग चुका है।

## एक नजर....

### तार टकराने से स्पार्किंग, दो घंटे बिजली गुल

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में बिजली की तार में स्पार्किंग होने से आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र की बिजली दो घंटे गुल हो गई। बता दें बुधवार को मल्लीताल में पुराना घोड़ा स्टैण्ड के समीप लगभग 10 बजे बिजली के तार चिपक गए। तार चिपकने से धुंआ उठने के साथ आग की चिंगारियां निकली तो जोर के पटाखे फूटने की आवाज आई। तार में आग लगने से सड़क पर लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना के बाद ऊर्जा निगम की ओर से विद्युत आपूर्ती ठप कर दी। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रयंक पांडे ने बताया कि स्पार्किंग के चलते विद्युत आपूर्ती ठप की गई थी। बताया कि समस्या का समाधान कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### सार्वजनिक शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार की रात को पुलिस ने 14 के खिलाफ कारवाई की है। बता दें कि मल्लीताल के गाड़ी पड़ाव व आयारपाटा क्षेत्र में शराबियों व नशेड़ियों से लोग परेशान हैं। लोगों की शिकायत के बाद मंगलवार की शाम को मल्लीताल में पुलिस ने शराबियों व नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने मल्लीताल पर्दाधारा व गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान कई लोग सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पिलाते मिले। पुलिस को देख लोगों में भगदड़ मच गई। लेकिन पुलिस ने भागने वालों को पकड़ लिया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पिलाने वाले पॉपुलर कंपाउंड निवासी आजाद, नंदकिशोर, मुराद अली, सलमान, सोनू यादव समेत सात नंबर निवासी जीवन, नाजीर, शशिभूषण तथा तल्लीताल निवासी रंग बहादुर तथा राजभवन कंपाउंड निवासी संजय, गाड़ी पड़ाव निवासी मुमतियाज, बाबू लाल व मुमताज अली, राजेश के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### बच्चों को साइबर ठगी का पाठ पढ़ाया

**नैनीताल।** वर्तमान में बढ़ते साइबर ठगी के मामलों को देखते हुए पुलिस ने सक्रिय हो चुकी है। पुलिस ने स्कूली बच्चों साथ गोष्ठी कर जागरूक करना शुरू कर दिया है। तल्लीताल में पुलिस ने गोष्ठी कर बच्चों को साइबर ठगी की जानकारी के साथ बचाव के तरीके बताए। बता दें कि बीते दिनों साइबर ठगी के कई मामले सामने आए हैं। जिसके चलते पुलिस ने मामलों में जांच के साथ लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को तल्लीताल पुलिस की ओर से दो निजी स्कूलों में गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में एसआई सतीष उपाध्याय ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से कॉल या मैसेज कर लेन देन संबधित जानकारी मांगी जाए तो न दें। किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजे गए लिंक को न खोलें। उन्होंने स्कूली बच्चों को डिजीटल अरेस्ट से ठगी की जानकारी भी स्कूली बच्चों को दी।

### धूम्रपान करने पर हुआ विवाद

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में घर के गेट के सामने युवक को धूम्रपान करने पर टोका तो विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो मामला कोतवाली पहुंच गया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में एक युवक एक घर के बाहर धूम्रपान कर रहा था। जब भवन स्वामी ने विरोध जताया तो युवक भवन स्वामी से भिड़ गया। इस दौरान विवाद बढ़ा तो भवन स्वामी ने पुलिस को फोन पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को मौके से कोतवाली ले आई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में मल्लीताल निवासी सुएब के खिलाफ पुलिस एकट में कार्रवाई की है।

### विधायक कैड़ा ने सुनी जनसमस्याएं

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने धारी ब्लॉक के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं को सुनने के बाद उनके समाधान के निर्देश संबंधित महकमों के अफसरों को दिए। विधायक कैड़ा ने लेटीबुंगा, शसबनी, चौखुटा, सीलिंग तथा बुरासी आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, ग्रामीणों ने बिजली, पानी तथा सड़क आदि समस्याओं को विधायक कैड़ा के सम्मुख रखा। विधायक कैड़ा ने संबधित विभाग के अधिकारियो को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### कुलपति प्रो. रावत को मिला एफएनए सम्मान

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दीवान सिंह रावत को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी सम्मान



प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें मेडिसिनल केमिस्ट्री और विशेष रूप से पार्किंसन रोग पर किए गए शोध कार्य के लिए मिला है। यह उपलब्धि उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि रसायन विज्ञान में यह सम्मान राज्य को पूरे 46 वर्षों बाद प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व 1979 में प्रो डीएस भकुनी को यह सम्मान मिला था जो प्रो रावत के शोध निर्देशक भी रहे हैं। प्रो रावत के अब तक 175 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रका. शित हो चुके हैं जिन्हें 7600 से अधिक बार उद्धत किया गया है। उनके द्वारा विकसित अणु वर्तमान में फेज 2 मानव परीक्षण में है।

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **16.09.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो जिला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट जिला केंद्र पर **26.09.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से जिला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर जिला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

जिला केंद्र: रुद्रपुर-नैनीताल हाईवे रोड - ऊपरी भूतल 14 सी आवास विकास, नैनीताल रोड, रुद्रपुर उधमसिंह नगर उत्तराखंड 263153

शाखा का नाम: गदरपुर-काशीपुर रोड जीएल, तालुका - किच्छा
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL25534764, GL29865953, GL29867896, GL34490957, GL34500011.

शाखा का नाम: काशीपुर-एनएच 74 जीएल, तालुका - काशीपुर
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL30623726, GL32516043, GL34095871, GL34116223.

शाखा का नाम: खटीमा-टनकपुर रोड जीएल, तालुका - खटीमा
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL24311231, GL24602107, GL24644874, GL24775137, GL24859684, GL24979113, GL25211159, GL25791946, GL27195277, GL28804032, GL33140068, GL33683986.

शाखा का नाम: किच्छा-उधमसिंहनगर जीएल - किच्छा
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL34432422, GL34454074.

शाखा का नाम: रुद्रपुर यूके -नैनीताल रोड, तालुका - किच्छा
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL27630521, GL31929233, GL31930391, GL32270583, GL34350050, GL34475556, GL34481325.

शाखा का नाम: रुद्रपुर यूके - सोलंकी हाइट्स जीएल, तालुका - किच्छा
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL33775302, GL33793935, GL33800855.

शाखा का नाम: सितारगंज-जीएल, तालुका - सितारगंज
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL30708868, GL30710336, GL34357791.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 11.09.2025
स्थान: उधम सिंह नगर

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# डीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

■ ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, राहत व पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, सड़कों, पुलों और स्कूलों की क्षति पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं करने का आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** शासन के दिशा-निर्देश पर जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने मंगलवार देर शाम तहसील घनसाली क्षेत्र के आपदा प्रभावित गांवों-कोट, विशन, भिगुन, तिनगढ़, तोली, जखाणा और बूढ़ाकेदार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द राहत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि घनसाली क्षेत्र के दो बड़े प्रोजेक्ट शासन से स्वीकृत हो चुके हैं और शीघ्र ही उन पर कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि बासर नहर आपदा में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है, जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। इस नहर के प्राक्कलन प्रस्ताव को जल्द शासन को भेजा जाएगा ताकि स्वीकृति मिलने पर कार्य प्रारंभ किया जा सके।अतिवृष्टि और भूस्खलन से जखाणा से गैंवाली गांव को जोड़ने वाली सड़क ध्वस्त हो गई है और जखाणा से आगे के दो पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर संपर्क बहाल करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई और बेवकॉस अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर अगले दस दिन के भीतर आवागमन शुरू करने का प्रयास होगा, जबकि मुख्य पुल का कार्य दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने उनसे पंद्रह दिनों में किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा।

ग्रामीणों ने अवगत कराया कि खाद्य विभाग ने पहले से तीन माह का अग्रिम राशन उपलब्ध कराया था। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अगले दो माह का राशन भी शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। साथ ही बालगंगा नदी पर बने संपर्क पुल के क्षतिग्रस्त होने और रा.इ.का. कोट विशन में पढ़ने वाले छात्रों को हो रही परेशानी का मुद्दा भी उठाया गया। जिलाधिकारी ने छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों को वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।तोली और तिनगढ़ गांव के प्रभावितों से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि कोट विशन के स्कूल के सुरक्षात्मक कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है और धनराशि उपलब्ध होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग की खराब स्थिति और स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को मार्ग का प्राक्कलन तैयार करने और तहसीलदार को स्ट्रीट लाइट लगाने की दिशा में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख भिलंगना राजीव कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला गो. विंद सिंह राणा, डीडीओ मो. असलम, एसडीएम संदीप कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि आपदा प्रभावित परिवारों की समस्याओं के समाधान में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और प्रशासन हर स्तर पर मदद के लिए तत्पर है।

## भालू से जंग जीतकर अस्पताल से घर लौटीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जखोली ब्लॉक के भुनालगांव में भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुईं दो महिलाओं को बेस अस्पताल श्रीनगर के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज देकर नया जीवन दिया है। दोनों महिलाएं पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर बुधवार को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गईं। बता दें कि 6 सितंबर को जखोली ब्लॉक के भुनालगांव निवासी 65 वर्षीय बुरांशी देवी और 55 वर्षीय शशि देवी गांव के पास के खेतों में गई थीं। तभी अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया।

महिलाओं ने साहस दिखाते हुए कुंदाल और दरांती से पलटवार किया और किसी तरह भालू को मौके से भगा दिया। संघर्ष में दोनों महिलाओं के हाथ, पैर, सिर, आंख और कान पर गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही रुद्रप्रयाग प्रशासन ने तुरंत हेलीकॉप्टर से दोनों महिलाओं को रुद्रप्रयाग अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेस अस्पताल श्रीनगर रेफर कर दिया गया, जहां सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मण यादव की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ।

बेस अस्पताल में करीब पांच दिन तक लगातार इलाज चला। इस दौरान महिलाओं के सीटी स्कैन सहित सभी आवश्यक जांचें की गईं। घायल शशि देवी के आंख और कान की चोट का इलाज संबंधित विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों ने किया। बुरांशी देवी की अन्य गंभीर चोटों का उपचार सर्जरी टीम ने किया। इलाज के बाद महिलाओं के परिजन भरत सिंह रावत और कुलदीप रौथाण ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। वहीं, जखोली के ज्येष्ठ प्रमुख नवीन सेमवाल ने भी बेस अस्पताल की चिकित्सा टीम की सराहना की।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

■ निर्माणाधीन योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।**जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम को जल जीवन मिशन स्वीकृत योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन योजनाओं का अधिकांश कार्य हो चुका है, उनको प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए। विकास खण्ड स्तर से गांवों में किए जा रहे हर घर जल सर्वेक्षण कार्यो को शीघ्र पूरा करें। इसमें जो भी शिकायत या समस्याएं आ रही है उनको तत्काल निस्तारण करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करें। हर घर जल सर्टिफिकेशन और स्रोत की जियो टैगिंग में वांछित प्रगति लाई जाए। जल जीवन मिशन के नोडल अधिकारी/जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण हेतु दूसरे चरण में जनपद में कुल 571 योजनाओं में से 468 पूर्ण कर ली गई है और 103 योजनाओं का कार्य चल रहा है। हर घर जल के अंतर्गत 1113 गांवों के सापेक्ष 700 गांवों में सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। कुल 1337 पेयजल स्रोत में से 1109 स्रोत की जियो टैगिंग कर ली गई है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, आदि मौजूद थे।

## प्राधिकरण का जीओ निरस्त करने की मांग पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मलेथा क्षेत्र में लागू प्राधिकरण के फ्रीज जोन के जीओ को निरस्त करने की मांग को लेकर बुधवार को देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा ने कीर्तिनगर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर मलेथा के ग्रामीणों ने देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के संस्थापक गणेश भट्ट के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी टिहरी को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस मौके पर गणेश भट्ट ने कहा कि रेलवे परियोजना शुरू होने से पूर्व स्थानीय ग्रामीणों को किसी भी जिला प्राधिकरण के कानून और धारा 07 के लागू होने के विषय में नहीं बताया गया था। जब आज ग्रामीण अपने मकान दूकान आदि के निर्माण कार्य कर रहे हैं तो उन्हें टिहरी जिला विकास प्राधिकरण द्वारा काम रुकवा कर नोटिस भेजे जा रहें है।

कहा कि ना तो वर्तमान में सुरंग में हुए विस्फोटों से हुए नुकसान के सापेक्ष मुआवजा दिया जा रहा है और न ही प्राधिकरण द्वारा मलेथा में रेलवे स्टेशन के 400 मीटर की दायरे में नए निर्माण कार्यों को करने दिया जा रहा है। भट्ट ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी को वर्ष 2024 में ही इस प्राधिकरण के लागू होने की जानकारी थी, लेकिन उनके द्वारा भी मलेथा के ग्रामीणों को गुमराह किया गया और इस काले कानून को लागू होने दिया गया।

## बच्चों के कौशल विकास को विकसित करने को दिया कम्प्यूटर

**श्रीनगर।** रोटरी क्लब अलकनंदा वैली उत्तराखंड द्वारा रोटरी इंटरनेशनल ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत बुधवार को राजकीय नंदन नगर पालिका स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा उन्नयन के तहत एक कंप्यूटर सिस्टम प्रदान किया। क्लब का मुख्य उद्देश्य स्कूल में पढ़ रहे बच्चों में कंप्यूटर के माध्यम से तकनीकी एवं कौशल विकास को विकसित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित राजकीय नंदन नगर जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापिका किरण नैथानी ने अलकनंदा वैली रोटरी क्लब द्वारा स्कूली बच्चों के लिए किए प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं धन्यवाद किया।

### एक नजर ...

## लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर सकारात्मक वार्ता: पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत

**कोटद्वार।** उत्तराखंड की लाइफ लाइन लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष विस्तार से वार्ता की उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि यह मार्ग जनभावनाओं के साथ साथ जीवन रेखा से संबंधित है, इस मार्ग के बन जाने से कोटद्वार के साथ साथ लालढांग हरिद्वार सहित समस्त कुमाऊं मंडल की जनता को लाभ मिलेगा। लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर मुख्यमंत्री ने पूर्व जिलाध्यक्ष को आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि नैनीताल हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में बात चल रही है शीघ्र ही केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस मार्ग को खोलने जा रही है।

## सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त न किए जाने पर जताया आक्रोश

**कोटद्वार।** उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार में अतिक्रमण की गई सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त न किए जाने पर आक्रोश जताया। कहा कि कोटद्वार क्षेत्र में सैकडों हेक्टेयर सरकारी भूमि अतिक्रमण की जद में है। लेकिन, अभी तक स्थानीय शासन अतिक्रमण नहीं हटा पाया है। इस संबध में बुधवार को समिति की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। कहा कि वर्तमान में जहां वन भूमि अतिक्रमण की जद में है, वहीं अन्य सरकारी भूमि पर भी कब्जे हो रखे हैं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी भूमि पर बाहरी प्रदेशों से आए लोगों की बसागत की जा रही है। कहा कि सरकार अतिक्रमण हटाओ अभियान तो चलाती है। लेकिन दबंग लोगों के भवनों को छोड़ दिया जाता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस संबध में संबधित विभागों को निर्देशित करने की अपील की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभमैंदोला, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, विपुल उनियाल, दुर्गाप्रसाद दूबे और शशिमोहन उनियाल शामिल रहे।

## कण्वाश्रम के विकास को आर्कियोलोजिकल सर्वे आफ इंडिया की टीम पहुंची कोटद्वार

**कोटद्वार।** कण्वाश्रम के विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों के दृष्टिगत केंद्र से बुधवार को आर्कियोलोजिकल सर्वे आफ इंडिया की टीम कोटद्वार पहुंची। कोटद्वार पहुंचने पर मेयर शैलेंद्र सिंह रावत सहित भाजपा पदाधिकारियों ने टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के विशेष प्रयासों से यह संभव हो पाया है। अब टीम द्वारा कण्वाश्रम जैसे ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विस्तृत सर्वेक्षण कर कार्यसूची तैयार की जायेगी। कहा कि कण्वाश्रम को राष्ट्रीय पटल पर स्थान दिलाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। शीघ्र ही कण्वाश्रम देश में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, राजेंद्र अन्थवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष रावत और वरिष्ठ नेता जगमोहन रावत सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिमालय दिवस पर किया गया गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार।** हिमालय दिवस पर बुधवार को वृक्ष मित्र समिति द्वारा ई टेक्नोमाइंड संस्थान में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनकवि गिरीश तिवारी गिर्दा को याद करते हुए उनकी जन आंदोलन का संदेश देने वाली कविताओं का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी मितेश्वर आनंद ने संस्थान में अध्ययनरत बच्चों को हिमालय के महत्व के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात हिमालय संरक्षण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद स्कालर्स एकेडमी की प्रधानाचार्य एकता रावत व ज्ञानवृक्ष स्कूल के निदेशक प्रशांत कुकरेती ने कहा कि हमें हिमालयी क्षेत्र में हो रही आधुनिक गतिविधियों को रोकना होगा। वृक्ष मित्र समिति अध्यक्ष डॉ आशुतोष पंत ने कहा कि हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना होगा जिससे हिमालय को नुकसान पहुंचे। मौके पर इस संबध में आम जन को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में ई टेक्नो माइंड के संस्थापक अजय जोशी, शिवम नेगी, उत्कर्ष नेगी, सुशांत कोहली व अभय जुयाल सहित संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# यमुनोत्री क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले चौहान

## सीएम बोले- जल्द लौटेगी पटरी पर चारधाम यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने यमुनोत्री क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर क्षेत्र की समस्या के निराकरण के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि यमुनोत्री हाईवे के बाधित होने के बारे मे वर्तमान में हाईवे बंद होने से श्रद्धालुओ और आम जन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा यमुना घाटी के लोगों का जीवन एवं आजीविका भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। यमुनोत्री धाम हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की



अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन का आधार है। प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं, जिससे व्यापार, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ संचालित रहती हैं। हाईवे बंद रहने से यह सब ठहर-सा गया है। चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री ने यमुनोत्री हाईवे को अतिशीघ्र खोलने हेतु सम्बन्धित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं, ताकि यात्रा सुगमता से प्रारम्भ हो सके और श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

### बड़कोट और चिन्यालीसौड महाविद्यालय का होगा उच्चीकरण

उत्तरकाशी: उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने जिले का राजकीय महाविद्यालय बड़कोट और चिन्यालीसौड़ के उच्चीकरण के निर्देश दे दिए है। भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने इस संबंध में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से भेंट कर छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। चौहान ने बताया कि शिक्षा मंत्री धन सिंह ने निदेशक उच्च शिक्षा से तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये है। चौहान ने बताया कि दोनों ही महा विद्यालयों मे इसी सत्र से कुछ विषयों की पढाई भी शुरू की जायेगी। शिक्षा मंत्री ने बड़कोट के प्राचार्य से भी वार्ता की। चौहान ने कहा कि बड़कोट महा विधालय नौगाव विकास खंड क्षेत्र का एक मात्र महा विधालय है और एक बड़ा क्षेत्र इसी मविधालय पर निर्भर है।

उच्च शिक्षा मंत्री से मिलने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी रमेश चौहान, बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, आशीष पंवार, विनोद चौहान उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गोविंद बल्लभ पंत जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बुधवार को भारत रत्न से सम्मानित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार नई टिहरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल द्वारा पंडित पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके उपरांत आईएएस प्रशिक्षु स्नेहिल कुंवर सिंह, एडीएम ए.के. पांडेय तथा कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की भूमिका केवल शासनादेशों को लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यालय में प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों पर तत्काल संज्ञान लिया जाए और उन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि किसी भी बैठक का कार्यवृत्त 24 घंटे के भीतर तैयार हो और कार्यालय में प्राप्त पत्रों पर की गई कार्यवाही की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार लाने की आवश्यकता है और इस दिशा में कर्मचारियों की जो भी मांगें हों, उन्हें समय रहते पूरा किया जाएगा। डीएम ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी सक्रियता और निष्ठा से निभाए।

## सम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित न होने पर छात्र परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित न होने से छात्रों में रोष व्याप्त है। छात्रों ने कहा कि प्रवेश लेने में उनकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ऐसे छात्रों को प्रवेश लेने में परेशानी हो रही हैं जिनके पूर्व सेमेस्टर में बैक है। ऐसे छात्र जिनके क्रेडिट पूरे नहीं हो पा रहे है वह नए सत्र में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। एलएलबी छात्र आशीष गोदियाल ने बताया कि उन्हें अभी पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश लेना था लेकिन दूसरे सेमेस्टर में एक विषय में बैक लगने के कारण उनके पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए निर्धारित क्रेडिट पूरे नहीं हो पा रहें हैं। ऐसे में प्रवेश फॉर्म अभी तक नहीं भरा है, जबकि प्रवेश की अंतिम तिथि निकलती जा रही है। उन्होंने अतिशीघ्र चौथे सेमेस्टर का परिणाम घोषित करने की मांग की। छात्र नेता महिपाल बिष्ट ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए प्रक्रिया तो शुरू कर दी है, लेकिन कई विद्यार्थी तीसरे, पांचवें, सातवें सेमेस्टर में एडमिशन नहीं ले पा रहे हैं, क्योंकि उनके दूसरे, चौथे व छठवें सेमेस्टर के परिणाम घोषित नहीं हो पाए हैं। जय सिंह चौहान ने बताया कि गढ़वाल विवि में परीक्षा परिणामों को घोषित किए जा रहें है।

## नाबालिग से दुष्कर्मी को 10 साल की सजा, 5 हजार जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) अमित कुमार सिरो. ही की अदालत ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर कई महीनों तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी सुरेश कुमार को दोषी पाते हुए बुधवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने उस पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि आरोपी अर्थदंड नहीं भरता है, तो उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि पीड़िता को प्रतिकर स्वरूप 5 लाख रुपये की धनराशि 30 दिन के भीतर प्रदान की जाए।

मामला जौनपुर ब्लॉक के एक गांव का है। 16 वर्षीय पीड़िता 19 अप्रैल 2018 को अचानक घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन पीड़िता के पिता देहरादून पहुंचे, जहां गांव के तीन लोगों ने उन्हें बताया कि उनकी पुत्री को पास के एक घर की ओर जाते देखा गया है। इसके बाद पीड़िता के पिता ने 21 जुलाई 2018 को थाना रायपुर में इसकी सूचना दी। चूंकि घटना टिहरी जिले से संबंधित थी, इसलिए पुलिस उप महानिरीक्षक गढ़वाल के निर्देश पर मामला थाना चंबा को सौंपा गया।

विशेष लोक अभियोजक (पोक्सो) महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि थाना चंबा पुलिस ने 26 सितंबर 2018 को मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की। इसके बाद 8 नवंबर 2018 को सहारनपुर के एक ढाबे से नाबालिग को आरोपी सुरेश कुमार के साथ बरामद किया गया। आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर नई टिहरी जेल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में कराए गए मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने 4 जनवरी 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

न्यायालय में दिए गए अपने बयान में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे बहलाकर देहरादून, सहारनपुर और कई अन्य स्थानों पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए कई गवाहों और दस्तावेजों को पेश किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद आरोपी को दोषी ठहराया और कठोर सजा सुनाते हुए यह संदेश दिया कि नाबा. लिगों के साथ होने वाले ऐसे अपराध किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# चारधाम यात्रा को पटरी पर लाने में जुटा प्रशासन

**शाह टाइमस संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** मानसून सीजन के दौरान जनपद में आई आपदा के बाद शासन- प्रशासन एक बार पुन: चारधाम यात्रा कराने की तैयारियों में जुट गये है।

बुधवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत की। जिलाधिकारी ने कहा कि धराली आपदा के बाद गंगोत्री धाम की यात्रा बीते मंगलवार से शुरू हो चुकी है। लेकिन यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग अनेक स्थानों पर बाधित होने से यमुनोत्री धाम की यात्रा बस कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द अगले 13 सितम्बर से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जिले की अधिकांश लोगों की आजीविका



चारधाम यात्रा पर निर्भर है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम और सड़क मार्ग की स्थिति को देखते हुए यात्रियों को सीमित संख्या में गंगोत्री धाम भेजा जा रहा है। वर्तमान में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू,नाल. ूपानी,हेलगुगाड़,डबरानी संवेदनशील स्थान है। जहां रुक-रुक के भूस्खलन हो रहा जिससे यातायात व्यवस्था बाधित भी होती रहती है। सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त स्थानों में सड़क मार्ग को सुचारू करने हेतु पर्याप्त मशीनरी एवं टीमें तैनात की गई है। वहीं यमुनोत्री धाम की यात्रा अगले सप्ताह तक पुन: शुरू कराने के प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा यमुनोत्री नेशनल हाइवे जंगलचट्टी, बनास,फूलचट्टी के पास क्षतिग्रस्त है। जंगलचट्टी में करीब 150 मीटर सड़क मार्ग का हिस्सा ध्वस्त हुआ था। जिसे सुरक्षित और समतलीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसी तरह बनास में करीब 40 मीटर सड़क का हिस्सा ध्वस्त हुआ है और फूलचट्टी में भी सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त है जिसे एनएच के द्वारा 12 सितम्बर तक सुचारू करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से भी अपील करते हुए कहा कि गंगोत्री धाम की यात्रा के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी एसओपी का पालन करें। बता दें कि प्रशासन ने

एसओपी जारी कर उत्तरकाशी से गंगोत्री तक केवल लोकल वाहनों से ही तीर्थ यात्री यात्रा करवा सकेंगे।

जिलाधिकारी ने गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम में आने वाले यात्रियों का ब्यौरा भी मीडिया को दिया। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त तक गंगोत्री धाम में 6 लाख 68 हजार 365 एवं यमुनोत्री धाम में 5 लाख 85 हजार 237 यात्री दर्शन कर चुके है। इस दौरान जिलाधिकारी ने धराली आपदा में राहत एवं बचाव कार्यों की भी मीडिया को जानकारी दी।

## शैलनट ने गढ़वाल विवि के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वगात

**श्रीनगर।** शैलनट संस्था श्रीनगर द्वारा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लोक कला निष्पादन केंद्र में नवनियुक्त निदेशक गणेश कुकशाल गणी भाई, उपनिदेशक डॉ. संजय पाण्डेय, उप निदेशक डॉ. महेंद्र पंवार का अभिनन्दन व स्वागत किया गया। शैलनट श्रीनगर गढ़वाल ने इन तीनों की नियुक्ति को लोक संस्कृति के लिए सकारात्मक ऊर्जा व बेहतर भविष्य बताया। आयोजन में संस्था के वरिष्ठ सदस्य नामचीन कवि सर्व नीरज नैथानी, महेश गिरि, जयकृष्ण पैन्यूली, देवेन्द्र उनियाल, हेम चन्द्र मंमगाई, प्रिस गिरि, सागर मंमगाई, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित उछोली, युवा रंगकर्मी अंकित भट्ट, प्रदीप अंथवाल, श्रीकांत सहित आदि मौजूद थे।

# गर्भवती के लिए देवदूत बनी पुलिस स्ट्रैचर से करवाया स्लाइडिंग जोन पार

■ गंगोत्री हाईवे के नालूपानी में फंसीं थी गर्भवती महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** गंगोत्री हाईवे का नालूपानी भूस्खलन क्षेत्र नासूर बन गया है आये दिन बंद हो रहा है। बुधवार को एक गर्भवती महिला को एम्बुलेंस के माध्यम से चिन्यालीसौड़ से उत्तरकाशी जिला अस्पताल पहुंचाया जा रहा था, गंगोत्री हाईवे, नालूपानी स्लाईडिंग जोन के पास आवाजाही बाधित होने से महिला स्लाईडिंग जोन के पास फंस गयी थी और परिजन से उसे



अस्पताल तक नहीं पहुंचा पा रहे थे। मौके पर यातायात निरीक्षक संजय रौथाण के नेतृत्व में ड्यूटीरत यातायात कर्मियों द्वारा महिला के परिजनों व स्वास्थ्य कर्मियों की मदद लेत हुये महिला को स्ट्रेचर से डेंजर जोन पार करवाकर बिना देरी किये यातायात पुलिस के सरकारी वाहन से देवीधार तक पहुँचाकर एम्बुलेंस से उत्तरकाशी जिला चिकित्सालय के लिये भेजा गया।

गौरतलब है कि मानसून सीजन समाप्त हो चुका है लेकिन गंगोत्री हाईवे पर भूस्खलन का दौरा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन ने भी गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के धरासू,नालूपानी,हेलगुगाड़,डबरानी चार स्थानों को संवेदनशील घोषित कर रखा है। जहां रुक-रुक के भूस्खलन हो रहा जिससे यातायात व्यवस्था बाधित भी होती रहती है।

## ड्रग्स इंस्पेक्टर का कलियर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर औचक निरीक्षण
# प्रतिबंधित दवाई बेची, तो होगी कार्रवाई : हरीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ड्रग इंस्पेक्टर रुड़की हरीश कुमार ने कलियर क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेल-पर्चेज रजिस्टर, कोल्ड स्टोरेज, सीसीटीवी कैमरे और बिल संबंधी दस्तावेजों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोरों पर धूल-मिट्टी और गंदगी देख उन्होंने नाराजगी जताई।ड्रग्स इंस्पेक्टर ने मेडिकल संचालकों को साफ-सफाई और मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के सख्त निर्देश दिए है।ड्रग्स इंस्पेक्टर हरीश कुमार ने कहा कि यदि कोई भी मेडिकल स्वामी प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करते हुए पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।अभियान आगे भी जारी रहेगा। ड्रग्स इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर स्वामियों को साफ हिदायत दी है कि कोई भी नशीली यानि प्रतिबंधित दवाई न बेंचे और न खरीदें क्योंकि नशे की वजह से हमारे युवा बर्बाद हो रहे हैं। नशा तस्कारों ने युवाओं की सोच पर कब्जा जमा लिया है। इसलिए अगर प्रतिबंधित दवाईयां बेचते हुए पाये गये तो सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर शहजाद ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने और मेडिकल संचालको ने टीम का पूरा सहयोग किया गया है। कलियर के सभी मेडिकल संचालकों के साथ समय समय बैठक कर उन्हें प्रतिबंधित दवाओं को नही बेचने की अपील की जाती है।आगे भी निरीक्षण टीम का पुरा सहयोग किया जाएगा।इस मौके पर यूनुस ,फैसल,कुर्बान ,नईम, आरिफ ,सत्तार, रिजवान आदि मौजूद रहें।



# वन विभाग का छापा, 70 कोबरा व 16 रसल वाइपर प्रजाति के सांप बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** खंजरपुर में वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से बिना अनुमति चलाए जा रहे विष संग्रह गृह को पकड़ा है। मौके से 70 कोबरा एवं 16 रसल वाइपर प्रजाति के सांप बरामद किए गए हैं।

गुखबिर द्वारा वन विभाग की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम खंजरपुर तहसील-रुड़की, जिला हरिद्वार में किसी व्यक्ति द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबन्धित सांप अपने कब्जे में रखे गये हैं। सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर छापेमारी की गई। घटना स्थल पर पहुंचकर ज्ञात हुआ कि उक्त स्थल पर एक सर्प विष संग्रहण केन्द्र की स्थापना की गई है। मौके पर उक्त संग्रहण केन्द्र के स्वामी नितिन कुमार के प्रतिनिधि विष्णु की उपस्थिति में छापेमारी की कार्यवाही की गई। उक्त विष संग्रहण केन्द्र हेतु आवेदक नितिन कुमार को पूर्व में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून के द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2022 द्वारा प्राणरक्षक औषधियों के विनिर्माण के लिये सर्प विष संग्रहण केन्द्र, ग्राम बिशनपुर ज्वालापुर, जिला हरिद्वार में स्थापना हेतु में एक वर्ष की सशर्त अनुमति दी गई थी, जो दिसम्बर 2023 में समाप्त हो चुकी थी। वर्तमान में उक्त व्यक्ति के पास सर्प संग्रहण अथवा विष संग्रहण केन्द्र की कोई वैध अनुमति नहीं है। छापेमारी के दौरान उक्त केन्द्र में 70 कोबरा तथा 16 रसल वाईपर पाये गये, जो कि भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 (यथासंशोधित 2022) की अनुसूची-1 के अन्तर्गत संरक्षित प्रजाति घोषित है। वन विभाग की टीम द्वारा उपरोक्त सर्पों को जब्त किया गया है एवं भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 (यथासंशोधित 2022) की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है।उपरोक्त कार्यवाही में हरिद्वार वन प्रभाग से सुनील बलूनी, उप प्रभागीय वनाधिकारी रूड़की, विनय राठी, वन क्षेत्राधिकारी रूड़की, सुरक्षा बल रुड़की एवं राजाजी टाइगर रिजर्व से श्री अजय लिंगवाल, उप निदेशक / वन्यजीव प्रतिपालक के साथ पीपुल फॉर एनिमल्स संस्था के प्रतिनिधि तथा अन्य उपस्थित रहे।

# हत्या के शक में पुलिस हिरासत में युवक की हालत बिगड़ी, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** स्थानीय पुलिस के हाथ पांव उस समय फुल गए जब युवक की हत्या के मामले में हिरासत में लिए युवक की रात के समय तबीयत खराब हो गयी। पहले तो पुलिस ने युवक का अपने स्तर से इलाज कराया। मगर तबीयत में सुधार न होते देख पुलिस ने आनन फानन में युवक को परिजनों की सुपुर्दगी में देकर उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ते देख डाक्टरों ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है।

गाधारोणा निवासी 28 वर्षीय साहब सिंह 29 अगस्त की सुबह अपने ही गांव के एक युवक के साथ बाइक पर दवाई लेने गया था। जो संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था, 7 सितम्बर को युवक का शव आसफनगर झाल से सड़ी गली अवस्था में बरामद हुआ था। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने लंढौरा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी का घेराव के बाद रुड़की-लक्सर मार्ग पर जाम लगा दिया था। हालांकि सीओ विवेक कुमार व इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह द्वारा मामले में कानूनी कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मार्ग से जाम हटा दिया था। मृतक युवक के परिजनों द्वारा गांव के ही युवक पर हत्या के आरोप के बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया था। बताया गया है कि सोमवार की देर रात बार-बार उल्टियां करने से युवक की हालत बिगड़ गई पहले तो पुलिस ने युवक का अपने स्तर से इलाज कराया। मगर उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद पुलिस ने रात को ही आनन फानन में युवक को परिजनों की सुपुर्दगी में देकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होते देख चिकित्सकों ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया जहां उसका उपचार जारी है। वही इस बाबत पुछे जाने पर चौकी प्रभारी नवीन चौहान मामले से अनभिज्ञता जता रहे हैं।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : जेएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अधिष्ठान की रोकथाम के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तहसील स्थित सभागार में आयोजित बैठक ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक कुमार शेट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाए इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस हेतु सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सतर्कता बरतें और अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके साथ ही विभागों के मध्य आपसी समन्वय स्थापित कर समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण करने पर भी बल दिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को शासकीय भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।बैठक में मुख्य नगर आयुक्त राकेश तिवारी,थाना प्रभारी गंगनहर मनोहर भंडारी,थाना प्रभारी सिविल लाइन्स मनीष उपाध्याय, अधिशासी अभियंता सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, खंड विकास अधिकारी रूड़की एवं नारसन, सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिका प्रतिनिधि तथा राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांति भंग में एक का किया चालान

**झबरेडा।** पुलिस ने शांति भंग में एक आरोपित का चालान कर न्यायालय में पेश किया है। झबरेडा थाना अध्यक्ष अजय साहनी जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मंगलवार रात्रि शांति व्यवस्था के लिए गस्त कर रही थी गस्त के दौरान एक व्यक्ति शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। पुलिस ने व्यक्ति को गाली गलौज करने से मना किया गया तो नहीं माना किसने आरोपित विशाल निवासी मोहल्ला कुम्हारान कस्बा थाना झबरेड़ा को हिरासत में लेकर आने लाया गया तथा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पत्नी लापता, पति ने पुलिस से लगाई तलाश करने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र के मुकर्रबपुर चांद साबरी मस्जिद निवासी एक व्यक्ति पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी की तलाश करने की गुहार लगाई है।

चाँद मस्जिद मुकर्रबपुर पिरान कलियर निवासी मुस्ताक ने पुलिस को तहरीर देकर बाताया है कि उसकी पत्नी (38) नसीमा खातून 20 अगस्त को अचानक बिना बताए घर से कहीं चली गई। उन्होंने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी घर से जाते समय नगदी और कीमती सामान भी साथ लेकर गई है। जिससे परिवार को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित पति ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी पत्नी को जल्द से जल्द खोजा जाए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस व पब्लिक ने मिलकर चलाया नशे के विरुद्ध अभियान
# जन सहयोग से ही नशे पर लग सकती है लगाम : एसपी देहात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाति ने कहा कि आज की पीढ़ी के अधिकतर युवा नशे की चपेट में आते जा रहे हैं। शहर कस्बा हो या गांव में स्थित मेडिकल स्टोरो पर धड़ल्ले से नशे का कारोबार चलाया जा रहा है। सरकार व संबंधित विभाग को नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर इससे कड़ाई से निमटना चाहिए। कस्बा झबरेड़ा में स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर जोधपुर सिंह वर्मा के आवास पर एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाती ने खुले शब्दों में कहा कि जब तक सरकार व मेडिकल स्वास्थ्य विभाग का रवैया सक्त नहीं होगा जब तक नशे का यह कारोबार रुकने वाला नहीं है । उन्होंने कहा कि कई बार अखबारों के माध्यम से पता चलता है कि नशे के लिए पैसे ना देने पर बेटे ने मां बाप को मौत के घाट उतार दिया। इससे भयावय स्थिति और क्या हो सकती है। नशा कारोबार करने वालों के विरुद्ध कड़ाई से निमटना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष झबरेड़ा किरण चौधरी ने कहा कि आज का युवा नशे की गिरफ्त में जकडता जा रहा है जो बहुत गलत है। जिस परिवार में नशा करने वाले व्यक्ति होते हैं उस परिवार की आर्थिक स्थिति व सामाजिक स्थिति दयनीय हो जाती है ।डॉक्टर गौरव चौधरी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस ने कहा कि नशे के विरुद्ध सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस पर अंकुश लगाने का काम करना चाहिए। नशा शराब का हो या भांग कैसा भी हो नशा नाश की जड़ होता है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि पुलिस द्वारा नशा मुक्ति उत्तराखंड बने अभियान चलाकर समय-समय पर गांव की चौपाल तथा थानों में गणमान्य लोगों की बैठक कर नशे से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराकर उसे बंद करने को कहा जा रहा है। एसपी देहात ने कहा कि जन सहयोग से ही नशे के धंधे पर लगाम लगाया जा सकती है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि नशा तस्करों वह नशा करने वालों के खिलाफ पुलिस का सहयोग करें तभी हम इसमें कामयाबी पा सकते हैं अनीता भारती ड्रग्स इंस्पेक्टर हरिद्वार ने कहा कि नशा का कारोबार रोकने के लिए उनके द्वारा समय-समय पर मेडिकल स्टोर पर छापे मारे जाते हैं। जिस भी मेडिकल स्टोर पर छापे के दौरान प्रतिबंधित दवाइयां तथा नशे के इंजेक्शन या टैबलेट आदि मिलती है। उस पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। इस अवसर पर डॉक्टर जोध सिंह वर्मा डॉक्टर तेजपाल सिंह डॉक्टर गौरव चौधरी संजय कुमार राव कुर्बान अली महिपाल सिंह अरविंद कुमार अनुज सैनी सभासद जसवीर सिंह सुधीर कुमार यशवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।




# सढौली मे पंचायत एडवांसमेट इन्डेक्स को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** भारत सरकार द्वारा पंचायतो मे विकास को बढावा देने के लिए समय-समय पर कई कार्यक्रमो और योजनाओ को लागू किया जाता रहा है ताकि गांव विकास के पथ पर निरंतर आगे बढते रहे। इसी क्रम मे विकासखंड नारसन के ग्राम पंचायत सढौली मे भारत सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा लागू किये गये पंचायत एडवांसमेट इन्डेक्स को लेकर ग्राम सभा में एक बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुऐ ग्राम पंचायत सचिव अली खान द्वारा बताया गया कि पंचायत एडवांसमेट इन्डेक्स किसी भी ग्राम पंचायत के किन-किन मानको को रेखांकित करता है और इसके क्या क्या लाभ है ग्रामीणो को इसके महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए इसके बारे मे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि यह एक मूल्यांकन प्रणाली है जिसके माध्यम से ग्राम पंचायतों की तरक्की या प्रगति को मापा जाता है। इसका उद्देश्य यह देखना होता है कि पंचायतें ग्राम विकास योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों को कितनी प्रभावी ढंग से लागू कर रही हैं। पंचायत एडवांसमेट इन्डेक्स की मुख्य बातो पर प्रकाश डालते हुए पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि इस इन्डेक्स के माध्यम से किसी भी पंचायत मे प्रशासनिक दक्षता,ग्राम सभा की बैठकें,निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता,ई-गवर्नेंस का उपयोग ,आर्थिक उन्नति,ग्रामीण रोजगार और स्वरोजगार ,महिला स्व-सहायता समूह,आय वृद्धि और गरीबी उन्मूलन,सामाजिक प्रगति पर शिक्षा स्तर,स्वास्थ्य सुविधाएँ,पोषण और स्वच्छता, सामाजिक समानता,बुनियादी ढाँचा,सड़क,,बिजली,आवास, जलापूर्ति और स्वच्छ पेयजल, डिजिटल कनेक्टिविटी और पर्यावरण एवं संसाधन प्रबंधन जैसे वृक्षारोपण,जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा जैसे मानको को परखकर उसका एक सूचकांक तैयार किया जाता है- इसके साथ ही पंचायतों के प्रदर्शन की तुलना करना भी इस इन्डेक्स मे शामिल है जिसमे कमजोर पंचायतों की पहचान करके उन्हें सुधारने की योजना बनाकर उनमे संबधित योजनाओ को लागू करके आमजन को सुविधाऐ प्रदान की जा सके। बैठक मे ग्राम प्रधान मुकेश कुमार सहित सभी ग्राम पंचायत सदस्य, कार्यकत्री और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बत्रा ने रामनगर रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विधायक प्रदीप बत्रा ने रामनगर रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने वादा किया कि बरसात के तुरंत बाद शहर की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त हो जाएंगी। वहीं गेयर को उन्होंने डिबेट का चौलेंज भी दे डाला।

रामनगर स्थित रामलीला मैदान में पहुंचे विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है यहां कलर टाइल्स लगाई जा रही है और रामलीला शुरू होने से पूर्व यह कार्य पूरा होगा ताकि रामलीला देखने आने वालें श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। वहीं उन्होंने कहा बरसात खत्म होने के साथ ही रुड़की की सड़कें पूरी तरह गड्ढा मुक्त हो जाएंगी। कहा कि हॉटमिक्स प्लांट शुरू हो चुके हैं फिलहाल सड़कों को चिन्हित किया जा रहा है और जल्द ही उनके निर्माण और मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा। वहीं मेयर अनीता अग्रवाल के प्रतिनिधि द्वारा विधायक के विकास कार्यों पर उठाए सवालों पर उन्होंने कहा कि बीस वर्षों से लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि निगम को नालों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर करवानी चाहिए और यही बात बोर्ड बैठक में भी मैने उठाई थी। इसके साथ ही उन्होंने मेयर को सलाह दी कि निगम में नए जुड़े क्षेत्रों को विकास की ज्यादा जरूरत है वहां पहले कार्य करवाएं जाएं। वहीं मेयर और उनके प्रतिनिधि के द्वारा की जा रही टिप्पणी पर पत्रकारों ने पूछा तो विधायक ने कहा कि अगर मेयर या उनके प्रतिनिधि चाहें तो डिबेट कर सकते हैं।

# ग्राम पंचायतों की भूमि को मुक्त कराने की दिशा में विधायक झबरेड़ा की महत्वपूर्ण पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 23 वर्षों से एक कंपनी के कब्जे में चली आ रही किसानों की 18 बीघा भूमि कब्जा मुक्त करवाने के लिए झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने प्रशासनिक अधिकारियों की मध्यस्ता में कंपनी अधिकारियों से वार्ता की। मामले में कंपनी की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिला। झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाति ने बताया कि ग्राम पंचायत लठारदेवा हुन एवं खानमपुर कुरसाली की लगभग 18 बीघा भूमि, जो वर्ष 2002 से एक कंपनी के कब्जे में थी, उसको ग्राम पंचायतों को वापस दिलाने की दिशा में कदम उठाते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, तहसीलदार रुड़की,अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, अशाई ग्लास इंडिया के उच्च अधिकारियों एवं क्षेत्रीय ग्रामवासियों की उपस्थिति में बैठक की। विधायक ने बताया कि बैठक के दौरान कंपनी, प्रशासन और ग्रामीणों के बीच गहन चर्चा हुई जिसमें भूमि से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायतों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत कब्जा स्वीकार्य नहीं है, और इस भूमि को शीघ्र ही ग्राम पंचायतों के नाम दर्ज कराने के लिए कानूनी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि लंबे समय से कंपनी के कब्जे में होने के कारण ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में कठिनाई आ रही थी। ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रयास से अब गाँव के विकास और स्थानीय योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। बैठक के दौरान अशाई ग्लास इंडिया के प्रतिनिधियों ने भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए प्रशासन के साथ सहयोग करने का आश्वासन दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की ने कहा कि,"ग्राम पंचायतों की भूमि ग्रामीणों की साझा संपत्ति है और इस पर ग्राम पंचायत का पूर्ण अधिकार होना चाहिए।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वर्गीय पुत्र मनोज कुमार की पत्नी गीता का आचरण मेरे व व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने अपनी पुत्रवधु गीता को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद गीता के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**देशराज पुत्र हरनंद नि. ग्राम मेहतौली टांडा थान व तह. लक्सर, जिला हरिद्वार।**

# कलश यात्रा में गई महिला की चेन व पेंडल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामकथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में महिला की चेन चोरी हो गई। मामले में पीड़िता ने तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रामकथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में महिला की चेन चोरी हो गई। गंगनहर कोतवाली पुलिस को साकेत कॉलोनी निवासी अनिता गोयल पत्नी अनिल कुमार गोयल द्वारा दी तहरीर में बताया कि वह राम कथा कलश यात्रा में शामिल होने गई थी। यात्रा समाप्त होने के बाद उन्होंने देखा कि उनके गले में पड़ी चेन और दो पेंडेंट गायब थे। इतना ही नहीं वहां चार पांच अन्य महिलाओं ने भी चेन चोरी होने की बात कही। अनीता गोयल के अनुसार यात्रा शुरू होने से पहले उनके गले में चेन और पेंडेंट थे जिसके फोटो वीडियो उनके पास मौजूद हैं। अनीता गोयल के अनुसार भीड़ में शामिल चार से पांच महिलाओं द्वारा धक्का मुक्की की जा रही थी उक्त संदिग्ध महिलाओं ने कलश यात्रा के ड्रेस कोड से अलग तरह के कपड़े पहने हुए थे। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है और कलश यात्रा की वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखें है।

# कलियर क्षेत्र से दो किशोरी लापता

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति पुलिस को तहरीर देकर अपनी भांजी और नाबालिग पुत्री को तलाश करने की मांग की है।पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर दोनो किशोरियों की तलाश शुरू कर दी हैं। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के हबीबपुर निवादा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी भांजी उसके घर पर रह रही थी।6 सितंबर को भांजी और उसकी पुत्री अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई है।उन्होंने दोनों किशोरियों को आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश किया।लेकिन उनका कुछ पता नही चल पाया।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर दोनों किशोरियों को तलाश करने की मांग की हैं। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज दोंनो किशोरियों की तलाश शुरू कर दी हैं।

## झिड़ियान ग्रांट में गुरु रविदास महाराज के सत्संग का आयोजन
# रविदास ने भेदभाव दूर करने को लिया अवतार : सुबोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** झिड़ियान ग्रांट में गुरु रविदास सत्संग का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने भेदभाव दूर करने के लिए भारत में अवतार लिया था। गुरु रविदास भारत में 15वीं शताब्दी के एक महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि, समाज-सुधारक थे। इस मौके पर महात्मा अवनेश दास जी,महात्मा राजेश दास जी,महात्मा मेघराज दास जी,महात्मा बब्लू दास जी,महात्मा बीरम दास जी,महात्मा राज कुमार दास जी,महात्मा मेहर सिंह जी, जाति राम जी, मुख राम मास्टर जी, कवर पाल जी,विजय पाल जी, तेजपाल जी, जोगेंद्र दास जी, मांगे राम जी, पृथ्वी दास जी, अनुराग जी, राहुल जी, सावन जी, अभिनव जी, नितिन जी, इसकन जी आदि लोग मौजूद रहे।



# चमनलाल में हिमालय दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में हिमालय दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर एम.एल. शर्मा ने हिमालय को पूजनीय बताते हुए कहा कि हिमालय का वर्णन वेदों में पुरातन काल से मिलता है हिमालय पौराणिक कथाओं से जुड़ने के अलावा शिव की साधना का भी स्थल रहा है।

आइक्यूएसी एवं भूगोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भूकंप अभियंत्रिक तकनीकी विभाग आई.आई.टी रुड़की के प्रोफेसर एम.एल.शर्मा ने हिमालय को उत्तरी भाग का प्रहरी बताते हुए यूरोपियन, रूस, ईरान और इंडो बर्मन क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अधिकांश भूकंप इन्हीं क्षेत्रों में आते रहते हैं उन्होंने गंगाजल के मिनरल तथा उसके सभी तत्वों का जिक्र किया और बताया कि हिमालय की जो प्लेट्स हैं वह 2 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष बढ़ रही है तथा 400 साल में लगभग 8 मी. बढ़ जाएगी। उन्होंने हिमालय को आयुर्वेदिक औषधियों का भंडार बताते हुए कहा कि मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का अधिक दोहन किया है जिसके कारण दिन प्रतिदिन आपदाएं बढ़ रही है। कार्यक्रम मे महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा व कोषाध्यक्ष अतुल हरित ने साल 2013 में आई केदारनाथ त्रासदी का भी जिक्र करते हुए कहा कि हिमालय को अगर बचाना है तो हमें प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना होगा। कार्यक्रम समन्वयक आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपा अग्रवाल एवं डॉ. नवीन त्यागी भूगोल विभाग ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 11 सितम्बर 2025

## नर्म पड़ते ट्रम्प

पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों में भारत के प्रति अब काफी नर्मी दिखाई दे रही है और अब वह भारत से संबंध सुधारने की बात कह रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत–अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले सप्ताह में बातचीत करने की प्रशंसा कर रहा हूं। वहीं पीएम मोदी नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर लिखा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारी व्यापार वार्ता भारत–अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारतीय टीम इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही है और पीएम मोदी भी बातचीत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने को उत्सुक हैं। मतलब साफ है कि भले ही ट्रम्प भारत के प्रति टैरिफ को लेकर आक्रामकता दिखाते रहे हों, यहां तक कि उनके प्रशासन के अधिकारी भी भारत के प्रति आक्रामकता अपने बयानों से दिखा चुके हों, लेकिन पर्दे के पीछे भी संबंधों को बेहतर करने की बात जारी रही है। इससे साफ है कि अब तक भारत की नीति ट्रम्प के बयानों को लेकर बिल्कुल सही रही है। भारत ने कभी भी उत्तेजित होकर अमेरिका के बयानों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया नहीं जताई। यह उसकी कमजोरी नहीं आत्मविश्वास ही था। भारत को विश्वास था कि यह स्थिति ज्यादा देर तक टिकने वाली नहीं है, क्योंकि अमेरिका भारत को ज्यादा देर तक नजरअंदाज नहीं कर सकता।

जिस तरह भारत ने अपनी कूटनीति से शंघाई सम्मेलन में जो चीन में आयोजित हुआ था शिरकत की और पीएम मोदी ने चीनी और रूसी राष्ट्रपति के साथ जो बॉन्डिंग वहां दिखाई उससे विश्व मंच पर बेहद सकारात्मक संदेश गया और कुछ कहे बिना ही वह सब हो गया जिसकी आशा भारत कर रहा था। शंघाई शिखर सम्मेलन के बाद ही ट्रम्प के बयानों में नर्मी आती दिखाई दी। हालांकि जिस तरह का व्यवहार अब तक ट्रम्प का रहा है, उन पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए भारत को बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि ट्रम्प का रुख कोई यूं ही नहीं बदला। जिस तरह वह भारत पर अतिरिक्त टैरिफ को लेकर अपने ही घर में घिरे थे और अमेरिका में ही उन्हें बड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था, उस वातावरण ने भी उन्हें काफी असहज किया होगा। यूं भी आज की तारीख में अगर अमेरिका का कोई दुनिया में प्रतिद्वंद्वी देश है तो वह चीन ही है और चीन को रोकने के लिए भारत से बेहतर कोई देश स्थिति में नहीं है। इसलिए भी ट्रम्प की आलोचना हो रही थी कि उनकी टैरिफ नीति ने भारत को चीन के पाले में जाने का अवसर प्रदान कर दिया। हालांकि भारत ने अपनी तरफ से साफ किया कि उसकी अपनी स्वतंत्र नीति है और उसके किसी भी देश के साथ संबंध किसी अन्य देश को चिढ़ाने के लिए नहीं हैं। अब देखना है कि व्यापारिक मतभेद कहां तक हल होते हैं।

## हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं



बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत, हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे, लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं, जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपये दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा, मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं, नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं, मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा।

**ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश



**सुरेंद्र राजपूत**



भारत तो नेपाल–बंगलादेश जैसी अराज. कता को पहले ही भुगत चुका है। जब विदेशी ताकतों की साजिश में हमारी सरकार को अस्थिर किया गया था। सन 2012–13 को याद करिए। इंडिया अगेंस्ट करप्शन का बैनर और चीखती चिल्लाती भीड़ सरकार को पैदल करने पर आमादा थी। जिस तरह नेपाल बंगाल की भीड़ के पास कोई विचार नही था, उसी तरह इंडिया अगेंस्ट करप्शन के नीचे बैठे लोग विचार शून्य थे। उस वक्त भी भयंकर हिंसा और अराजकता फैलती अगर सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह का नेतृत्व न होता।

जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ सेना।की टुकड़ी की मोर्चेबन्दी हो रही थी। सभी बड़े लीडर निशाने पर थे । साजिश तो यहां तक थी कि जो युवाओं की भीड़ आई है। इसपर गोली चला दी जाए, ताकि सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़े। याद कीजिए जब रामदेव ने शलवार जम्पर पहनकर भागने की नौटंकी की थी। वह चाहता था कि गोली चले, युवा मरें और सत्ता रक्तरंजित हो मगर दूरंदेश सोनिया ने इसपर पानी फेर दिया। मनमोहन के घर जाकर, सोनिया ने स्पष्ट सन्देश दिया कि सरकार भले चल जाए, गोली नहीं चलनी चाहिए। यह युवा हमारे हैं, इन्हें नहीं पता कि यह क्या कर रहे हैं। इनका इस्तेमाल हो रहा है। यह इस्तेमाल आगे शोषण में बदल जाएगा मगर फिर भी, इनपर गोली नहीं चलनी चाहिए। यही वह मौका था जब विदेशी ताकतों की कठपुतलियां दिल्ली में नंगा नाच कर रही थीं। लोग अक्सर कहते हैं कि रामदेव वगैरह को एयरपोर्ट लेने के लिए चार चार कैबिनेट मंत्री क्यों गए, अन्ना से संवाद को इतना महत्वपूर्ण क्यों माना, वजह यही थी।सरकार युवाओं को अराज. कता छोड़कर यह बताना चाहती थी कि वह संवाद में यकीन करती है। इसीलिए रामदेव जैसों से भी बात को राजी है। सरकार ने उस वक्त भयंकर हिंसक अराजकता से देश को बचाया था, जो बंगलादेश और नेपाल की सरकारें नही कर सकीं। म्यांमार, पाकिस्तान, लंका, बंगलादेश और जो नेपाल में हुआ। वह भारत में सन 2012–13 में ही चुका था। जनता के लिए काम करने वाली लो. कतांत्रिक मूल्यों की सरकार को बदनाम किया गया। मनमोहन सिंह की आर्थिक प्रगति को उस वक्त तक रोका गया,आजतक आर्थिक मामला स्थिर नही हो सका। उस दिन से आजतक रोज रुपये की कीमत गिरती है, डॉलर बढ़ता है। देश को इस समय गम्भीर होकर सोचना होगा। सोनिया और मनमोहन सिंह का कृतज्ञ होना होगा कि उन्होंने सरकार तो गवा दी मगर देश की जनता को हिंसा और अराजक नही होने दिया। सभी पड़ोसी मुल्कों में अमरीकी एजेंट सत्ता में बैठ गए। यह अमरीका की आंख का तारा बने और अपनी ही चौखट को खोखला करने लगे। ऐसी हर अराज. कता के बाद अमरीकी पपेट ही बैठे हैं। जो कभी उनके राष्ट्रपति के गले मिलते हैं, कभी उनसे कुछ मांगते हैं। उनके ही हितों के फैसले लेते हैं।

भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉंग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।यही कारण है कि वह जनहित या देशहित के नही बल्कि एक व्यापारी और एक अमरीकी हित के ही उपासक हैं। उस समय यूपीए सरकार अगर सतर्कता न बरतती, तो यह लोग साजिश में गोलियां चलवाते मगर गांधी नेहरू की बुनियाद वाली पार्टी ने इस षड्यंत्र को समझ लिया। विदेशी साजिश को भांप लिया। उसके प्यादों को भी पहचान लिया। भोली जनता की भलाई के लिए,कोई ऐसा कदम नहीं उठाया, जिससे मासूम नौजवानों के खून बहे। सत्ता के किए लाश बिछाना स्वीकार नही किया। षड्यंत्र का शिकार तो हुए मगर अराजक नहीं हुए। आज उसी षड्यंत्रों के लाभार्थी सत्ता में हैं। वीके सिंह मंत्री बना, बेदी गवर्नर, रामदेव अरबपति और बाकी लाभार्थी अलग अलग सत्ता में बैठे। यह इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि अराजकता की सत्ता पाए लाभार्थी यह आरोप लगा रहे हैं कि सतर्क रहो, पड़ोस जैसा यहां भी हो सकता है। अरे भाई यहां तो यह पहले ही हो चुका है। राहुल और कॉंग्रेस तो इसकी पीड़ित है। याद कीजिए, यह लोग नारे लगाते थे कि राहुल और सोनिया विदेश भाग जाएंगे। यह भूल गए थे कि हम गांधी नेहरू के वारिस हैं। आज देश के सामने सच खुल चुका है। वह जान गई है कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन वास्तव में सत्ता परिवर्तन था। भारत में रिजीम चेंज करने का षडञ्त्र। कॉंग्रेस ने देश के लिए सत्ता तो गवा दी मगर अपने हाथों में युवाओं का खून नही लगने दिया। यह बात अब सारे देश की जनता

भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉंग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।

महसूस कर रही है। राहुल को बदनाम किया, मनमोहन को अस्थिर किया, शीला के घर पर हमले किए, क्या नही किया,जो आज पड़ोस में हो रहा है मगर वह लोकतांत्रिक मूल्यों की दूरंदेशी नेतृत्व था।

जिसने अराजकता को इतने मौके नहीं दिए, की भारत का सिस्टम ही ध्वस्त ही जाए। जब केंद्रीय मंत्री बातचीत करते थे,वह भी उन षड्यंत्रकारियों से, तो वह एक रास्ता था कि लो. कतंत्र बना रहे। मनमोहन ने सत्ता गवा दी मगर लो. कतंत्र अक्षुण्य रखा,जो हमारा कोई भी पड़ोसी देश नही कर सका। यही वजह है कि सोनिया जी, मनमोहन का सम्मान वापस हुआ। कॉंग्रेस पर भरोसा लौटा और राहुल से उम्मीद बंधी। सच उजागर हुआ, षड्यंत्रकारी पहचाने जा रहे हैं। वोट चोरी पकड़ी जा रही है। लोकतंत्र और संविधान का राज वापस लाने की कवायद जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वामी विवेकानंद का विश्व संदेश

**युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी जी ने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। उनका कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं।**



**योगेश कुमार गोयल**

युवाओं के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्तित्व के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी। स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमे. रिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिए ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन 'शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष तथा महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मानसून और हिन्द महासागर में जलवायु परिवर्तन



**पंकज चतुर्वेदी**



इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है । बांध लबा–लब हैं और जहां–तहां जल निधि अपनी सीमा तोड़ कर बस्ती–खेत की तरफ राह निकाल रहे हैं। भारत के मौसम विभाग ने आकलन किया है कि 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू–कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खा जा सकता है कि प्रकृति की नियति है, लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। यह समझना होगा कि भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है । हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी–कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हहिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आई ओ डी कहते हैं से है। आई ओ डी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार–चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आई ओ डी, अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आई ओ डी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आई ओ डी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर, हिंद महा. सागर, बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण, अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। इससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है और चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रापिकल मीट्रियोलाजी (आइआइटीएम) पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल आफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रापिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है । जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है। यह अपने तरीके का पहला शोध है जिसमें समुद्री गर्म हवाओं के चलने और बरसात के अंतर्संबंध को स्थापित किया है । बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। महा. सागरीय अम्लीकरण, महासागरीय प्रदूषण, महासागरीय तापमान में वृद्धि, मत्स्य पालन में गिरावट और सुपोषण, ये सभी महासागरों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन रहे हैं, जिसके कारण कई राष्ट्र अब प्राकृतिक या पर्यावरणीय आपदाओं के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। भारत के लोक–जीवन, अर्थ व्यवस्था, पर्व –त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिशियोक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। खेती–हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून को सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है – कारण भी है , तेजी से हो रहा शहरों की ओर पलायन व गांवों का शहरीकरण। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है जिससे जलवायु परिवर्तन के अंधड़ को कुछ रोक सकें। बारीकी में जाएंगे तो हमारे घर से निकलने वाले कूड़े और गंदे पानी से लेकर ऊर्जा के दुरूपयोग तक ऐसे बहुत से कारक हैं जिनका असर समुद्र के तापमान बढ़ने पर पड़ता है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, मानसून अब केवल भूगोल या मौसम विज्ञान नहीं हैं– इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज ,सेनिटेशन, कृषि , सहित बहुत कुछ जुड़ा है। बदलते हुए मौसम के तेवर के मद्देनजर मानसून–प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से ले कर इंजीनियरिंग पाठऽक्रमों में हो , जिसके तहत केवल मानसून से पानी ही नहीं, उससे जुड़ी फसलों, सड़कों, शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों, खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक में अपहृत इज़रायली-रूसी छात्रा रिहा: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि 2023 में शोध के दौरान इराक में अपहृत एक इज़रायली-रूसी शोधार्थी छात्रा को रिहा कर दिया गया है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि एलिजाबेथ त्सुर्कोव की रिहाई 'महीनों की टीम वर्क' के बाद हुई है और रिहाई के बाद उन्होंने छात्रा के परिवार से बात की थी। उन्होंने कहा कि हम तब तक पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ते रहेंगे जब तक कि हम अपने सभी बंधकों, जीवित और मृत, दोनों को वापस घर नहीं ले आते।

### लॉन्ग बीच बंदरगाह पर मालवाहक जहाज से लगभग 70 कंटेनर गिरे

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉन्ग बीच बंदरगाह पर एक मालवाहक जहाज के डॉक पर खड़े होने के दौरान लगभग 70 शिपिंग कंटेनर पानी में गिर गए हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बंदरगाह से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह 09:00 बजे के कुछ ही देर बाद टर्मिनल जी पर मालवाहक जहाज के लगभग 67 कंटेनर गिर गए। गिरे हुए कई कंटेनर जहाज के साथ खड़े एक छोटे क्लीन-एयर बार्ज से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। एक ऑनलाइन पोस्ट में उस क्षण का फुटेज कैद किया गया है।

### डॉ. आदर्श स्वाइका केन्या में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत-कुवैत संबंधों को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अनुभवी राजनयिक डॉ. आदर्श स्वाइका को केन्या में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी डॉ. स्वाइका अभी कुवैत में भारत के राजदूत हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह वियतनाम, श्रीलंका और बंगलादेश जैसे देशों में सेवा देने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### ट्रम्प, मोदी के बयानों से व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल के बयानों से दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के जल्द होने की उम्मीद जग गई है। ट्रम्प ने इसी माह भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों के महत्व और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी दोस्ती को लेकर सोशल मीडिया पर दो बार बयान दिए। मोदी ने भी दोनों बार उनका सोशल मीडिया पर रचनात्मक और उत्साह जनक जवाब दिया है। भारत के निर्यात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लागू किये जाने के से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है।

### नेपाली एयर होस्टेस ने किया खुलासा

# केपी ओली दुबई भाग गए

**काठमांडू।** नेपाल इस समय बड़े राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल से गुजर रहा है। सोशल मीडिया बैन और बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन अब हिंसक रूप ले चुका है। हालात इतने बिगड़े कि मंगलवार रात से ही पूरे देश की कमान नेपाली सेना ने अपने हाथ में ले ली है।


इस बीच बड़ी खबर ये आ रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस्तीफे के बाद देश छोड़कर दुबई भाग गए हैं। दरअसल, एक नेपाली एयर होस्टेस ने एयरपोर्ट से वीडियो शेयर करते हुए दावा किया है कि ओली काठमांडू से दुबई रवाना हो गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक कह रही हैं कि ओली ने सेना से देश छोड़ने में मदद मांगी थी। बताया जा रहा है कि वो मेडिकल ट्रीटमेंट का बहाना बनाकर दुबई गए हैं। और उनके लिए हिमालया एयरलाइंस का एक जेट भी स्टैंडबाय पर रखा गया था। इस बीच, ललितपुर के भैसेपाटी इलाके में हेलीकॉप्टर घूमते देखे जाने से इन अटकलों को और ज्यादा हवा मिल गई है। आंदोलन के दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों का आक्रोश इतना बढ़ गया था कि उन्होंने ओली के निजी घर के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट तक को आग के हवाले कर दिया था। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक की झड़पों और आगजनी में 22 लोगों की मौत हो चुकी है और 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। नेपाली सेना ने साफ कहा है कि कुछ उपद्रवी लोग आम नागरिकों और सरकारी संपत्तियों को निशाना बना रहे हैं। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही हैं। सेना ने अपील की है कि लोग इन गति. विधियों से दूर रहें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। सिर्फ ओली ही नहीं, बल्कि आंदोलनकारियों ने तीन और पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी निशाना बनाया। शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खनाल और पुष्पकमल दहल प्रचंड के घरों में आग लगा दी गई। पूर्व पीएम खनाल की पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार आग में गंभीर रूप से झुलस गईं और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वहीं, शेर बहादुर देउबा को प्रदर्शनकारियों ने घर में घुसकर पीटा और वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को सरेआम दौड़ा-दौड़ाकर मारा।



### नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों पर चीन ने तोड़ी चुप्पी

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बीजिंग को उम्मीद है कि नेपाल में जो सामाजिक समस्याएं चल रही हैं, उन्हें इस तरह से सुलझाया जाएगा जिससे देश में सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्रीय स्थिरता जल्द से जल्द लौट सके। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। उनका यह इस्तीफा देशभर में हुए प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों के बाद आया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा, चीन और नेपाल पारंपरिक रूप से मित्र पड़ोसी हैं। उन्होंने बीजिंग में एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि चीन ने नेपाल में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी है।

BOLLYWOOD UPDATE




कानपुर। अपनी आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' के प्रमोशन के दौरान बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला।

## रूसी मालवाहक अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एमएस-30 ने मिशन पूरा किया

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रोग्रेस एमएस-30 मालवाहक अंतरिक्ष यान ने अपना मिशन पूरा करते हुए पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर लिया है।

रूसी सरकारी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने यह जानकारी दी। रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा कि सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन बिल्डिंग के मिशन कंट्रोल सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, अंतरिक्ष यान के बिना जले हुए संरचनात्मक तत्व दक्षिण प्रशांत महासागर के एक गैर-नौवहन योग्य क्षेत्र में गिर गए हैं। प्रोग्रेस एमएस-30 मंगलवार को मॉस्को समयानुसार 18:45 पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूसी हिस्से के ज्वेज्दा मॉड्यूल से अलग हो गया। इसकी जगह प्रोग्रेस एमएस-32 मालवाहक जहाज लेगा, जिसे गुरुवार को बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से सोयुज-2-1ए रॉकेट के ज़रिए प्रक्षेपित किया जाएगा और शनिवार को आईएसएस से इसके जुड़ने की योजना है। प्रोग्रेस एमएस-30 को 28 फरवरी को प्रक्षेपित किया गया और यह दो मार्च को आईएसएस से जुड़ गया था। इसने 2.6 टन कार्गो पहुंचाया, जिसमें स्टेशन की प्रणालियों के लिए उपकरण और हार्डवेयर, वैज्ञानिक प्रयोग और बाहरी अंतरिक्ष में काम करने के लिए एक नया ओरलान-एमकेएस नंबर 6 स्पेससूट शामिल था।

## ऑस्ट्रेलिया ने की कतर पर इजरायल के हमले की निंदा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा में हमास के नेताओं पर इज़रायल के हवाई हमले की निंदा की है। ऑस्ट्रेलिया की विद. 'श मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार का मानना है कि यह हमला 'गलत कदम' था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) टेलीविजन को बताया कि हमास के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए इस हमले से युद्धविराम वार्ता को नुकसान पहुंचने का खतरा है। सुवोंग ने कहा कि कतर युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने वाले पक्षों में से एक रहा है। यह कतर की संप्रभुता का उल्लंघन है। इससे युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है और इसके बढ़ने का खतरा है।

#### हमले से युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है

इजरायल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सवाल पर सुवोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पास युद्ध रोकने की सीमित क्षमता है, लेकिन वह युद्धविराम के आह्वान का समर्थन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जाहिर है, हम केंद्रीय भूमिका में नहीं हैं, लेकिन हम दूसरों के साथ मिलकर गाज़ा में पीड़ा को समाप्त करने, युद्धविराम और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, कर सकते हैं। इससे पहले बुधवार को सहायक विदेश मामलों और व्यापार मंत्री मैट थिस्टलथवेट ने एबीसी रेडियो को बताया कि कतर के नेताओं द्वारा युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना 'उत्साहजनक' था।

# नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### बजट कटौती के विरोध में एक लाख लोग सड़क पर, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 200 उपद्रवी गिरफ्तार किए

#### पश्चिमी क्षेत्र में बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गई, मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को पीएम नियुक्त किया

**पेरिस।** नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर आगजनी कर ट्रैफिक को रोकने की कोशिश की, जिसे पुलिस और दमकलकर्मियों ने हटाया।

#### प्रदर्शन की चार वजह

**1 राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां:**

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

**2 बजट में कटौती:**

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

**3 2 साल में 5 पीएम:**

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।



**4 ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन**

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सब कुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा कि पश्चिमी शहर रेनेस में एक बस में आग लगा दी गई। एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने से दक्षिण-पश्चिम में एक लाइन पर ट्रेनें अवरुद्ध हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उन्हें विभाजित संसद में आम सहमति बनाने और 2026 का बजट पारित कराने का चुनौतीपूर्ण कार्य सौंपा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने अपना इस्तीफा दे दिया, जिसे मैक्रों ने स्वीकार कर लिया। बायरु को केवल नौ महीने के कार्यकाल के बाद ही पद से हटा दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार बायरु ने विश्वास मत से पहले सांसदों को चेतावनी दी कि उन्हें हटाने से देश की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपके पास सरकार गिराने की शक्ति है, लेकिन वास्तविकता को मिटाने की शक्ति नहीं है।

# इजरायल का कतर की राजधानी दोहा पर हमला

### हमास लीडर बाल-बाल बचे, 6 अन्य की मौत, पीएम नेतन्याहू ने हमले की जिम्मेदारी ली

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजरा. इली सेना ने ऐलान किया कि उसने हमास के सीनियर नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। ये हमला हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है।

जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। याह्या सिनवार की मौत के बाद खलील अल-हय्या ही संगठन चला रहा है। इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि यह हमला बेहद सटीक तरीके से उन हमास नेताओं पर किया गया, जो संगठन की गतिविधियों को लंबे समय से चला रहे थे। एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए एक इजरा. इली अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा में हुआ। सेना के मुताबिक ये हमास लीडर 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइली सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख इयाल जमीर ने हाल ही में कहा था कि विदेशों में मौजूद हमास नेताओं को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने 31 अगस्त को कहा था कि हमास का अधिकांश नेतृत्व विदेश में है, और हम उन तक भी पहुंचेंगे। कतर लंबे समय से हमास के निर्वासित नेताओं का ठिकाना रहा है और वह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है।



#### यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे

गाजा पर युद्धविराम और 7 अक्टूबर को हमास के बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर जो बातचीत चल रही थी, यह हमला उसे और जटिल बना सकता है। हमले के बाद कतर ने इजराइल की कड़ी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया और कहा कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ़ की।

# गाजा में हमलों पर इजरायल के खिलाफ उठा यूरोपीय संघ

**तेल अवीव।** गाजा पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर यूरोपीय संघ के इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है।

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने कहा कि वह गाजा में युद्ध को लेकर इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करने की योजना बना रही हैं। लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ अगले महीने एक फलस्तीनी दानदाता समूह का गठन करेगा। इसका एक हिस्सा गाजा के भविष्य के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होगा। गाजा की घटनाओं और बच्चों व परिवारों की पीड़ा ने दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित अकाल कभी भी युद्ध का हथियार नहीं हो सकता। बच्चों की खातिर, मानवता की खातिर इसे रोकना होगा। हालांकि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में इजरायल और फलस्तीनियों के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण है। वान डेर लेयेन की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब इजरायल की सेना ने गाजा के निवासियों को चेतावनी दी थी कि वे उस जगह को खाली कर दें, जहां इजरायल हमास का सफाया कर रहा है। साथ ही लाखों लोग अकाल की स्थिति में हैं। वहीं मंगलवार को कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले इजरायल ने हमला किया था।



#### संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और व्यापार बंद करने की मांग

# रूसी मिसाइल में भरे थे विदेशी कलपुर्जे

**कीव।** यूक्रेन में मध्य कीव स्थित एक सरकारी इमारत पर रविवार को गिरी रूसी क्रूज मिसाइल में कई विदेशी कलपुर्जे भरे हुए थे जिनमें अमेरिका में बने चिप्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रतिबंध नीति आयुक्त व्लादिस्लाव व्लासियुक ने कहा है कि इमारत पर गिरी इस्कंदर 9एम727 मिसाइल में विस्फोट नहीं हुआ, बल्कि संभवत: यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा क्षतिग्रस्त होने के कारण ऐसा हुआ। उन्होंने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की जो पहले भी इसी तरह की मिसाइलों में पाए गए हैं। इस सूची में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, एनालॉग डिवाइसेस, अल्टेरा और अन्य अमेरिकी कंपनियों द्वारा निर्मित 35 कलपुर्जे, साथ ही जापानी, ब्रिटिश और स्विस कंपनियों द्वारा निर्मित कलपुर्जे शामिल हैं। व्लासियुक द्वारा प्रकाशित सूची में शामिल चार देशों सहित कई पश्चिमी देशों ने रूस द्वारा इन पुर्जों के इस्तेमाल को रोकने के लिए इन पर कड़े प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण लगाए हैं। जर्मन कंपनी इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज, सूचीबद्ध निर्माताओं में से एक अमे. रिकी-आधारित साइप्रस सेमीकंडक्टर ने सीएनएन को बताया कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए 'व्यापक उपाय' किए हैं कि उसके उत्पाद रूस में न पहुंचें। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि इंफिनियन टेक्नोलॉजीज ने रूस को सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शिपमेंट रोक दिए हैं और अपने ग्राहकों के बीच अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उसके पास उपकरण मौजूद हैं।

#### व्लासियुक ने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की

# एआई से दुनिया की जीडीपी में 15.7 लाख करोड़ डॉलर जुड़ने की संभावना: फिक्की

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका योगदान 15.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

उद्योग महासंघ फिक्की के एक कार्यक्रम में बुधवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'वैश्विक एआई होड़' पर फिक्की.बीसीजी द्वारा जारी श्वेतपत्र में एआई अपनाने के मामले में देशों के बीच बढ़ते अंतर को उजागर किया गया है और एआई को समावेशी बनाने के लिए कदम उठाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 66 प्रतिशत से अधिक विक. सित अर्थव्यवस्थाओं के पास पहले से ही राष्ट्रीय एआई रणनीतियां हैं, जबकि विक. ासशील अर्थव्यवस्थाओं में यह संख्या केवल 30 प्रतिशत और सबसे कम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 12 प्रतिशत है। इस असंतुलन के कारण कई देशों के आयातित समाधानों पर निर्भर होने का खतरा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका और चीन ने एआई में बढ़त हासिल की है और दुनिया के अधिकांश एआई पेश. 'वर इन्हीं देशों में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंप्यूटिंग तक पहुंच महंगी है, प्रतिभा और वित्तपोषण सीमित हैं। हर तीन में से एक एआई विशेषज्ञ अमेरिका में है। इसमें बताया गया है कि वित्तीय सेवाएं और खुदरा जैसे कुछ क्षेत्र डेटा समृद्ध वातावरण के कारण तेजी से एआई एकीकरण में अग्रणी हैं। वहीं, कृषि और सार्वजनिक सेवाएं जैसे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र निवेश पर रिटर्न (आरओआई) में अस्पष्टता के कारण खंडित बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण की चुनौतियों के कारण पिछड़ रहे हैं।

